जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

जागरूक टाइम्स
मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित
www.jagruktimes.co.in
▶ वर्ष 21 ▶ अंक-216 ▶ मुंबई, मंगलवार, 4 मार्च 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4




14 बरस का हिसाब चुकता करने उतरेगी टीम इंडिया ...पेज 11







NICE™ INSURANCE LANDMARK
इंश्योरंस के सभी पॉलिसी एक ही जगह सिर्फ एक बार "नाईस" से पॉलिसी लिजिए 100% क्लेम सर्विस की गारंटी पाईये !
★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
★ लाईफ इंश्योरंस
★ म्युचल फंड
40 साल का भरोसा
300 से अधिक एवार्ड विजेता
गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A
30000 संतुष्ट ग्राहक भारत और विदेश में
11000 से अधिक क्लेम का समाधान
9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com

# विकसित बनने अग्रसर महाराष्ट्र

## राज्यपाल के अभिभाषण से बजट सत्र की शुरुआत

**मुंबई।** किसानों, महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के साथ-साथ स्वास्थ्य, रोजगार, उद्योग और बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को सरकार प्राथमिकता दे रही है। राज्य सरकार सभी समाजिक वर्गों को साथ लेकर समावेशी, प्रगतिशील, उन्नत और विकसित महाराष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य कर रही है। यह बात राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने राज्य विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान अपने अभिभाषण में कही। राज्यपाल ने कहा विकास के सभी क्षेत्रों में सतत रूप से प्रगति करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश विकसित प्रदेश बनने की राह पर बड़ी तेजी से अग्रसर है।



### विदेशी निवेशकों की पहली पसंद महाराष्ट्र

राज्यपाल ने बजट सत्र के पहले दिन राज्य विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जनवरी में स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच के दौरान 63 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ लगभग 15.72 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं और इन निवेशों से 15 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। राधाकृष्णन ने कहा कि राज्य सरकार महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद को सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने उच्चतम न्यायालय में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए विशेषज्ञ अधिवक्ताओं की नियुक्ति की है।

### देश की जीडीपी में राज्य का 14 प्रतिशत योगदान

▪ राज्यपाल ने कहा कि महाराष्ट्र एफडीआई के लिए पसंदीदा स्थान है और देश के सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान 14 प्रतिशत से अधिक है। राज्य सरकार निवेश आकर्षित करने, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए महाराष्ट्र में उद्योगों को लगभग 5,000 करोड़ रुपये की निवेश प्रोत्साहन सब्सिडी वितरित करने की योजना बना रही है। सरकार ने औद्योगीकरण को प्रोत्साहन देने के लिए 3,500 एकड़ भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया है।

## 6,486 करोड़ रु. की अनुपूरक मांग पेश

वित्त मंत्री अजित पवार ने बजट सत्र के पहले दिन विधानसभा में वर्ष 2024-25 के लिए 6,486.20 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांग पेश की हैं। विधानसभा में इन मांगों पर विस्तृत चर्चा करने बाद इसे मंजूरी दी जाएगी। बजट में पेश मांगों में 6,486.20 करोड़ रुपये में से 932.54 करोड़ रुपये की मांगें अनिवार्य के तहत, 3,420.41 करोड़ रुपये की मांगें कार्यक्रमों के तहत तथा 2,133.25 करोड़ रुपये की राशि केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रमों के तहत वित्तीय सहायता की उपलब्धता के अनुरूप की गई हैं। इन मांगों में सार्वजनिक उपयोगिता और राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास को मजबूत करने के लिए विकास कार्यों को लगने वाले फंड का प्रावधान किया गया है। अनुपूरक मांगों में ग्रामीण विकास विभाग के लिए 3,006.28 करोड़ रुपये, उद्योग, बिजली तथा श्रम विभागों के लिए 1,688.74 रुपये और शहरी विकास विभाग के लिए 590.28 करोड़ रुपये शामिल हैं। सरकार ने सहकारिता, विपणन तथा कपड़ा विभाग के लिए 313.93 करोड़ रुपये और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए 412.36 करोड़ रुपये मांगे हैं।



## बिहार विस में बजट पेश

# महिलाओं के लिए कई बड़े ऐलान



**पटना।** बिहार में नीतीश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विधानसभा में बजट पेश किया है। बिहार के लिए इस साल तीन लाख 17 हजार करोड़ का बजट पेश किया गया है। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह बजट बिहार के गरीब, नौजवान, महिला, किसान, वृद्ध सभी की आकांक्षाओं का बजट है। बजट में महिलाओं के लिए बड़ी घोषणाएं की गई हैं। महिला सिपाहियों के लिए आवासीय सुविधा और गरीब कन्याओं के लिए विवाह मंडप, बिहार में विकास और सम्मान की नई इबारत लिखी जा रही है।

### पीएम-सीएम का जताया आभार

सम्राट चौधरी ने बजट भाषण के दौरान कहा कि बिहार का बजट इस बार बढ़ा है। सम्राट चौधरी ने बिहार के निरंतर विकास के लिए सीएम नीतीश कुमार और पीएम मोदी का आभार जताया। सम्राट ने कहा कि पीएम मोदी ने बिहार को प्राथमिकता दी है।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान

बिहार में हेल्थ सेक्टर के लिए बड़ी घोषणाएं की गई हैं, जैसे कि राज्य सरकार जल्द ही बिहार फार्मास्युटिकल प्रमोशन पॉलिसी 2025 लागू करेगी। इससे मेडिकल क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा का ऐतिहासिक दिन

# वित्त मंत्री ने पेश किया 'हस्तलिखित' बजट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहली बार वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 'हस्तलिखित' बजट पेश किया। हाथों का लिखा बजट देखने के लिए वहां मौजूद सभी लोगों में एक कौतूहल देखने को मिला। बजट पेश होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष का स्वर्णिम बजट प्रस्तुत होने जा रहा है। यह हस्तलिखित बजट करीब 100 पृष्ठों का है। अटल निर्माण वर्ष का यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ की परिसंकल्पना को साकार करने वाला, प्रदेश की प्रगति का बजट होगा। पिछले 13 महीने में हमारी सरकार के प्रति प्रदेश की जनता में विश्वास की बहाली हुई है। जनता के आशीर्वाद से उनके भरोसे को कायम रखते हुए हम छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाएंगे।



### लिखावट की गरिमा को स्थापित करने की पहल

यह पहला मौका है जब राज्य में कंप्यूटर से टाइप बजट की जगह खुद वित्त मंत्री के हाथों से लिखा गया बजट सदन में प्रस्तुत किया। बजट 100 पन्ने का है, जिसे पूरी तरह हाथ से लिखा गया है। यह लिखावट की गरिमा को स्थापित करने की पहल है। डिजिटल युग में हस्तलिखित बजट पेश करना एक अलग पहचान और ऐतिहासिक महत्व रखता है।

## विधान परिषद की पांच सीटें खाली

# महाराष्ट्र में 27 को विप चुनाव

**मुंबई।** केंद्रीय चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। यह चुनाव 27 मार्च को होगा। विधान परिषद से पांच विधायक विधानसभा चुनाव जीत गए इसलिए उनकी सीटें खाली हो गई हैं। इन विधायकों में आमश्या पडवी, प्रवीण दटके, राजेश विटेकर, रमेश कराड और गोपीचंद पडलकर का नाम शामिल है। आयोग 10 मार्च को अधिसूचना जारी करेगा। 17 मार्च तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे। अगले दिन आवेदनों की जांच की जाएगी। 20 मार्च तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। वोटिंग और काउंटिंग 27 मार्च को होगी। वोटिंग का समय सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक है। वोटों की गिनती शाम पांच बजे शुरू होगी। इस बीच आमश्या पडवी का कार्यकाल सात जुलाई 2028 को समाप्त हो रहा था। वह एकनाथ शिंदे की शिवसेना से विधायक हैं। शिवसेना में विभाजन से पहले उन्होंने विधान परिषद चुनाव जीता था।



# अयोध्या : राम मंदिर को उड़ाने की साजिश

▪ दो हैंड ग्रेनेड के साथ आतंकी गिरफ्तार

▪ एटीएस-एसटीएफ की पूछताछ ▪ में आतंकी का खुलासा

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर को उड़ाने की साजिश चल रही थी। यह खुलासा गुजरात व हरियाणा एटीएस की टीम के गिरफ्त में एक संदिग्ध आतंकी ने खुलासा किया है। जिसके बाद यूपी समेत गुजरात व हरियाणा में भी हड़कंप की स्थिति मच गई है। संदिग्ध को गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ ने फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। उसने एटीएस को पूछताछ में बताया कि उसके टारगेट पर आयोध्या का राम मंदिर था। इतना ही नहीं, एटीएस ने पकड़े गए शख्स के पास से दो हैंड ग्रेनेड भी बरामद किए हैं। संदिग्ध को गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ ने फरीदाबाद से एक जॉइंट ऑपरेशन में पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी का नाम अब्दुल रहमान है।



### गुजरात पुलिस को मिला था इनपुट

गुजरात एटीएस को इनपुट मिला था कि एक संदिग्ध व्यक्ति बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं और इस समय फरीदाबाद में है। इसके बाद गुजरात एटीएस हरियाणा के फरीदाबाद के लिए रवाना हुई, यहां उसने फरीदाबाद एसटीएफ की मदद ली, इसके बाद गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया और संदिग्ध को रविवार के दिन गिरफ्तार किया।

न्यूज BRIEF

### मायावती ने भतीजे को पार्टी से निकाला

**लखनऊ।** मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पदों से हटाने के बाद अब पार्टी से भी बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इस एक्शन को लेकर बसपा मुखिया का कहना है कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के आंदोलन के हित में और कांशीराम की अनुशासन परंपरा का पालन करते हुए आकाश आनंद को पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

### केजरीवाल के खिलाफ एक और जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सत्ता से बाहर हो चुकी अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ एक और जांच का आगाज हो गया है। दिल्ली विधानसभा में सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे पर पेश सीएजी रिपोर्ट को अब जांच के लिए पीएसी को भेज दिया गया है। तीन महीने में इसकी रिपोर्ट आएगी। विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को सीएजी रिपोर्ट पर बहस के बाद यह आदेश दिया।

### रेखा गुप्ता ने मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि आने वाला दिल्ली का बजट जनता का बजट होगा, जिसमें आकांक्षाओं की पूर्ति के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए समाज के सभी वर्गों के सुझावों को शामिल करेगी। श्रीमती गुप्ता ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि दिल्ली बजट पर कोई भी व्यक्ति अपना सुझाव दे सकता है। इसके लिए एक ईमेल और एक व्हाट्सऐप नंबर 9999962025 जारी किया है।

# पीएम मोदी के कार्यकाल में बने सातों रेल उपक्रम 'नवरत्न'

**नई दिल्ली।** शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध भारतीय रेलवे के सभी सात केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम 'नवरत्न' बन गए हैं। रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि सोमवार को भारतीय रेलवे के सूचीबद्ध उपक्रमों में बाकी दो उपक्रमों -भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) और भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को भी नवरत्न का दर्जा प्रदान किया गया। पांच सूचीबद्ध केन्द्रीय उपक्रम पहले ही नवरत्न की श्रेणी में शामिल हो चुके हैं। इस प्रकार से सभी सात सूचीबद्ध केन्द्रीय उपक्रम नवरत्न बन गये हैं। यह महत्वपूर्ण बात है कि रेलवे के सभी केन्द्रीय उपक्रमों को नवरत्न का दर्जा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में मिला है और छह उपक्रमों को यह दर्जा मौजूदा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यकाल में मिला है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे के 12 उपक्रम हैं और उनमें से 7 उपक्रम शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध हैं। सभी रेलवे उपक्रम लाभ कमाने वाले उपक्रम हैं। इनका संचयी लाभ वित्त वर्ष 2020-21 में 7015 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 11 हजार 780 करोड़ रुपये हो गया है।



## ट्रेन से कटकर युवक ने किया आत्महत्या

**गुना।** यहा एक एक युवक ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। इससे पहले उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें वह कह रहा है कि पत्नी और मां के आपस में झगड़ने के कारण मैं सुसाइड कर रहा हूं। उसने यह कहा कि शादी करो, लेकिन पहले ही मां और होने वाली पत्नी को जरूर मिलवाएं। घटना रविवार दोपहर की है। नरेंद्र रजक (27) श्रीराम कॉलोनी में रहता था। उसने बलवंत नगर में ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

▪ पत्नी व मां की लड़ाई से था परेशान

# दृष्टिहीन लोग भी बन सकते हैं जज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों को न्यायिक सेवाओं में रोजगार के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने 3 दिसंबर को छह याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिनमें कुछ राज्यों में न्यायिक सेवाओं में ऐसे उम्मीदवारों को कोटा न दिए जाने का मामला भी शामिल था। फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति महादेवन ने कहा कि न्यायिक सेवा में भर्ती के दौरान विकलांग व्यक्तियों को भेदभाव का सामना नहीं करना चाहिए तथा राज्य को समावेशी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए उनके लिए सकारात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। न्यायाधीश ने कहा, "कोई भी अप्रत्यक्ष भेदभाव जिसके परिणामस्वरूप विकलांग व्यक्तियों को बाहर रखा जाता है, चाहे वह कटऑफ के माध्यम से हो या प्रक्रियात्मक बाधाओं के कारण, मौलिक समानता को बनाए रखने के लिए उसमें हस्तक्षेप किया जाना चाहिए।" फैसले में कहा गया कि किसी भी अभ्यर्थी को केवल उसकी विकलांगता के कारण विचार से वंचित नहीं किया जा सकता।



### मध्य प्रदेश सेवा परीक्षा के कुछ नियम रद्द

शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश सेवा परीक्षा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम 1994 के कुछ नियमों को भी रद्द कर दिया, जिसके तहत दृष्टिबाधित और अल्प दृष्टि वाले उम्मीदवारों को न्यायिक सेवा में प्रवेश से रोका गया था। ये दलीलें मध्य प्रदेश नियमों के नियम 6ए और 7 की वैधता से संबंधित थीं। निर्णय में कहा गया है कि पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार निर्णय के आलोक में न्यायिक सेवा चयन के लिए विचार किए जाने के हकदार हैं, यदि वे अन्यथा पात्र हैं तो उन्हें रिक्त पदों पर नियुक्त किया जा सकता है। 7 नवंबर को पीठ ने देश भर में न्यायिक सेवाओं में बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कई निर्देश जारी किए थे।

## हांगकांग के वैज्ञानिकों का दावा

# कार-टी इंजेक्शन लगवाएं, कैंसर भगाएं

**हांगकांग।** हांगकांग ने कैंसर बीमारी को खत्म करने वाली कार-टी इंजेक्शन को लेकर बड़ा दावा किया है। यह इंजेक्शन सिर्फ लीवर या फेफड़ों से संबंधित कैंसर में ही अब तक कारगर साबित हुआ है। हांगकांग में वैक्सीन की कीमत सिर्फ तीन करोड़ रुपए है। यानी अन्य देशों में इस इंजेक्शन की कीमत में और ज्यादा की बढ़ोतरी हो सकती है। इंजेक्शन को लगाने के बाद सात दिन तक मरीज को आईसीयू में रखना होता है। वहीं साइड इफेक्ट का इलाज अलग से किया जाता है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक अक्टूबर-2024 में चाइनीज यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग में पांच मरीजों को यह इंजेक्शन दिया गया। उनमें से एक की उम्र 73 साल, दूसरे की 71 साल, तीसरे की 67 साल, चौथे की 15 साल और पांचवें की पांच साल है।




## ▶▶ दारुल उलूम देवबंद का फरमान

# स्मार्टफोन रखना 'हराम'

**नई दिल्ली।** इस्लामी शिक्षा के केंद्र देवबंद के दारुल उलूम को ऐसे छात्र नहीं चाहिए, जो स्मार्टफोन रखते हैं। इसके लिए बाकायदा इस्लामी छात्रों के वास्ते एक गाइडलाइंस जारी की गई है। उसमें साफ-साफ लिखा है कि दारूम उलूम के शागिर्द स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं कर सकते। किसी भी शागिर्द के पास स्मार्टफोन मिलता है तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। सवाल ये है कि क्या इस्लामी शिक्षा के नाम पर क्या यहां छात्रों को स्मार्ट नहीं बल्कि कट्टर बनाया जा रहा है?



## इस्तेमाल करते दिखे तो कर लेंगे जब्त

### फरमान पर मिली जुली प्रतिक्रिया

वहीं स्मार्टफोन पर पाबंदी लगाकर दारुल उलूम कस उद्देश्य इस्लामिक शिक्षा के नाम पर बच्चों को स्मार्टफोन से दूर करना है। इस बात की गारंटी कतई नहीं है कि कोई भी बच्चा पढ़ाई में तरक्की हासिल करेगा। ऐसे में पाबंदियों के जरिए पढ़ाई की दलील गले नहीं उतर रही है। देवबंद के दारुल उलूम में देशभर के मुस्लिम छात्र। इस्लामिक तालीम हासिल करने आते हैं। ऐसे में क्या ऐसी बंदिशें उन्हें कबूल है। इस पर उनकी मिली-जुली राय है। कई मुस्लिम धर्मगुरु स्मार्टफोन बैन के फरमान से इत्तेफाक रखते हैं। वहीं कुछ को लगता है कि ऐसी गाइडलाइंस गैरजरूरी है। दारुल उलूम का विवादों से पुराना नाता रहा है। चाहे गजवा-ए-हिंद की बात हो या फिर हलाला। उसके कई ऐसे फतवे हैं जो विवादित रहे हैं।

### इस्लामी तालिम चाहिए तो मोबाइल न रखें

▪ देवबंदी उलेमा मौलाना क़ारी इसहाक़ गोरा का कहना है कि इस फरमान का साफ-साफ मतलब है कि जो भी देवबंद के दारुल उलूम में पढ़ना चाहता है वो स्मार्टफोन को भूल जाए। अगर यहां इस्लामी तालीम हासिल करनी है तो स्मार्टफोन नहीं चलेगा। दारूल उलूम मैनेजमेंट ने छात्रों को साफ-साफ समझा दिया है कि अगर यहां दाखिला चाहिए तो स्मार्टफोन मत रखो।

### विद्यार्थियों का ध्यान भटका रहा मोबाइल

स्मार्टफोन पर पाबंदी के पीछे दलील दी जा रही है कि छात्र मोबाइल देखने में ऐसे मशगूल हो जाते हैं कि उनका पढ़ाई पर ध्यान नहीं रहता है। इसलिए स्मार्टफोन इस्तेमाल पर पाबंदी को सही ठहरा रहे हैं। लेकिन सवाल ये है कि आज जहां बच्चे कंप्यूटर, इंटरनेट और मोबाइल ऐप के जरिए पढ़ाई करके देश-दुनिया में अपना मुकाम बना रहे हैं।

## इंफोसिस, एलएंडटी के बाद गूगल की नसीहत

# 60 घंटे काम करें, रोज ऑफिस आएं

**कैलिफोर्निया।** एजीआई के कंपटीशन में गूगल किसी से पीछे नहीं रहना चाहता। इस टेंशन में कंपनी के को-फाउंडर सर्गी ब्रिन ने अपने कर्मचारियों को हफ्ते में 60 घंटे काम करने, डेली ऑफिस आने की नसीहत दी है। ब्रिन ने एक इंटरनल मेमो में कहा कि गूगल एआई की रेस में जीत हासिल कर सकता है। लेकिन इसके लिए कर्मचारियों को पहले से ज्यादा काम और मेहनत करनी होगी। इंफोसिस के को फाउंडर नारायण मूर्ति ने 40 सालों तक हर हफ्ते 70 घंटे से ज्यादा काम किया। नारायण मूर्ति के बयान के बाद, एलएंडटी के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन ने 90 घंटे काम करने की बात कही। इस मुद्दे पर सोशल मीडिया पर काफी बहस भी हुई। अब गूगल ने अपने कर्मचारियों को 60 घंटे काम करने की सलाह दी है। ब्रिन के इस फैसले से एक बात तो साफ होती है कि टेक कंपनियां हाइब्रिड वर्क पॉलिसी से पीछे हट रही हैं। ये अपने कर्मचारियों को फुल-टाइम ऑफिस लाने की कोशिश में लगी हैं। इससे पहले कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों के वर्किंग आवर्स बढ़ाने की पॉलिसी अपनाई है। 2022 में चैटजीपीटी के लॉन्च के बाद से ही एआई की लड़ाई काफी आगे पहुंच गई है। माइक्रोसॉफ्ट, ओपनएआई और मेटा जैसी कंपनियां भी एजीआई की रेस में अपना दांव खेल रही हैं।



सिद्धार्थ हतियाम्बिरे ने सरकार को चेताया

# न्याय मिलने तक हम चैन से नहीं बैठेंगे



- सोमनाथ सूर्यवंशी और विजय वाकोड़े को मिले न्याय
- सीएम के आश्वासन के बाद विरोध प्रदर्शन लिया वापस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** शहीद सोमनाथ सूर्यवंशी और जननेता विजय वाकोडे को न्याय दिलाने के लिए तीन मार्च को मुंबई में अंबेडकरवादी संगठन, सर्वदलीय संविधान प्रेमी नागरिकों द्वारा आयोजित राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन में महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में भीमसैनिक शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्रालय को घेरने के लिए निकले हजारों भीमसैनिकों को पुलिस ने रोक दिया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच काफी देर तक संघर्ष हुआ। अंत में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रदर्शनकारियों को बुलाया और उन्हें आश्वासन दिया कि उस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करके उनकी मांगें मान ली जाएंगी। मुख्यमंत्री आश्वासन के बाद विरोध प्रदर्शन वापस ले लिया गया।

### आजाद मैदान पहुंचे हजारों प्रदर्शनकारी

सुबह से ही बड़ी संख्या में भीम सैनिक नीले झंडे, पंचशील झंडे और हाथों में प्रदर्शन कार्ड लेकर "डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जिंदाबाद" के नारे लगाते हुए मुंबई के आजाद मैदान में प्रवेश कर गए। इस अवसर पर इस आंदोलन के समन्वयक डॉ. सिद्धार्थ हत्तियाम्बिरे सहित भिक्खु संघ भी मंच पर उपस्थित थे। इस आंदोलन में विशेष रूप से मुंबई कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सांसद वर्षा गायकवाड़, पूर्व विपक्ष नेता व कांग्रेस गुट नेता विजय वडट्टीवार, परभणी विधानसभा के विधायक डॉ. राहुल पाटील, विधायक सिद्धार्थ खरात मेहकर, पीआरपी के राज्य सचिव गौतम मुंडे सहित विभिन्न पार्टी संगठनों के अन्य प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए थे और उन्होंने प्रदर्शनकारियों से कहा कि वे इस मामले को लेकर सरकार से जवाब मांगेंगे।

### जिम्मेदार पुलिस अधिकारी बर्खास्त हो

प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने जोरदार मांग की कि आंदोलनकारी छात्र सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए और उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि सूर्यवंशी और वाकोड़े परिवारों को 1 करोड़ रुपये देकर उनका पुनर्वास किया जाए और इस आंदोलन के दौरान कॉम्बिग ऑपरेशन द्वारा पकडे गए निर्दोष भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाएं।

### मंत्रालय घेरने निकले भीम आर्मी को पुलिस ने रोका

दोपहर 3 बजे, गणमान्य व्यक्तियों के भाषण के बाद, भीम आर्मी के हजारों सैनिकों ने मंत्रालय को घेरने के लिए मार्च निकाला, लेकिन पुलिस ने मार्च को आजाद मैदान के मुख्य द्वार पर रोक दिया। इस समय, पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच काफी देर तक संघर्ष हुआ, "सोमनाथ सूर्यवंशी को न्याय मिलना चाहिए और पुलिस के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए", "सरकार का धिक्कार हो" जैसे नारे भी प्रदर्शनकारियों द्वारा लगाए जा रहे थे।

## सूर्यवंशी परिवार को मिले एक करोड़ का मुआवजा: वर्षा गायकवाड़

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** कांग्रेस की सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि सरकार सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत एक हत्या है और इसमें शामिल पुलिसकर्मियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। इस पूरे मामले की जांच हाईकोर्ट के न्यायाधीश से कराई जानी चाहिए और सरकार को सूर्यवंशी के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देनी चाहिए। इस केस को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए, ऐसी मांगें प्रमुख हैं।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दो जख्मी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वसई।** वसई के नायगांव फ्लाईओवर से तेज रफ्तार दोपहिया वाहन नीचे गिर गया। हादसा रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे हुआ। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतक की पहचान तुषार जोगले (30) के रूप में हुई है। इस पुल से गिरने की यह दूसरी घटना है। नायगांव फ्लाईओवर नायगांव के पूर्व और पश्चिम को जोड़ता है। इस फ्लाईओवर पर हर दिन बड़ी संख्या में वाहन आते-जाते हैं।रविवार शाम को, जब तुषार और उसके दो साथी दोपहिया वाहन (एमएच 48 सीडब्ल्यू 8258) पर नायगांव से उमेलाफाटा की ओर तेजी से जा रहे थे, तो उन्होंने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और दोपहिया वाहन पुल से नीचे गिर गया। तुषार जोगले (30) की मौके पर ही मौत हो गई। सुजल मालपेकर (19) और सचिन सुतार (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों चंद्रपाड़ा, नायगांव पूर्व में रहते हैं।तीनों नायगांव पूर्व के चंद्रपाड़ा में रहते हैं। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मानिकपुर थाने में दुर्घटना का मामला दर्ज किया गया है।नायगांव फ्लाईओवर से गिरने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले नायगांव पश्चिम के वडावली इलाके में रहने वाले अतुल दुबाला (20) बाइक चलाते समय दुर्घटना का शिकार हो गए थे। उनकी बाइक एक चट्टान से टकरा गई और वह पुल से नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई।

## पु.ल. देशपांडे महाराष्ट्र के 'हैप्पीनेस इंडेक्स' का प्रतीक : फडणवीस



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

- महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने में दिया महत्वपूर्ण योगदान

**मुंबई।** पु. ल. देशपांडे का कार्य महाराष्ट्र के 'हैप्पीनेस इंडेक्स' का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी हास्यबुद्धि, भाषा शैली और साहित्य से मिलने वाला आनंद बिल्कुल शुद्ध था। मराठी कला और संस्कृति के क्षेत्र में कलाकारों और कला प्रेमियों का योगदान उल्लेखनीय रहा है। संगीत क्षेत्र में लता मंगेशकर, भीमसेन जोशी, आशा भोसले, रंगमंच और सिनेमा में डॉ. श्रीराम लागू, निळू फुले, साहित्य में वि. स. खांडेकर, पु. ल. देशपांडे, और संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन व लोककला में अण्णाभाऊ साठे ने पोवाड़ा गायन के माध्यम से अमूल्य योगदान दिया है। किसी भी समाज की संस्कृति और सभ्यता का आकलन वहाँ विकसित साहित्य, कला और भाषा के आधार पर किया जाता है, ऐसा प्रतिपादन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस अवसर पर किया।

सांस्कृतिक कार्य विभाग के अंतर्गत आने वाली पु. ल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी के नवीनीकृत संकुल का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, सांस्कृतिक कार्य मंत्री एडवोकेट आशिष शेलार, लोक निर्माण मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले, विधायक कालिदास कोलंबकर और भाई गिरकर, अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, और अकादमी की निदेशक मीनल जोगलेकर सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री श्री. फडणवीसने चित्र प्रदर्शनी का दौरा किया, मिनी थिएटर का उद्घाटन क्लिप चलाकर किया, और पु. ल. कला अकादमी में घंटानाद करके औपचारिक उद्घाटन किया।

## पश्चिम रेलवे : चर्चगेट में एसआरयूसीसी की बैठक आयोजित




पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक एवं एसआरयूसीसी के अध्यक्ष प्रकाश बुटानी बैठक में एसआरयूसीसी सदस्यों से बातचीत करते।

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे की उपनगरीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (एसआरयूसीसी) की बैठक हाल ही में मुख्यालय भवन, चर्चगेट, मुंबई में आयोजित की गई, जिसमें उपनगरीय रेलवे समय-सारिणी के साथ-साथ यात्री सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा की गई।

पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग के अनुसार पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक एवं एसआरयूसीसी के अध्यक्ष प्रकाश बुटानी ने बैठक की कार्यवाही की अध्यक्षता की। इस बैठक में एसआरयूसीसी के प्रमुख सदस्यों, पश्चिम रेलवे के विभिन्न विभागों के प्रमुख, मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी भी उपस्थित थे।

बैठक में जिन प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई उनमें अतिरिक्त लोकल ट्रेन सेवाएं, फुट ओवर ब्रिज के निर्माण में तेजी लाना और विभिन्न उपनगरीय स्टेशनों पर एस्केलेटर लगाना शामिल था। इस बैठक में सार्थक और रचनात्मक चर्चा हुई, जिसमें यात्रियों की अपेक्षाओं को पूरा करने में प्राप्त उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। पश्चिम रेलवे कुशल और सुविधाजनक उपनगरीय सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और एसआरयूसीसी सदस्यों के बहुमूल्य सुझाव इन सेवाओं को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## आज परिवर्तित मार्ग से चलेगी साबरमती एक्सप्रेस

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद मण्डल के महेसाणा–पालनपुर रेलखंड पर उंझा और कामली स्टेशनों के बीच स्थित ब्रिज नं 926 के पुनर्निर्माण हेतु इंजीनियरिंग कार्य के चलते साबरमती-योगनगरी ऋषिकेश-साबरमती एक्सप्रेस और दौलतपुर चौक-साबरमती एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी तथा उंझा और सिद्धपुर स्टेशनों पर नहीं जाएगी। चार मार्च को साबरमती से चलने वाली ट्रेन संख्या 19031 साबरमती-योगनगरी ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग महेसाणा-उंझा-सिद्धपुर-पालनपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया महेसाणा-पाटन-भीलड़ी-पालनपुर के रास्ते चलेगी तथा उंझा और सिद्धपुर स्टेशनों पर नहीं जाएगी।

## 13 तक बंद रहेगा विंजोल रेलवे फाटक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद-गेरतपुर सेक्शन में स्थित रेलवे क्रॉसिंग नं. 305 (कि.मी.486/30-32) विंजोल रेलवे क्रॉसिंग डीप स्क्रीनिंग एवं ट्रेक मेंटेनेंस कार्य के लिए चार मार्च को प्रातः 08:00 बजे से 13 मार्च को सायः 20:00 बजे तक बंद रहेगा। सड़क उपयोगकर्ता इस अवधि के दौरान केडिला ब्रिज और जीआईडीसी रोड ऑवर ब्रिज (आरओगी) (वटवा स्टेशन की उत्तरी ओर) से यात्रा कर सकते है।


### भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी

बांधकाम विभाग – प्रभाग समिती क्रं. 1

ई निविदा सुचना क्रमांक 159 सन 2024/25

(नागरी स्थानिक स्वाराज्य संस्थाच्या परिक्षेत्रात अधिसुचित विशिष्ठ नागरी सेवा व सुविधेची कामे करणे 2024–25)

भिवंडी निजामपुर शहर महानगपालिकेच्या बांधकाम विभागामार्फत खालिल नमुद कामांचे निविदा फॉर्म दि. 12/07/2024 ते दिनांक. 04 / 03 / 2025 ते दि. :– 18/03/2025 पर्यंत विक्रीस उपलब्ध आहे.

| अ. क्र. | कामाचे नांव | अंदाजपत्रकीय रक्कम | निविदापत्राची किंमत (रु.) |
|---|---|---|---|
| 1 | भिवंडी पूर्व मतदार संघातील प्रभाग समिती क्रं. 1 पटेल नगर बदर मस्जिद ते आग्रा रोड पर्यंत आर.सी.सी. रस्ता तयार कणे. | 59,99,077/– | 2360/– |
| 2 | भिवंडी पूर्व मतदार संघातील प्रभाग समिती क्रं. 1 वॉर्ड क्रं 4 गुलशने मदिना मस्जिद समोर आर.सी.सी. रस्ता तयार कणे. | 59,99,442/– | 2360/– |
| 3 | भिवंडी पूर्व मतदार संघातील प्रभाग समिती क्रं. 1 नायगाव शाळा क्रं. 56 नुतनीकरण करणे. | 59,99,163/– | 2360/– |
| 4 | भिवंडी पूर्व मतदार संघातील प्रभाग समिती क्रं. 1 चव्हाण कॉलनी येथील स्मशानभुमी तयार करणे. | 49,99,590/– | 2360/– |
| 5 | भिवंडी पूर्व मतदार संघामध्ये विविध ठिकाणी नवीन शौचालय बनविणे. | 99,98,977/– | 2360/– |
| 6 | भिवंडी पूर्व मतदार संघातील विविध ठिकाणी शमशान भुमीचे नूतनीकरण करणे. | 69,99,789/– | 2360/– |
| 7 | भिवंडी पूर्व मतदार संघातील विविध ठिकाणी कब्रस्तानवे नूतनीकरण करणे. | 69,99,463/– | 2360/– |
| 8 | भिवंडी पूर्व मतदार संघातील शाळांचे नूतनीकरण करणे. | 99,99,289/– | 2360/– |
| 9 | भिवंडी पूर्व मतदार संघातील प्रभाग समिती क्रं. 1 वॉर्ड क्रं. 4, हसनाबाद मस्जिद ते भगवान शेठ बिल्डींग आर.सी.सी. रस्ता व गटार तयार करणे. | 99,99,229/– | 2360/– |
| 10 | भिवंडी पूर्व मतदार संघातील टर्फ बनविणे. | 29,99,166/– | 2360/– |
| 11 | भिवंडी पूर्व मतदार संघातील भारतरत्न मौलाना अबुल कलाम आझाद रोड चे सुशोभिकरण करणे. | 99,99,432/– | 2360/– |
| | वरील ऑनलाईन निविदा दि. 18/03/2025 पर्यंत दुपारी 4.00 पर्यंत स्विकारण्यात येतील. तसेच सदरची निविदा ही दि. 19/03/2025 रोजी संध्या. 4.01 अथवा कार्यालयीन कामकाजाच्या सोई प्रमाणे निविदा समिती समक्ष उघडण्यात येईल. अधिक माहिती महानगरपालिकेच्या mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावरुन प्राप्त होऊ शकेल अथवा नविन शासकीय इमारतीमधील 5 व्या मजल्यावरील बांधकाम विभाग कार्यालयाशी संपर्क साधावा. | | |

जा.क्र./ज. सं. वि./213

दि. 03.03.2025

सही/–
(जमिल पटेल)
शहर अभियंता
भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका



### उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्याः 230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई-टेण्डर/2025/551 — दिनांकः 28.02.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/30म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

**निविदा सं.:** 230-क0वि0-कार्य ठेका-942-2025

**कार्य का विवरणः** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में झींझक-गाजियाबाद खंड के बीच 132 केवी और 220 केवी ट्रांसमिशन लाइन का तीन वर्ष की अवधि के लिए व्यापक और निवारक रखरखाव का कार्य

**अनुमानित लागतः** रु.3,88,84,854.34 | **बिड सुरक्षा राशिः** रु. 3,44,400.00

**निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः** 21.03.2025, 14:00 बजे | **बोली प्रणालीः** एक पैकेट

**निविदा खुलने की तिथि तथा समयः** 21.03.2025, 15:00 बजे | **कार्य अवधिः** 03 वर्ष

**एलोकेशनः** Revenue 07042232 | **यूडब्लूआईडी नं0:**

**नोटः(1)** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। **(2)** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **397/25 (D)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @ CPRONCR



### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल

साकेत नगर, भोपाल (म.प्र.) – 462020 (भारत)

एनआईटी क्र. AIIMSBHOPAL-TENDER/NIT/25-26/023 — दिनांक : 03/03/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)**

एम्स, भोपाल द्वारा पंजीकृत निर्माताओं/डीलरों/वितरकों/ठेकेदारों से निम्नलिखित वस्तुओं/सेवाओं के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| ई–निविदा आईडी नं. | एम्स भोपाल में अपेक्षित सामग्री/सेवाएं | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| AIIMS/BPL/MN/DERMA/24/GTE/070 | माइक्रो नीडलिंग रेडियो फ्रीक्वेंसी यूनिट की एसआईटीसी | 32,00,000/– |
| AIIMS/BPL/PCR/24-25/GTE/012 | एम्स, भोपाल में दुर्लभ रोगों के उत्कृष्टता केंद्र के लिए डिजिटल ड्रॉपलेट पीसीआर की एसआईटीसी | 60,00,000/– |
| AIIMS/BPL/LASER/DERMA/GTE/069 | सहायक उपकरण सहित एनडी वायएजी लेजर की एसआईटीसी | 56,25,000/– |
| 09/NIQ/SE/CIVIL/ABEU/AIIMS/BPL/2024-25 | एम्स, भोपाल में अस्पताल भवन के यूजीएफ आईपीडी ब्लॉक में एल्यूमिनियम ग्लेजिंग प्रदान करना और ठीक करना | विवरण नहीं दिया गया है |
| AIIMS/BPL/RG/GS/24-25/GTE/073 | ओपन या लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के लिए रेडियोफ्रीक्वेंसी कटिंग कोगुलेशन और वेसल सीलिंग सिस्टम स्टैंडअलोन या हस्त उपकरण सहित एकीकृत बाइपोलर डिवाइस की एसआईटीसी | 35,00,000/– |

उपर्युक्त ई–निविदाओं से संबंधित विस्तृत विवरण के लिए इच्छुक बोलीदाता कृपया ई–मेल :-www.aiimsbhopal.edu.in और seoffice@aiimsbhopal.edu.in, spso@aiimsbhopal.edu.in का अवलोकन करें। निविदाएं, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.aiimsbhopal.edu.in एवं सीपीपी पोर्टल : www.eprocure.gov.in से डाउनलोड किए जा सकती हैं। इस निविदा सूचना से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/संशोधन केवल उक्त वेबसाइटों पर प्रकाशित किए जाएंगे।

निदेशक, एम्स, भोपाल की ओर से
प्रभारी वरिष्ठ क्रय–सह–भंडार अधिकारी, एम्स भोपाल


## मीरा- भायंदर मनपा के बचत समूह का राष्ट्रीय सम्मान




- राष्ट्रीय रिड्यूज, रियूज, रिसाइकल फोरम के लिए चयन
- तीन से पांच मार्च तक प्रदर्शनी का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** मीरा- भायंदर महानगरपालिका के एक और बचत समूह को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी गई है। पर्यावरणपूरक उत्पादों तथा प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के गृह निर्माण और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से रिड्यूज, रियूज और रिसायकल फोरम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष तीन से पांच मार्च के बीच जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनैशनल सेंटर में यह परिषद आयोजित की गई है। इस मंच पर विभिन्न देशीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी, उद्योगपति, स्टार्टअप्स तथा सतत पर्यावरण विषयक विशेषज्ञ भाग लेंगे। इस परिषद में प्रदर्शन के लिए देशभर के 15 राज्यों के उत्कृष्ट बचत समूहों का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम में, वारली पेंटिंग पर आधारित नवाचारी और पर्यावरणपूरक उत्पाद बनाने वाले मीरा- भाईंदर मनपा के गोल्डन डॉन स्वयं-सहाय्यता बचत समूह का भी समावेश है। गोल्डन डॉन बचत समूह और मनपा के प्रतिनिधि इस राष्ट्रीय मंच पर अपनी उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे। इस बचत समूह द्वारा तैयार की गई कलात्मक वारली पेंटिंग के माध्यम से महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन होता है। इस चयन के संबंध में मीरा- भाईंदर मनपा प्रशासन और स्थानीय नागरिकों द्वारा गोल्डन डॉन बचत समूह का अभिनंदन किया जा रहा है। मनपा ने विश्वास व्यक्त किया है कि इस प्रकार की राष्ट्रीय स्तर की मान्यता से स्थानीय स्वयंसहाय्यता समूहों को व्यावसायिक अवसर प्राप्त होंगे तथा उनके उत्पादन और कौशल को देशभर में पहुंचाने में मदद मिलेगी।

## दोस्त ने की दोस्त की हत्या




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** विरार पूर्व के फूलपाड़ा क्षेत्र में एक दोस्त ने दोस्त की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस हत्यारे दोस्त के ऊपर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार विरार पूर्व के फूलपाड़ा,रामचंद्र नगर निवासी संतोष विट्ठल परब (45) नामक व्यक्ति रहता था। उसके दोस्त रेखराम कल्लूराम मीना ने दो मार्च को शराब पीने के बाद मामूली झगड़े में संतोष की गला दबाकर हत्या कर दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

## दिवा की अगासन खाड़ी में मिला युवक का शव




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे जिले के दिवा के अगासन के खरडीगांव इलाके में खून से लथपथ एक अज्ञात व्यक्ति का शव रविवार दोपहर करीब 1:40 बजे मिला। आपदा कर्मियों ने शव को बरामद कर डाईघर पुलिस को सौंप दिया। ठाणे आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, डाईघर पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी, अग्निशमन विभाग के कर्मचारी वाहन के साथ-साथ ठाणे आपदा प्रतिक्रिया बल के कर्मचारी ठाणे के दिवा आगसन रोड स्थित खरडीगांव स्थित खाड़ी के खाड़ी में उतरे और मृतक के पैरों में रस्सी बांधकर उसे बाहर निकाला। पता चला कि अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु पहले ही हो चुकी थी। शव का सिर कटा हुआ था। शव पर खून के धब्बे भी थे। संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि उसकी हत्या कर शव को खाड़ी में फेंक दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस शव की पहचान करने की कोशिश कर रही है।



# अबू आजमी पर दर्ज हो देशद्रोह का केस : शिंदे

## सपा नेता ने की औरंगजेब की तारीफ

## महाराज का अपमान किया, वह महान कैसे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने औरंगजेब की तारीफ करते हुए उन्हें ग्रेट राजा बताया। औरंगजेब के समय में भारत सोने की चिड़िया था। औरंगजेब की कब्र खोदने की बात करने वाले भाजपा नेता साम्प्रदायिक सौहार्द खराब कर रहे हैं। मुसलमानों को दबाया जा रहा है। 'मैं औरंगजेब को क्रूर शासक नहीं मानता हूं। उसने अपने शासनकाल में कई हिन्दू मंदिर बनवाए। औरंगजेब के शासनकाल को देखकर ही अंग्रेज भारत आए थे। औरंगजेब एक इंसाफ पसंद बादशाह था'। अबु आजमी के इस बयान को लेकर महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है। वहीं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आजमी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किए जाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि सपा नेता की हिम्मत कैसे हुई औरंगजेब की तारीफ करने की। जिसने हमारे महाराज को तकलीफ दी। वो कैसे बड़ा और महान हो सकता है।

### यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने की गिरफ्तारी की मांग

शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी के गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि अबु आजमी ने औरंगजेब की तारीफ की है। ये हमारे महाराज का अपमान है। अबु आजमी ने जो कहा है या और कोई जो महाराज के खिलाफ कह रहे हैं। उनके खिलाफ केस हो लेकिन कब होगा भाजपा की सरकार है।

### 'शर्म आनी चाहिए अबू आजमी को': राम कदम

बीजेपी नेता राम कदम ने कहा कि अबु आजमी को शर्म आनी चाहिए। अबु आजमी को थियेटर में जाकर छावा फिल्म देखना चाहिए और इसिहास पढ़ना चहिए। आजमी जिसे ग्रेट राजा बोल रहे हैं। उसने हमारे संभाजी राजा को कितनी बेरहमी से मारा। उन्हें जेल में डाला।

# लातूर में बस पलटी 20 घायल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर शहर के नजदीक नंदगांव के पास सोमवार की दोपहर करीब 2:30 बजे अहमदपुर लातूर की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस अहमदपुर से लातूर आ रही थी। जैसे ही बस नंदगांव के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने बस को डिवाइडर पर चढ़ा दिया। इसी दौरान भयानक हादसा हो गया और बस पलट गई। इस हादसे में 20 से 25 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए लातूर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है।

### धनंजय मुंडे ने दी कोर्ट के आदेश को चुनौती

# जब शादी नहीं तो गुजारा भत्ता क्यों

## कोर्ट ने दिया था गुजारा भता देने का आदेश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे और करूणा मुंडे के रिश्ते की बात कोर्ट तक पहुंच गई है और कोर्ट ने धनंजय मुंडे को आदेश दिया है कि वो करूणा मुंडे को गुजारा भत्ता दें। कोर्ट के उस अंतरिम आदेश के खिलाफ धनंजय मुंडे ने सत्र अदालत में याचिका दायर की है जिसके तहत उन्हें उनकी पहली पत्नी होने का दावा करने वाली महिला को गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता ने अपनी याचिका में दोहराया कि उनकी करुणा मुंडे से कभी शादी नहीं हुई तो गुजारा भत्ता कैसा। करुणा उनकी पहली पत्नी होने का दावा करती हैं।

### याचिका में दो बच्चों का जिक्र

याचिका में कहा गया है कि इस रिश्ते से उनके दो बच्चे पैदा हुए और धनंजय मुंडे ने बच्चों के केवल आधिकारिक दस्तावेज में इस्तेमाल करने के लिए अपने नाम और उपनाम का इस्तेमाल करने की अनुमति दी। इसके साथ ही प्रतिवादी को नेता की मौजूदा शादी के बारे में पूरी जानकारी थी लेकिन उन्होंने उनके साथ स्वेच्छा से संबंध बनाने का फैसला किया।

### बांद्रा मजिस्ट्रेट ने स्वीकार की थी याचिका

बांद्रा मजिस्ट्रेट की अदालत ने चार फरवरी को करुणा की अंतरिम याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया था और धनंजय मुंडे को अंतरिम गुजारा भत्ते के रूप में करुणा को 1.25 लाख रुपए प्रति माह और उनकी बेटी को 75,000 रुपए प्रति माह देने का निर्देश दिया था। करुणा ने 2020 में धनंजय मुंडे के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया था और अदालत ने अभी तक मुख्य याचिका के संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया है। मजिस्ट्रेट ने अंतरिम आदेश में कहा था कि धनंजय मुंडे ने अपनी पहली पत्नी के साथ 'प्रथम दृष्टया' घरेलू हिंसा की।

### विनो की नई पहल

# रसोई का सामान किफायती दामों में



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए वीएनएनओ (विनो) ने 27 फरवरी को एक नई पहल की शुरूआत की है। अब हर घर की रसोई में 100% शुद्ध और जायकेदार कृषि उत्पादन किफायती दामों में उपलब्ध होगे,जिसे विनो महिला डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से बेचा जाएगा। विनो द्वारा आयोजित इस मीटिंग में जीरा, चाय, मसाला, धनिया एवं अन्य कृषि उत्पादों की प्री-लॉन्च योजना को अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर रेखा शाह (अन्सा ज्वेलर्स) और विमल पुनमिया की प्रेरणादायक स्पीच ने सभी सदस्यों को इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रोजेक्ट की रूपरेखा व संचालन में रेखा शाह की सक्रिय भागीदारी ने सभी को एक नई ऊर्जा दी है।

# एक करोड़ के इंश्योरेंस के लिए पत्नी और बेटे ने कर दी हत्या

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांगली।** महाराष्ट्र के सांगली में एक करोड़ रुपए की बीमा राशि के लिए पत्नी ने बेटे और एक साथी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। यह हत्या उसके एक करोड़ रुपए के बीमा पर दावा करने के लिए की गई। दोनों मां बेटे को मौत को दुर्घटना बताने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपियों की पहचान वनिता बाबूराव पाटिल, उसके बेटे तेजस बाबूराव पाटिल और उसके दोस्त भीमराव गणपतराव हुलवान के रूप में हुई है, जिन्हें पुलिस ने एक मार्च को सांगली से गिरफ्तार किया था।

- दोनों आरोपी गिरफ्तार
- किसान पति पर था 50 लाख का कर्ज

पहले मां और उसके बेटे ने कर्ज में डूबे किसान पिता बाबूराव पाटिल (56) को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। जब वह नहीं माना तो उन्होंने उसकी हत्या कर दी। यह हत्या 10 फरवरी की सुबह 2 से 3 बजे के बीच मिरज-पंढरपुर हाईवे पर लांडेवाड़ी के पास हुई। बाबूराव पाटिल का शव होटल आर्या के पास मिला और उसके भाई सागर पाटिल ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां पहले तो यही लगा कि यह दुर्घटना है और एडीआर



दाखिल किया गया लेकिन पुलिस को मां और बेटे के बयान पर शक हुआ। उन्होंने दोनों की मोबाइल लोकेशन निकाली।

दोनों ने पुलिस से कहा था कि घटना के दिन वे कराड में थे लेकिन मोबाइल लोकेशन के आधार पर उनकी बात झूठी निकली। पुलिस की पूछताछ में दोनों मां-बेटे ने अपना आरोप कबूल कर लिया और बताया कि पाटिल के ऊपर लगभग 50 लाख रुपए का कर्ज था, जिसके चलते लोग लगातार उनके घर तगादा करने आया करते थे और जब घर की नीलामी के लिए बैंक से नोटिस आया तो उन्होंने बाबूराव पाटिल को प्रेरित किया कि वह खुद को खत्म कर लें। लेकिन ऐसा न होने पर दोनों (पत्नी और बेटा) ने एक साथी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।



# महर्षि दयानंद कॉलेज में अतिथि व्याख्यान आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई महर्षि दयानंद कॉलेज के हिन्दी विभाग द्वारा पाठ्यक्रम आधारित विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन "लेखन कौशल एवं वाचन कौशल" विषय पर किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ प्रो. डा. मिथिलेश शर्मा अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग रामनिरंजन झुनझुनवाला कॉलेज का सम्मान अंगवस्त्र और पुस्तक देकर उप-प्राचार्य एवं अध्यक्ष हिन्दी-विभाग डा. उमेश चन्द्र शुक्ल, डा. उषा दुबे एवं कामेश्वर सिंह ने किया। स्वागत भाषण में डा. उमेश चन्द्र शुक्ल ने कहा कि लेखन कौशल एवं वाचन कौशल रोजगार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए हमें लेखन और वाचन की बारिकियों को समझना होगा। डा. मिथिलेश शर्मा ने कहा कि लेखन और वाचन दोनों एक-दूसरे के पूरक है। किसी एक के अभाव में हमारा व्यक्तित्व अधूरा दिखाई पड़ता है। इस विशेष अतिथि व्याख्यान का संचालन डा. उषा दुबे ने किया एवं कामेश्वर सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### फाम एक्सीलेंस अवार्ड 2025

# चंदन भंसाली और टीम के सदस्य सम्मानित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई स्थित अंधेरी में ओरीका हॉटेल के सभागार में फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र (फाम) अध्यक्ष जितेन्द्र शाह के नेतृत्व में 28 फरवरी को फाम एक्सीलेंस अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया। मेटल एंड स्टेनलेस स्टील मर्चेंट एसोसिएशन (मासमा) को सपोर्टिंग एसोसिएशन को फाम द्वारा अवार्ड के लिए चयनित करके फाम द्वारा सपोर्टिंग एसोसिएशन का अवार्ड मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली और टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अवार्ड समारोह में मासमा का नाम पुकारा तब पूरा सभागार तालियों से गुजांयमान हो गया।

मासमा को फाम द्वारा बेस्ट सपोर्टिंग एसोसिएशन के अवार्ड से सम्मानित करने से मासमा के लिए एक यादगार और गौरवांवित क्षण रहा। फाम ने अपने 750 से अधिक एसोसिएशनों के संगठनों में से मुबंई के मासमा को सर्वश्रेष्ठ सहयोगी संगठन का चयन करने के लिए मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली ने फाम अध्यक्ष जितेन्द्र शाह और फाम की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अद्भुत उपलब्धि को मासमा के पदाधिकारीगण और कमेटी कन्वेयरों के साथ मनाने के लिए एक मार्च को दोपहर तीन बजे मासमा कार्यालय में गेट-टू-गेदर कार्यक्रम आयोजन करके सेलिब्रेशन किया गया। मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली के नेतृत्व में सभी ने मिलकर निश्चय किया कि मासमा को और ऊंचाई पर ले जाकर मासमा का नाम सभी एसोसिएशन में नाम रोशन करेंगे। मासमा कार्यालय में अवार्ड मिला उसके उपलक्ष में सेलिब्रेशन कार्यक्रम में मासमा पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल दोशी ने संबोधित करते हुए आशा व्यक्त की कि ऐसे ही मासमा का नाम रोशन करते हुए अनेक अवार्ड से सम्मानित हो। मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली ने यह अवार्ड मासमा के सभी व्यापारियों, मासमा के पिलर अभूतपूर्व अध्यक्षों, सभी पदाधिकारीगणों, सभी कन्वेयरों और सब कन्वेयरों को समर्पित किया और कहा कि यह संगठन की ताकत है और सभी के साथ सहकार से यह संभव है। आशा है ऐसा ही साथ सहकार सदैव मिलता रहेगा, जिससे कार्य करने की ताकत दोगुनी बढ़ेगी। कार्यक्रम का संचालन मासमा सह सचिव अमृतलाल संघवी ने शानदार अंदाज में करते हुए सभी का आभार प्रकट किया। यह जानकारी मासमा मीडिया कन्वेयर मंगलचंद सेठ ने दी।

- मासमा को बेस्ट सपोर्टिंग एसोसिएशन अवॉर्ड

# मुंबई के उद्योगपति ने की दिल्ली सीएम से मुलाकात

**मुंबई/नई दिल्ली।** सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी गणपत कोठारी (सीएमडी, कोठारी फैब्रिक्स) ने दिल्ली सरकार की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से सदिच्छा मुलाकात कर बधाई दी। गणपत कोठारी ने मुलाकात के दौरान मुंबई में आगामी दिनों में उनका सत्कार समारोह आयोजित करने की स्वीकृति मांगी, जिसे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। गणपत कोठारी ने बताया कि यह दिल्ली वासियों का सौभाग्य है कि उन्हें सौम्य, विजनरी तथा कर्मठ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के रुप में मिला है। कोठारी ने उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार दिल्ली का विकास और कायाकल्प करने में कोई कोर -कसर बाकी नहीं रखेगी।



सीएम रेखा गुप्ता का मुंबई में होगा स्वागत



# विधान परिषद सभापति के कक्ष का उद्घाटन

■ **मुंबई।** विधान भवन में नवनिर्मित विधान परिषद सभापति प्रो. राम शिंदे के कक्ष का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधान परिषद सभापति प्रो. राम शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष अड. राहुल नार्वेकर, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल सहित मंत्रीगण व विधायिका के सदस्य उपस्थित थे।

# राज्य सरकार का न्यायिक बुनियादी ढांचे के निर्माण पर विशेष ध्यान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रायगढ़।** राज्य सरकार ने न्यायिक बुनियादी ढांचे के लिए हर साल लगभग 1000 करोड़ रुपये की निधि का प्रावधान किया है। साथ ही, उच्च न्यायालय समिति से प्राप्त प्रस्तावों को शीघ्र पूरा कर आवश्यक कार्य संपन्न किए गए हैं। न्यायिक प्रणाली में बुनियादी ढांचे के महत्व को देखते हुए, राज्य सरकार ने इसके निर्माण को प्राथमिकता दी है। इससे न्याय प्रक्रिया को अधिक गति मिलेगी, ऐसा विश्वास मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने व्यक्त किया।

रायगढ़ जिले के महाड में दीवानी न्यायाधीश (कनिष्ठ स्तर) न्यायालय की नई इमारत के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश भूषण गवई, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति रही। इसके बाद आयोजित मुख्य समारोह में वे संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक आराधे, महिला व बाल विकास मंत्री कु. अदिति तटकरे, रोजगार गारंटी योजना, फलोत्पादन व खाड़ी विकास मंत्री भरत गोगावले, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मकरंद कर्णिक, न्यायाधीश मिलिंद साठे, उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र तावड़े, प्रभारी प्रमुख जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायगढ़-अलीबाग डॉ. सृष्टि नीलकंठ, महाड वकील संघ के अध्यक्ष एडवोकेट संजय भिसे, महाड के दीवानी न्यायाधीश (वरिष्ठ स्तर) प्रविण उन्हाळे आदि मान्यवर उपस्थित थे।

- दीवानी कोर्ट की नई इमारत का भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह महाड में
- हर साल 1000 करोड़ रुपए की निधि का प्रावधान

### सिरोही आंजणा चौधरी समाज मुंबई

# शिक्षा ही समाज को आगे ले जाएगी : लुम्बाराम चौधरी

## 11वां स्नेह मिलन समारोह राजेश्वर भगवान मंदिर भिवंडी में संपन्न

## शिक्षा ही समाज को आगे ले जाएगी लुम्बाराम चौधरी


जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** सिरोही आजणा चौधरी समाज मुंबई का 11वां स्नेह मिलन समारोह श्री राजेश्वर भगवान मंदिर भिवंडी में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। स्नेह मिलन समारोह के मुख्य अतिथि जालोर-सिरोही के भाजपा सांसद लुम्बाराम चौधरी थे एवं मुख्य वक्ता रमेश भाई आंजना थे। सिरोही कलबी आंजना छात्रावास के अध्यक्ष केराराम रेवाडा, राजु भाई मेर मांडवाडा,रोहित भाई कृष्णगंज, मिडिया सह सयोजक चिराग रावल आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा की शिक्षा ही समाज को आगे ले जा सकती है, शिक्षा के क्षेत्र में समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाएं एवं बालक-बालिकाओं को किसी भी हालात में शिक्षा से वंचित न रखें। मुख्य वक्ता रमेश भाई (पूर्व वायुसैनिक ) ने कहा कि समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु सामाजिक स्तर पर हर संभव प्रयास जारी रखने व जगह जगह छात्रावास की सुविधा हो . उन्होंने माता-बहनों को आजकल की इस शोशल मीडिया से दूर रहने की अपील की। लव जिहाद व लव मैरिज मे माता पिता के हस्ताक्षर अनिवार्य करवाने हेतु सरकार से मांग रखी। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान राजेश्वर के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की। उसके बाद बालक बालिकाओं द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया, बाद में कक्षा प्रथम से लगा कर 12वीं तक के सभी बालक बालिकाओ को पारितोषक देकर समानित किया गया। स्नेह मिलन समारोह में अतिथिओ का उदबोधन कार्यक्रम हुआ। माता-बहनों द्वारा मांगलिक गीतों से समां बांधा तत्पशात राजस्थानी गैर नृत्य का आयोजन किया गया। उसके बाद सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्था के अध्यक्ष उम्मीदमल द्वारा इस कार्यक्रम में समस्त संस्था की कार्यकरणी उपस्थित रही, जिसमे उपाध्यक्ष प्रागाराम सियाकरा, चेलाराम मकावल, जीवाराम, सुरेश भाई भटाना, चेलाराम अरविन्द भाई भगवान भाई धाधपुर हिदाराम, भाव राम गोदाराम धान, नाथूभाई नागानी, नरसाराम अमलारी धीरेन्द्र दानाराम, भिखा भाई जोलपर, प्रकाश भाई इदरला वागाराम, रघुनाथराम, नारायण सिलोईया, धर्माराम तवरी आदि हजारों की संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन नारायण सिलोईया ने किया।




## शोक समाचार/ उठामना

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री लक्ष्मीलालजी वगेरिया (सुपुत्र स्व. श्री जवाहरलाल जी वगेरिया निवासी पारसोला, हाल मुकाम मुम्बई) का आकस्मिक निधन दिनांक 3 मार्च 2025 को हो गया है।



उठामना दिनाक 5 मार्च 2025 गुरुवार
दोपहर 04 से 06 बजे सिम्फ़िनी हॉल, डी मार्ट के पास,
सहार रोड, अँधेरी ईस्ट मुम्बई पर रखा गया है।

::: शोकाकुल :::

श्रीमती मानकुंवर लक्ष्मीलाल वगेरिया (धर्म पत्नी)
मितेश- प्रियंका (पुत्र, पुत्रवधू)
डॉ नताशा- डॉ दीपेशजी (पुत्री, दामाद )

**भाई-भाभी**
बहादुरमल-शकुन्तला
अशोक-अलका

**भतीजा-भतीजा बहु**
संजय-क्षितिजा,
समीर-रुचि, विनोद-वर्षा
शीतल-दीपाली,
आदित्य-कोमल, निशान्त-स्नेहा

**भानेज- भाणेज बहू**
सुशील-रश्मि
नितिन-नैना

**बहन**
विमला रतनपालजी मुंगड़िया

**पोती नाती**
माइशा, काशवी, खुशांक, दुर्विका

**पीहर पक्ष**
स्वर्गीय श्री धनराजजी डागरिया
राजमलजी एवं शिशुपालजी डागरिया परिवार
(पारसोला वाले)

**एवं समस्त वगेरिया परिवार**

# जैसलमेर में 13 से बंद होंगी हवाई सेवाएं

▸▸ 6 महीने के लिए एयरपोर्ट होगा सूना
▸▸ दिल्ली, मुंबई व जयपुर के लिए इंडिगो चला रही फ्लाइट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर में 13 मार्च से एयर कनेक्टिविटी बंद हो जाएगी। इंडिगो ने 3 शहरों के लिए आगामी 12 मार्च तक ही हवाई सेवाओं का शेड्यूल जारी किया है। इसके बाद हवाई सेवाओं पर विराम लग जाएगा। होली के त्योहार से ठीक पहले फ्लाइट बंद होने की खबर से पर्यटन बिजनेस से जुड़े लोग काफी निराश है।

हर साल मार्च से सितंबर महीने तक फ्लाइट बंद हो जाने से सैलानियों की संख्या में कमी हो जाती है, वहीं 6 महीने के लिए एयरपोर्ट सूना हो जाता है। सिविल एयरपोर्ट जैसलमेर के निदेशक प्रमोद मीणा ने बताया- इंडिगो ने 12 मार्च तक दिल्ली, जयपुर व मुंबई के लिए ही शेड्यूल जारी किया था।

### इंडिगो का शेड्यूल 12 मार्च तक

जैसलमेर का सिविल एयरपोर्ट आगामी 13 मार्च से सूना हो जाएगा। फिलहाल जयपुर, दिल्ली व मुंबई के लिए हवाई सेवाओं का संचालन किया जाता है। लेकिन इंडिगो का शेड्यूल सिर्फ 12 मार्च तक का ही है। इसके बाद ऑनलाइन बुकिंग भी नहीं हो रही है। वहीं हवाई कंपनी ने अभी तक आगे के शेड्यूल को लेकर कोई घोषणा नहीं की है। ऐसे में ये साफ है कि हवाई सेवाएं 12 मार्च के बाद से नहीं चलेगी। ऐसे में दिल्ली, मुंबई व जयपुर से आने वाले व यहां से जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### सैलानियों से कमाई, ऑफ सीजन में सुविधा बंद

जैसलमेर से हवाई सेवाएं शुरू होने के बाद आमजन को इस सुविधा से काफी राहत मिलने की उम्मीद थी। लेकिन हवाई कंपनियों द्वारा आमजन के साथ हर साल किए जा रहे छलावे के कारण ऑफ सीजन में जहां हवाई सेवाएं शुरू ही नहीं की जा रही है। वहीं पर्यटन सीजन के समय हवाई कंपनियों द्वारा सैलानियों से पर्यटन सीजन के बूम के नाम पर मुनाफा कमाया जा रहा है। जिसमें वे सैलानियों से टिकट से 5 गुना ज्यादा पैसा लेकर महंगे दामों में टिकट बेचते हैं। मगर ऑफ सीजन में स्थानीय निवासियों के लिए फ्लाइट सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है, क्योंकि तब हवाई सेवाओं को बंद कर दिया जाता है।



### होली से पहले ही बंद हो रही फ्लाइट्स

जैसलमेर में ऑफ सीजन की शुरुआत हो गई है। मौसम में बदलाव के साथ ही सैलानियों की आवक पर असर पड़ गया है। जिससे अब इंडिगो भी अपनी हवाई सेवाएं बंद करने की तैयारी में जुटी है। हालांकि जैसलमेर में अभी शादियों की सीजन है। जिसमें यात्री जैसलमेर पहुंच रहे हैं। लेकिन होली से ठीक पहले हवाई सेवाओं को बंद कर दिया जाएगा। हर साल विंटर सीजन में तो हवाई सेवाओं का संचालन किया जाता है, लेकिन समर शेड्यूल में हवाई सेवाएं शुरू ही नहीं होती है। जिससे आमजन के लिए सीजन में हाई रेट और ऑफ सीजन में हवाई सेवाओं की सुविधा नहीं मिल पाती है। ऐसे में पर्यटन से जुड़े लोगों में काफी निराशा है। प्रिया ग्रुप के मयंक भाटिया ने बताया- निजी कंपनी हर साल ऐसा ही सौतेला व्यवहार करती है जिससे पर्यटन को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। सीजन में 5 हजार की टिकट को 20 से 25 हजार तक बेचने के बाद भी मार्च में हवाई सेवाओं को बंद करना यहां के लोगों के साथ धोखा है।

## महिला के ऊपर से गुजर गई आधी ट्रेन, जिंदा बची



■ सिर में लगी चोट, जोधपुर रेफर
■ छोटे बेटे से विवाद के बाद घर से निकली थी

**बाड़मेर।** बाड़मेर में एक महिला के ऊपर से आधी से ज्यादा ट्रेन गुजरने के बाद भी उसकी जान बच गई। हालांकि महिला के सिर में चोट लगी है। गंभीर हालत में उसे जोधपुर रेफर किया गया है। छोटे बेटे से विवाद के बाद महिला सुबह ही घर से निकली थी। जीआरपी पुलिस के अनुसार- सोमवार सुबह बाड़मेर से मुनाबाव को जाने वाली ट्रेन रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। स्टेशन से कुछ ही दूरी पर शास्त्री नगर अंडरब्रिज के पास एक बुजुर्ग महिला पैसेंजर ट्रेन के नीचे आ गई। महिला के ऊपर से ट्रेन आधी गुजर गई। लोको पायलट ने जैसे-तैसे ट्रेन को रोका। ट्रेन के रुकने के बाद महिला को बाहर निकाला। महिला के सिर में चोट लगी। 20 मिनट बाद ट्रेन को अगले स्टेशन के लिए रवाना किया गया। महिला को बाड़मेर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जीआरपी थाने के हेड कॉन्स्टेबल पीरचंद ने बताया- महिला की शिनाख्त आटी गांव की रहने वाली मटका देवी (58) पत्नी चनणाराम है।

## क्रेटा ने बाइक सवार सगे भाइयों को मारी टक्कर

▸▸ एक की मौत, घायल जोधपुर रेफर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** दो भाई मजदूरी कर बाइक से अपने गांव की तरफ जा रहे थे। पीछे से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बाड़मेर ग्रामीण थाना इलाके के मारूड़ी तनसिंह पुरा गांव बीती रात 8 बजे की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया गया। वहीं गंभीर घायल का प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार असाड़े की बेरी निवासी खींयाराम पुत्र तुलसाराम दूसरा बड़ा सगा भाई देवाराम दोनों बाड़मेर शहर से दोनों रोजाना की तरह रविवार को बाइक पर अपने गांव जा रहे थे। मारूड़ी तनसिंह पुरा गांव के पास क्रेटा कार ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे खींयाराम पुत्र तुलसाराम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा भाई देवाराम घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद दोनों को एंबुलेंस की मदद से हॉस्पिटल पहुंचा गया। वहां पर शव को जिला हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया गया। वहीं, देवाराम का जिला हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर कर दिया गया। दो सगे भाइयों को क्रेटा कार ने मारी टक्कर, एक भाई की मौत, दूसरा घायल एएसआई धनाराम ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर सोमवार को मामला दर्ज किया गया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस हादसे की जांच कर रही है।



## स्कॉर्पियो की टक्कर से 20 फीट उछली लग्जरी कार

▸▸ पेट्रोल पंप मालिक समेत चार घायल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** जोधपुर-देचू रोड पर स्कॉर्पियो और KIA कार की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि KIA कार 20 फीट उछलकर सड़क किनारे जाकर पलट गई। हादसे में पेट्रोल पंप मालिक और उसकी पत्नी समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को देचू के सरकारी हॉस्पिटल भर्ती कराया गया। हादसा रविवार शाम पांच बजे देचू थाने के जोधपुर-जैसलमेर हाईवे के पास अनोप सिंह नगर में हुआ। इसका वीडियो सोमवार को सामने आया। वीडियो में देखा जा सकता है कि तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने KIA कार को जबरदस्त टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि KIA कार 20 फीट हवा में उछलकर सड़क किनारे गिरी और फिर बेकाबू होकर 60 मीटर तक घसीटती हुई पलट गई। हेड कॉन्स्टेबल मेघराज ने बताया- रमेश पालीवाल का अनोप सिंह नगर में पेट्रोल पंप है। रविवार शाम वे पत्नी के साथ जोधपुर जा रहे थे। पेट्रोल पंप से महज चार किलोमीटर की दूरी पर पीछे से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी KIA कार को जोरदार टक्कर मार दी। पोकरण के लुना गांव जा रहे दो युवकों की स्कॉर्पियो भी 60 मीटर आगे जाकर पलट गई। एक युवक के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे जोधपुर रेफर किया गया।

## जैसलमेर : विंड मिल में लगी आग

▸▸ तकनीकी फॉल्ट से करोड़ों की मशीन खाक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर के फतेहगढ़ इलाके के मेगा गांव के पास एक विंड मिल में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। निजी कंपनी की विंड मिल में आग से करोड़ों की मशीन खाक हो गई। पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 8 बजे स्थानीय पशुपालकों ने आग लगते देखा। उसने तुरंत सबको जानकारी दी। आग लगने की जानकारी मिलने पर ग्रामीण इकट्ठा होकर वहां पहुंचे, मगर मशीन की आग को नहीं बुझा पाए। आग से मशीन जलकर नष्ट हो गई। हालांकि आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया। मगर बताया जा रहा है कि तकनीकी फॉल्ट के चलते आग लगी है।

### पशुपालकों ने दी ग्रामीणों को सूचना

गौरतलब है कि जैसलमेर के फतेहगढ़ तहसील के कपूरिया-मेगा गांव के बीच निजी कंपनी की कई विंड मिल लगी है। इन विंड मिल से बिजली का उत्पादन होता है। सोमवार सुबह एक विंड मिल में अचानक आग लग गई। आग की लपटें कई किमी दूर से देखी जा सकती थी। वहां से गुजर रहे पशुपालकों ने विंड मिल में आग लगते देख ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना पर निजी कंपनी के कर्मचारी भी मौके पर आए मगर आग ने विंड मिल को अपनी चपेट में ले लिया था। आग से विंड मिल नष्ट हो गई वहीं कंपनी को करोड़ों का नुकसान हुआ। हालांकि आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया। मगर बताया जा रहा है कि तकनीकी फॉल्ट के चलते आग लगी है।



### क्या होती है पवन चक्की..

■ पवन चक्की (WIND MILL) एक मशीन है जो हवा की गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलती है। इसे पवन टर्बाइन भी कहा जाता है। पवन चक्की में पाल या ब्लेड नाम के पंख होते हैं, जो हवा की रैखिक गति को घूर्णीय गति में बदल देते हैं। इस घूर्णीय गति से विद्युत पैदा की जाती है। जैसलमेर को विंड मिल का हब कहा जाता है। जिले के कई इलाकों में कई कंपनियों की विंड मिल लगी है। एक पवन चक्की से 2.5 किलोवाट से 2.1 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। एक मेगावाट क्षमता की पवन चक्की करीब साढ़े 5 करोड़ रुपए में बनती है। एक बड़ी पवन चक्की 3.4 मेगावाट बिजली बना सकती है। यह करीब 1,900 घरों को बिजली दे सकती है।

### मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 882 | 885 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 262 | 262 |
| जिंक स्लैब | 273 | 269 |
| लीड इन्गॉट | 182 | 181 |
| टिन स्लैब | 2855 | 2868 |
| निकल | 1397 | 1395 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 827 | 826 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 817 | 816 |
| कॉपर आर्मेचर | 808 | 807 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 754 | 755 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 536 | 535 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 580 | 580 |
| एल्युमिनियम | 200 | 200 |

### लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9371 | -1025 |
| टिन | 31295 | +15 |
| लीड | 1984 | -2150 |
| जिंक | 2718 | -825 |
| एल्युमिनियम | 2632 | -4050 |
| निकल | 15830 | +198 |

## जैसलमेर : पांच हजार रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जैसलमेर।** जैसलमेर पुलिस ने सदर थानाधिकारी बगड़ू राम के नेतृत्व में कॉन्स्टेबल देवेंद्र कुमार, सिमरथाराम व जनमेत ने कार्रवाई करते हुए एक इनामी अपराधी को पकड़ा है। सदर थाना प्रभारी बगड़ू राम ने बताया कि- कोतवाली थाने के एनडीपीएस एक्ट में 5 हजार रुपए के इनामी फरार आरोपी मांगीलाल विश्नोई निवासी लोहावट को गिरफ्तार किया। मांगीलाल से पूछताछ जारी है। एसएचओ बगड़ूराम ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेशानुसार, समस्त थानाधिकारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बगड़ू राम थानाधिकारी पुलिस थाना सदर जैसलमेर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कि गई।



## एक साल से फरार डोडा-पोस्त तस्कर गिरफ्तार


**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की सिणधरी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी मामले में 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बीते एक साल से फरारी काट रहा था। पुलिस ने ट्रक में से 261 किलोग्राम डोडा-पोस्त जब्त किए थे। अब तक दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। शेष शामिल आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार 16 फरवरी 2024 को तत्कालीन थानाधिकारी मय पुलिस जाब्ते ने ट्रक ड्राइवर मानाराम पुत्र घमंडाराम निवासी दाखा सिणधरी को डिटेन किया था। उसकी निशानदेही पर ट्रक में झारखंड से परिवहन कर लाए कुल 261 किलोग्राम डोडा-पोस्त बरामद किए थे। डीएसटी प्रभारी इमरान खान ने बताया- डोडा-पोस्त तस्करी में आरोपी मानाराम के साथ शामिल तस्कर सोनाराम, वीरू उर्फ वीरेंद्र, हेमरत्न उर्फ हेमाराम, हुकमाराम, धन्नाराम, जगदीश, भंवरलाल की तलाश की गई। लेकिन आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी के भय से फरार हो गए। इस पर मामले में वांटेड आरोपी सोनाराम सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 5000-5000 रुपए के इनाम घोषित किया गया। स्पेशल टीमें बनाई गई। टीम ने मुकदमे में वांटेड आरोपी भंवरलाल पुत्र आदूराम निवासी नया भूरटिया नागाणा बाड़मेर को डिटेन कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई।



# व्यापार जगत

## दुनिया के सबसे ज्यादा अमीर न्यूयॉर्क में

▸▸ हेनली एंड पार्टनर्स की 2024 की लिस्ट में खुलासा
▸▸ 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति वाले लोग रहते यहां



**नई दिल्ली।** दुनिया के टॉप अमीरों की लिस्ट में अमेरिका का दबदबा है। टॉप 10 की लिस्ट देखें तो इसमें नौ अमेरिका के है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया के किस शहर में सबसे ज्यादा अमीर रहते हैं? इसका जवाब है न्यूयॉर्क। अमेरिका के इस शहर को हेनली एंड पार्टनर्स की 2024 की लिस्ट में एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर शहर का खिताब मिला है। इस शहर में 349,500 मिलिनेयर, 675 सेंटी-मिलिनेयर (कम से कम 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति वाले लोग) और 60 बिलिनेयर रहते हैं। यही वजह है कि इसे दुनिया का सबसे अमीर शहर कहा जाता है। दुनिया के सबसे अमीर 50 शहरों की लिस्ट में 11 अमेरिका के हैं। साल 2023 में न्यूयॉर्क की इकॉनमी करीब 1 ट्रिलियन डॉलर थी। इसे अमेरिका की फाइनेंशियल कैपिटल भी कहा जाता है क्योंकि अमेरिका शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट इसी शहर में स्थित है। न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज और नैसडैक दुनिया के सबसे बड़े शेयर बाजार हैं। केवल सिक्योरिटीज इंडस्ट्री में ही 181,000 से ज्यादा लोग काम करते हैं और अरबों डॉलर का टैक्स देते हैं। यहां दुनिया की कई दिग्गज फाइनेंशियल कंपनियों के मुख्यालय भी हैं। साथ ही यह शहर मीडिया, टेक्नोलॉजी, फैशन, हेल्थकेयर और रियल एस्टेट में भी दुनिया का लीडर है। टेक इंडस्ट्री यहां तेजी से बढ़ रही है। गूगल, ऐमजॉन और फेसबुक जैसी बड़ी-बड़ी टेक कंपनियां इस शहर में अपना कारोबार यहां फैला रही हैं। फैशन इंडस्ट्री में करीब 180,000 लोग काम करते हैं। The New York Times, NBC और Cond Nast जैसे बड़े मीडिया हाउस भी यहीं से ऑपरेट करते हैं। न्यूयॉर्क में घर खरीदना आसान नहीं है। यहां का रियल एस्टेट दुनिया की सबसे महंगा है। शहर के फिफ्थ एवेन्यू को दुनिया की सबसे महंगी शॉपिंग स्ट्रीट माना जाता है। यहां मकान का किराया भी अमेरिका में सबसे ज्यादा है। इतनी महंगाई के बावजूद दुनिया के सबसे अमीर लोग यहां रहना पसंद करते हैं। न्यूयॉर्क को विभिन्न संस्कृतियों का संगम भी कहा जाता है। इसकी आबादी करीब 82 लाख है और यहां 800 भाषाएं बोलने वाले लोग रहते हैं। यही वजह है कि यह शहर दुनियाभर के हुनरमंद लोगों को अपनी ओर खींचता है। इसे अवसरों का शहर भी कहा जाता है।

## मुकेश अंबानी की कंपनी पर लग सकता 1.25 अरब का जुर्माना



**नई दिल्ली।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक सहयोगी कंपनी पर जुर्माना लग सकता है। यह कंपनी बैटरी सेल प्लांट नहीं लगा पाई है। यह प्लांट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आयात कम करने के अभियान का हिस्सा था। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड ने 2022 में बैटरी सेल बनाने के लिए सरकार की एक योजना में बोली जीती थी। यह योजना स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए थी। डेडलाइन पूरा नहीं करने पर कंपनी पर 1.25 अरब रुपये (14.3 मिलियन डॉलर) तक का जुर्माना लग सकता है। मोदी मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को देश की जीडीपी के 25% तक ले जाना चाहते हैं लेकिन सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद ऐसा नहीं हो पा रहा है। साल 2014 में इस सेक्टर की जीडीपी में हिस्सेदारी 15% थी जो 2023 में घटकर 13% रह गई है।

### बैटरी सेल प्लांट

रिलायंस न्यू एनर्जी के साथ-साथ राजेश एक्सपोर्ट्स और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की एक यूनिट ने साल 2022 में बैटरी सेल प्लांट बनाने के लिए बोली जीती थी। यह देश के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आयात पर निर्भरता कम करने के प्रयास का हिस्सा था। यह सरकार के PLI कार्यक्रम के तहत था। इस प्रोजेक्ट के लिए 181 अरब रुपये की सब्सिडी रखी गई थी। यह 30 गीगावाट-घंटे क्षमता वाले एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी स्टोरेज बनाने के लिए थी। कंपनियों को परियोजना के लक्ष्यों को पूरा करने पर यह सब्सिडी मिलनी थी। कंपनियों को समझौते के दो साल के भीतर मिनिमम कमिटेड कैपेसिटी और 25% लोकल वैल्यू एडिशन हासिल करना था। पांच साल के भीतर इसे 50% तक पहुंचाना था। लेकिन रिलायंस न्यू एनर्जी और साथ-साथ राजेश एक्सपोर्ट्स इन लक्ष्यों को हासिल करने नाकाम रहे। लेकिन भावीश अग्रवाल की ओला सेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने इस PLI कार्यक्रम के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं पर प्रगति की है।

## आप का राशिफल 4 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़ तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रखें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक 2 5 7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक 2 5 6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक 5 7 9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक 5 7 9

## फरवरी में रिकॉर्ड्स, मार्च में गोल्ड की ठंडी शुरुआत

**मुंबई।** फरवरी में रिकॉर्डकी झड़ी लगाने वाले सोने की मार्च में ठंडी शुरुआत हुई है। शादियों का यह सीजन अपने चरम पर है। इस बीच आज सोने-चांदी के भाव में गिरावट है। आज यानी सोमवार 3 मार्च को 24 कैरट सोने के दाम में मामूली गिरावट नजर आ रहा है। आज सर्राफा बाजार में सोना महज 36 रुपये सस्ता होकर 85020 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। दूसरी ओर, चांदी 173 रुपये सस्ती होकर 93480 रुपये प्रति किलो के रेट से खुली। वहीं, एमसीएक्स पर सोने का 4 अप्रैल का वायदा भाव 0.55 पर्सेंट महंगा होकर 84682 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। जबकि, चांदी डेढ़ बजे के करीब 0.42 पर्सेंट ऊपर 94726 रुपये प्रति किलो पर थी। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड की कीमत आज 36 रुपये टूटकर 84680 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है।



## नवरत्न कंपनी इरेडा के शेयर लगातार गिर रहे

**मुंबई।** नवरत्न कंपनी इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डिवेलपमेंट एजेंसी (इरेडा) के शेयर धड़ाम हो गए हैं। इरेडा के शेयर सोमवार को BSE में 7 पर्सेंट से अधिक टूटकर 143.25 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 5 ट्रेडिंग सेशंस में से 4 में कंपनी के शेयरों में गिरावट आई है। इरेडा के शेयर अपने 52 हफ्ते के हाई लेवल से 50 पर्सेंट से अधिक लुढ़क चुके हैं। पिछले 3 ट्रेडिंग सेशन में कंपनी के शेयरों में 16 पर्सेंट गिरावट आई है। इरेडा के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 121 रुपये है। IPO में इरेडा के शेयर का दाम 32 रुपये था।



▸▸ 32 रुपये से पहुंचा था 300 रुपये के पार

नवरत्न कंपनी के शेयर 29 नवंबर 2023 को BSE में 50 रुपये पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग वाले दिन ही कंपनी के शेयर उछाल के साथ 59.99 रुपये पर बंद हुए। लिस्टिंग के बाद इरेडा के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। कंपनी के शेयर 15 जुलाई 2024 को 310 रुपये पर पहुंच गए और 52 हफ्ते का नया हाई बनाया। इधर, कंपनी के शेयर लगातार दबाव में हैं। 52 हफ्ते के हाई 310 रुपये से इरेडा के शेयर 50 पर्सेंट से अधिक लुढ़क गए हैं।

### 6 महीने में इरेडा के शेयरों में 40% से ज्यादा गिरावट

इरेडा (IREDA) के शेयरों में पिछले 6 महीने में 40 पर्सेंट से अधिक की गिरावट आई है। कंपनी के शेयर 3 सितंबर 2024 को 239.25 रुपये पर थे। इरेडा के शेयर 3 मार्च 2025 को 143.25 रुपये पर जा पहुंचे हैं। इस साल अब तक नवरत्न कंपनी इरेडा के शेयरों में 35 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयर इस साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2025 को 221.80 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 3 मार्च 2025 को 143.25 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 3 महीने में इरेडा के शेयरों में 33 पर्सेंट के करीब गिरावट देखने को मिली है।

# राजस्थान में बनेगा सबसे लंबा 'ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे'

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के लिए बेहतर कनेक्टिविटी**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** पिछले साल राजस्थान बजट में घोषित 8 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस में शामिल जालोर-झालावाड़ा प्रोजेक्ट के लिए जमीनी स्तर पर काम शुरु हो चुका है। जालोर-झालवाड़ा और अजमेर-बांसवाड़ा प्रोजेक्ट के लिए मॉनिटरिंग उदयपुर पीडब्ल्यूडी (एनएच) विभाग कर रहा है। विभागीय जानकारी के अनुसार अब इस प्रोजेक्ट के लिए डीपीआर के लिए काम शुरू हो चुका है और संबंधित एजेंसी इस बहुआयामी प्रोजेक्ट के लिए सर्वे कार्य शुरू कर चुकी है। एजेंसी को डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) 18 माह में पेश करनी है। प्रदेश के सभी 8 एक्सप्रेस वे के लिए डीपीआर की ये ही डेडलाइन तय की गई है। बता दें इस साल राज्य बजट में प्रदेश के इन अहम प्रोजेक्ट के लिए 60 हजार करोड़ रुपए की घोषणा की जा चुकी है।



### राजस्थान के 7 प्रोजेक्ट के लिए भी कवायद तेज

जालोर-झालावाड़ एक्सप्रेस-वे (402 किमी) के अलावा 7 अन्य प्रोजेक्ट के लिए भी कवायद तेज हो चुकी है। जिसके तहत कोटपूतली-किशनगढ़ एक्सप्रेस-वे (181 किमी), जयपुर-भीलवाड़ा (193 किमी), बीकानेर-कोटपूतली (295 किमी), ब्यावर-भरतपुर (342 किमी), अजमेर-बांसवाड़ा (358 किमी), जयपुर-फलौदी (345 किमी), श्रीगंगानगर-कोटपूतली एक्सप्रेस वे (290 किमी) के लिए डीपीआर का काम प्रगति पर है।

### जालोर के लिए अहम प्रोजेक्ट

इस प्रोजेक्ट को जामनगर-अमृतसर भारतमाला प्रोजेक्ट से जोडऩे की कवायद है। जालोर में एग्रो उत्पाद में जीरा बहुतायात में होता है और जीवाणा में अनार की मंडी है, जहां से सालाना 1 हजार करोड़ का व्यापार होता है। ग्रेनाइट सिटी के रूप में पहचान रखने वाले जालोर के ग्रेनाइट उद्योग को यह प्रोजेक्ट भविष्य में नई ऊंचाइयां प्रदान करने वाला है।

### सभी प्रोजेक्ट की बन रही डीपीआर

कुल 9 एक्सप्रेस वे की घोषणा की गई थी, जिसमें से एक एनएचएई के कार्यक्षेत्र में है। अब पीडब्ल्यूडी (एनएच) के अंतर्गत 8 एक्सप्रेस है। जिनके लिए डीपीआर का काम प्रगति पर है। इसमें जालोर-झालावाड़ एक्सप्रेस वे भी शामिल है। इसकी कनेक्टिविटी जालोर के निकट अमृतसर-जामनगर इकोनॉमी कोरिडोर से तो दूसरे छोर पर झालावाड़ के निकट दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस तक प्रस्तावित है और शुरुआती सर्वे में 402 किमी इस प्रस्तावित रूट की एस्टीमेटेड कोस्ट 10 हजार 300 करोड़ है। जालोर-झालावाड़ ग्रीन फ़ील्ड एक्सप्रेसवे जालोर से शुरू होकर सिरोही, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बेगू, बिजौलिया, रावतभाटा, मोडक, और चेचट होते हुए झालावाड़ तक जाएगा।

# मनरेगा स्थल पर महिलाओं को दी योजनाओं की जानकारी

**▸▸ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन**
**▸▸ कम्प्यूटर कोर्स के बारे में दी गई जानकारी**




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत सोमवार को जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं और बालिकाओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित ने बताया- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत 2 से 8 मार्च तक जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र पर चर्चा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, रैली व सिग्नेचर कैंपिंग आदि का आयोजन महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत जेंडर स्पेशलिस्ट द्रौपदी भंडारी ने महिलाओं को लाडो प्रोत्साहन योजना के मुख्य उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक सोच एवं समग्र विकास सुनिश्चित करना, बालिका के पालन पोषण, शिक्षण, स्वास्थ्य में होने वाले लिंगभेद को रोकना, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्युदर में कमी लाना, बालिकाओं कि उच्च शिक्षा सुनिश्चित करना एवं बाल विवाह में कमी लाना है। इस योजना के तहत 1अगस्त 2024 के बाद जन्मी बालिकाओं को उनके जन्म से लेकर स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 1 लाख रुपए तक की राशि उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांरित की जाएगी। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री नारी उद्यम प्रोत्साहन योजना के विषय में जानकारी दी। केंद्र प्रबंधक तरुणा दवे ने महिलाओं को शिक्षा के महत्व के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का अभिन्न अंग है। शिक्षित महिला से ही शिक्षित समाज का विकास होता है। महिलाओं को शिक्षा सेतु योजना के विषय सहित निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स के विषय में आवश्यक जानकारी दी।

# श्री परशुराम सेवा संस्थान ने उपखंड अधिकारी को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**▸▸ जांच के नाम पर जनेऊ उतरवाने से नाराज**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** श्री परशुराम सेवा संस्थान के द्वारा मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को भीनमाल उपखंड अधिकारी मोहित कासनिया को राजस्थान सरकार द्वारा राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा में ब्राह्मण अभ्यर्थियों को जांच के नाम पर यादनपति (जनेऊ) उतरवाने के बाबत सौंपा गया ज्ञापन। ज्ञापन में कहा की राजस्थान सरकार एवं राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा समय-समय पर भर्ती परीक्षा आयोजन की जाती है जिसमें जांच के दौरान ब्राह्मण भारतीयों से उनके उद्योगपति जनेऊ को जांच के नाम पर उतरवाया जाता है जो की बहुत ही गलत असामान्य है किसी भी प्रकार का कोई संदेह नहीं होता है एवं उक्त भर्ती परीक्षा एवं उनके परीक्षार्थियों की जांच के नाम पर ब्राह्मण प्रतिभागियों से जनेऊ न उतरने के है उक्त प्रतियोगिता में अपमान महसूस होता है तथा उनके धारण करने के बाद कभी नहीं उतराई जाता है सिर्फ मृत्यु के पश्चात ही रिश्तेदारों द्वारा ही उतरी जाता है ज्ञापन में यह भी बताया गया है धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए राजस्थान सरकार एवं राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा भविष्य में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में ब्राह्मण अभ्यर्थियों को जनेऊ नहीं उतरने के लिए नियम बनाए जाए उक्त नियम का विशेष रूप से उल्लेख अनिवार्य रूप से पालन किया जाए।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान श्री परशुराम सेवा संस्थान भीनमाल के अध्यक्ष महेश दवे सचिव संकेत बोहरा जयेश दवे धीरज बोहरा परमानंद दवे एडवोकेट रवि कुमार बोहरा एडवोकेट गोपाल लाल नागर नगराज पुरोहित नंदकिशोर दवे निरंजन व्यास दिनेश बोहरा सुरेश बोहरा प्रकाश शर्मा प्यारेलाल व्यास रवि ठाकुर कैलाश बोहरा मुकेश बोहरा अशोक दवे चिराग बोहरा निलेश दवे शैलेश दवे मुकेश जोशी हितेश ठाकुर महेश बोहरा सुरेश बोरा अश्विन त्रिवेदी शेखर मनीष दवे सचदेवा बोहरा सहित सैकड़ो ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे।

# अब सरकारी स्कूलों में भी मिलेगी कम्प्यूटर शिक्षा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** जालोर नई शिक्षा नीति के तहत सरकारी स्कूलों में पहलीसे 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर शिक्षा अनिवार्य की है। शिक्षा विभाग ने पाठ्यक्रम जारीकर दिया है। मौजूदा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अद्धवार्षिक परीक्षा से ठीक पहले पाठ्य पुस्तकोंका वितरण कर दिया। आरएससीईआरटी कीसिफारिश पर आदेश जारी कर दिए हैं। विभाग कीओर से तैयार पाठ्यक्रम के अनुसार विद्यार्थियों को पढ़ाई करवाई जाएगी। स्कूलों में 9वीं से कंप्यूटर सब्जेक्ट पढ़ाया जा रहा था। जिले के 149 स्कूलोंमें विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा का फायदामिलेगा। नई शिक्षा नीति के तहत पहली कक्षा सेकंप्यूटर शिक्षा का अलग सिलेबस तय किया है।पहली कक्षा में हार्डवेयर से रूबरू होंगेबच्चे : राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवंप्रशिक्षण परिषद ने कक्षा एक से 5वीं तक केबच्चों के लिए आओ सीखे कंप्यूटर और कक्षाछह से 8वीं तक के बच्चों के लिए कंप्यूटर विज्ञानकी किताबें तैयार की है। राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल की ओर से प्रकाशन कराया। नईशिक्षा नीति के तहत 7वीं क्लास तक पढ़ाए जानेवाले चैप्टर जारी किए हैं। पहली क्लास में हीहार्डवेयर सिस्टम के बारे में जानकारी दी जाएगी।सरकारी स्कूलों में नामांकन कम होने पर शिक्षाविभाग द्वारा करवाए सर्वे में बच्चों ने कंप्यूटर शिक्षालागू करने के सुझाव दिए थे। अभिभावक शिक्षणव्यवस्था और संसाधनों को लेकर निजी स्कूलों सेतुलना करते हैं। इसमें सरकारी स्कूल पिछड़ जातेहैं।इधर, समीपी जिले सिरोही के माउंट आबूडाइट में कंप्यूटर अनुदेशकों को प्रशिक्षण :राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षणपरिषद उदयपुर की ओर से कक्षा पहली से5वीं की नवीन कंप्यूटर विषय की पाठ्यपुस्तकोंको लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण माउंट आबू स्थित जिला शिक्षाएवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में किया। यहांजिले के प्रत्येक ब्लॉक से 8 कंप्यूटरअनुदेशकों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण मेंसंदर्भ व्यक्ति अरठवाड़ा राउमावि के व्याख्यातासर प्रताप सिंह व आनंद प्रिय ने कंप्यूटरअनुदेशकों को प्रशिक्षण दिया।

### 8वीं के लिए 120, पहली कक्षा के लिए 40 घंटे का कोर्स

■ कंप्यूटर शिक्षा के लिए पूरे सत्र को कालांश (घंटेमें) में बांटा गया है। 8वीं कक्षा के विद्यार्थियों कोपूरे शैक्षणिक सत्र में 120 घंटे पढ़ाना है, जबकिसबसे छोटी पहली कक्षा के विद्यार्थियों के लिए यहपढ़ाई 40 घंटे तय की गई है। दूसरी, तीसरी औरचौथी कक्षा तक 60-60, पांचवीं के लिए 80 औरकक्षा छठी और 7वीं कक्षा के विद्यार्थियों को पूरे सत्रमें कुल 100-100 घंटे यह विषय पढ़ाना है।

# वैश्विक नारी शक्ति शिरोमणि अवार्ड

**▸▸ जयपुर में सम्मानित होंगी अंजू भट्ट**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रामसीन।** जयपुर में दुनिया का पहली बार अंतराष्ट्रीय समरसता मंच अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या 7 मार्च को जयपुर में वैश्विक नरी शक्ति सम्मेलन में कम सथल से विकास तक सेवा कार्यो का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम का प्रतिभा चयन समिति संयोजक जम्मू द्विप् पदम श्री अवार्ड से सम्मानित बौद्ध धर्म के धर्मगुरू लामा छछायों की अनुशंसा पर श्रीमती अंजु भट्ट ब्राह्मण समाज नारी शक्ति जिलाध्यक्ष जालोर राजस्थान का नेपाल सरकार के तीन केंद्रीय गृहमंत्री पूर्व विदेश मंत्री सम्माननीय उपेंद्र यादव के कर कमलों द्वारा दुनिया में पहली बार बैश्विक नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य सलाहकार एडवोकेट कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि वैश्विक नई सम्मेलन में 192 राष्ट्र का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। वैश्विक नारी शक्ति शिरोमणी अवार्ड में 22 राष्ट्रों की प्रतिभाओं का सम्मान में श्रीमती अंजु भट्ट का भी अभिनंदन किया जाएगा। सम्मेलन को राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि संबोधन करेंगे। सम्मेलन में मुख्य आकर्षक अंतराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा 45 करोड़ देवदुतों का प्रयागराज महाकुंभ 2025 में चरण वंदन चरण प्रक्षालन का प्रतिवेदन संयुक्त राष्ट्र संघ को विश्व में शांति पंचशील सिद्धांत रहेगा। प्रतिवेदन नेपाल सरकार भारत सरकार के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र को वासुदेव कुटुम्बकम के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

# सांचौर के मुख्य बाजार से हटाया अतिक्रमण

**▸▸ जाम की समस्या से निजात पाने को कार्रवाई**
**▸▸ बाहर रखा सामान किया जब्त**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांचौर।** सांचौर के मुख्य बाजार समेत कई इलाकों से अतिक्रमण हटाया गया। नगर परिषद ने दो दिन पहले व्यापारियों को भोंपू से चेतावनी दी थी। उन्हें स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने को कहा गया था। कई व्यापारियों ने इस चेतावनी की अनदेखी की। इसके बाद प्रशासन ने हाईवे चौराहे से मुख्य बाजार तक कार्रवाई शुरू की। यातायात जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने कार्रवाई की है। नगर परिषद और पुलिस प्रशासन ने सोमवार को संयुक्त अभियान चलाया। टीम ने दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त किया। सड़क पर खड़े वाहनों को क्रेन से हटाकर पुलिस लाइन में रखा गया। फुटपाथ और नालों पर रखे सामान को भी जब्त किया गया। बिना नंबर की बाइकों का चालान काटा गया। कुछ बाइकें जब्त भी की गईं। कार्रवाई चार रास्ता, सब्जी मंडी, विवेकानंद सर्कल, दरबार चौक गली, हाड़ेचा बस स्टैंड, बिश्नोई धर्मशाला, चौधरी धर्मशाला और बस स्टैंड पर की गई। कुछ व्यापारियों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया। उनका कहना था कि यातायात व्यवस्था के लिए ये जरूरी था। वहीं कुछ व्यापारी नाराज होकर प्रशासन से भिड़ गए। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। शहर में बढ़ते अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही थी। इस कार्रवाई से शहरवासियों को जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

# आंबेडकर छात्रावास जालोर प्रथम में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राजकीय अंबेडकर छात्रावास जालोर प्रथम के बारहवीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेपी नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश पूर्व बीजेपी नगर अध्यक्ष मौजूद रहे। इस दौरान बीजेपी युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष हेमेंद्र, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री मनोहर, छात्रावास अधीक्षक मेघवाल समाज छात्रावास जालोर के जयनारायण परिहार, उर्मिला दर्जी, गोपी कुमारी नर्सिंग ऑफिसर, सुरेश कुमार वाघेला मौजूद रहे।




# अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**▸▸ अंग्रेजी शराब की 24 बोतल, 111 पव्वे, 136 देसी शराब बरामद, पुलिस कर रही पूछताछ**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर की बागोड़ा पुलिस ने रविवार को शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने अंग्रेजी शराब की 24 बोतल,111 पव्वे, 37 बीयर व 136 देसी शराब बरामद की है। साथ ही आरोपी बालोतरा निवासी जगपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है। बागोड़ा थानाधिकारी हुकमाराम ने बताया- एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब तस्करी की रोकथाम के लिए ऑपरेशन भौकाल चलाया जा रहा है। इसके तहत



अवैध अंग्रेजी शराब की 24 बोतल, 111 पव्वे, 37 बीयर तथा 136 पब्वे देसी शराब के बरामद की है। बागोड़ा के तिलौड़ा से बालोतरा जिले के पचपदरा निवासी जगपालसिंह (31) पुत्र अमरसिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी के खिलाफ आगे की कार्यवाही कर रही है। पुलिस टीम में एएसआई धर्माराम, कॉन्स्टेबल मगनाराम, शंकरलाल,श्रवण कुमार व उम्मेदसिंह रहे।

### आमजन से विशेष अपील

एसपी ज्ञानचंद्र यादव ने आमजन से अपील की कि अवैध मादक पदार्थ डोडा के संबंध में पुलिस को सूचना दें। जालोर के युवा नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा- पोस्त, अफीम का दूध, स्मैक, एमडी इत्यादि की तस्करी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सांचौर के डूंगरी स्कूल को मिली सौगात

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**▪ भामाशाह ने भेंट किए 50 सेट टेबल और स्टूल, स्टूडेंट्स को मिलेगी सुविधा**

**सांचौर।** सांचौर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूंगरी में बोर्ड परीक्षा से पहले एक सराहनीय पहल सामने आई है। भामाशाह कोजाराम खीचड़ ने विद्यालय को 50 सेट टेबल-स्टूल भेंट किए हैं। कोजाराम खीचड़ ने बताया- 26 जनवरी 2025 को स्कूल प्रशासन ने उन्हें छात्रों के बैठने के लिए टेबल-स्टूल की कमी के बारे में अवगत कराया था। इस पर उन्होंने तुरंत 50 टेबल-स्टूल के सेट देने की घोषणा की। बोर्ड परीक्षा शुरू होने से एक दिन पहले उन्होंने 90,000 रुपए की लागत से खरीदे गए ये टेबल-स्टूल विद्यालय प्रशासन को सौंप दिए। कार्यक्रम में मौजूद तेजकरण भादू ने कहा-शिक्षा के लिए किया गया दान कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने अन्य भामाशाहों से भी सरकारी स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर प्रभुराम आंसू, मोहन लाल जाखड़, डा गणपत सिंह, कमलेश हंजावत, मोहन लाल सारण, लक्ष्मण गोरसिया, पप्पू राम दर्जी और घनश्याम गर्ग सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# करड़ा चौराहे पर दुकान में चोरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भीनमाल शहर के करड़ा चौराहे के पास स्थित सिद्धि विनायक हार्डवेयर की दुकान में बीती रात चोरी हो गई। चोर दुकान की छत पर लगी लोहे की चादर को खोलकर अंदर घुसे। चोरों ने गल्ले में रखे 7000 रुपए की नकदी पर हाथ साफ किया। चोरों ने वारदात को अंजाम देने के बाद छत की चादर को पहले जैसा लगा दिया। अंधेरे में दुकान के अंदर की तलाशी लेने के लिए माचिस की तीली का इस्तेमाल किया। सुबह दुकान मालिक रतनाराम को चोरी की जानकारी मिली। एसआई गनी मोहम्मद ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के अन्य सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के करड़ा मुख्य चौराहे पर नगरपालिका द्वारा लगाए गए सभी सीसीटीवी कैमरे खराब हैं। उन्होंने कई बार इसकी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कैमरे खराब होंने से चोरों को पकड़ने में परेशानी होती है।

# अखिल भारतीय योगासन प्रतियोगिता में जालोर के हितेश परिहार प्रतिभागी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** भारतीय सिविल सेवा योगासन प्रतियोगिता में राउमावि सूरजवाड़ा, जालोर से हितेश परिहार का चयन हुआ हैं। बता दे कि केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड नई दिल्ली के तत्वावधान में चंडीगढ़ में 5 से 8 मार्च तक अखिल भारतीय सिविल सेवा योगासन प्रतियोगिता होगी। जिसमें राजस्थान शासन सचिवालय की योगासन टीम में परिहार का चयन हुआ है। परिहार नेशनल योगासन के फेरेरी और राजस्थान टीम के योगा कोच हैं। वे जालोर योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव भी हैं। संस्था प्रधान गवरा राम पहाड़िया ने हितेश के चयन पर खुशी जताई। पूरे स्टाफ ने उन्हें बधाई दी। इस मौके पर व्याख्याता गजेंद्र सिंह, मन मोहन, अशोक कुमार, वरिष्ठ अध्यापक संदीप कुमार, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# मांडवला के सरकारी अस्पताल में सिर्फ एक डाक्टर

**▪ रोजाना 120 से ज्यादा आ रहे मरीज**
**▪ इलाज नहीं मिलने से बढ़ी परेशानी**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** जालोर के मांडवला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 5 डाक्टरों के पद स्वीकृत है। लेकिन वर्तमान में एक डाक्टर ही अस्पताल की व्यवस्था संभाल रहा है। इसके कारण मरीजों को इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच ने सोहनलाल गर्ग ने बताया कि जिले के मांडवला में अस्पताल से करीब 20 से अधिक गावों की आबादी जुड़ी हुई है। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल 5 डाक्टरों के पद स्वीकृत है। लेकिन वर्तमान में एक ही डाक्टर यहां कार्यरत है। मौसम में बदलाव होने से प्रतिदिन करीब 120 से अधिक ओपीडी आ रही है। वहीं डाक्टरों की कमी के चलते मरीजों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि 20 से 25 मरीज हर समय अस्पताल में भर्ती रहते है और मौसम में बदलाव होते ही मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। एक डाक्टर के भरोसे अस्पताल की व्यवस्था चल रही है। इसके कारण मरीजों को समय पर इलाज नही मिल पाता और उन्हें निजी अस्पताल में जाकर इलाज करवाना पड़ता है। सायला ब्लॉक बीसीएमओ रघुनंदन बिश्नोई ने बताया- जालोर में अभी डाक्टरों की कमी के चलते परेशानी हो रही है। उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है। जल्दी समाधान होगा।

# पूर्व विधायक देवल ने स्व. जैसाराम प्रजापत के परिजनों को दी सांत्वना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** कस्बे के स्व.जैसाराम प्रजापत का कुछ दिन पूर्व बीमारी के चलते अहमदाबाद में निधन हो गया था। सोमवार को रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल उनके निवास पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष दौलत सिंह कलापुरा, मारू प्रजापति सेवा संस्थान के अध्यक्ष नगाराम प्रजापत, पूर्व उपसरपंच धनाराम प्रजापत, जसवंत भाई प्रजापत, उत्तम भाई प्रजापत, ईश्वर भाई सैन, अशोक कुमार, रमेश कुमार, जीतू भाई, भरत कुमार सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे। देवल ने परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

**पश्चिम रेलवे-अहमदाबाद**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**विद्युत विभाग (निर्माण); ई-निविदा सूचना सं.: EL/C/ADI/GS/288/2024-25; (1) कार्य का नाम तथा इसके स्थान के साथ:** पश्चिम रेलवे के साबरमती अंतर्गत वंदे भारत ट्रेन सेट्स के लिए रखरखाव सुविधाओं की स्थापना के सम्बन्ध में 3 फेज़ 11/0.433 KV बिजली आपूर्ति प्रणाली का डिजाइन, फेब्रिकेशन, आपूर्ति, इंस्टॉलेशन, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग एवं संलग्न बिजली कार्य। **(2) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 4,12,76,216/-; **(3) जमा की जाने वाली बयाना राशि:** जैसा कि IREPS पोर्टल पर निर्दिष्ट है; **(4) बोली प्रस्तुत करने और खोलने की तिथि और समय:** जैसा कि IREPS पोर्टल पर निर्दिष्ट है; **(5) निविदा शुल्क:** जैसा कि IREPS पोर्टल पर निर्दिष्ट है; **(6) कार्य समापन अवधि:** 12 महीने; **(7) वेबसाइट का विवरण और नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता:** www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड और उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) का कार्यालय, पश्चिम रेलवे, निर्माण भवन - असारवा, अहमदाबाद (गुजरात - 382345) 129

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं संवर्द्धन अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (सी) अंतर्गत प्रावधानों सहित इसके परिपालन में अंतर्गत वृक्षों के उन्मुलन हेतु **जोन-VII** में **आर/मध्य वॉर्ड में 01 प्रस्ताव, आर/दक्षिण वॉर्ड में 02 प्रस्ताव अर्थात** कुल **03** प्रस्ताव महाराष्ट्र राज्य वृक्ष प्राधिकरण/बीएमसी वृक्ष प्राधिकरण/बीएमसी वृक्ष प्राधिकरण/महापालिका आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण समिती (बीएमसी) के पास वृक्ष निर्मूलन हेतु स्वीकृती के लिए प्राप्त हुए है।

कटाई/स्थानांतरण हेतु उक्त अंकित प्रस्तावों की जानकारी एमसीजीएम की वेबसाइट http://mcgm.gov.in, --> About us --> wards/ Departments --> Department manuals --> Gardens & Tree Authority - Tree Authority Advt. 7 days. **W.S.-Z-VII-65** पर उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों हेतु नागरिकों से यदि कोई हो, कार्यालय अधिक्षक उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकारी में इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिन के अंदर आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित है।

आप अपने आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में ई-मेल आईडी bdysg.ta@mcgm.gov.in पर भेज सकते है। निर्धारित समय में प्राप्त आपकी आपत्तियां/सुझावों को नोट किया जाएगा। उक्त दिनांक पश्चात ई-मेल या लिखित रूप में प्राप्त आपत्तियां/सुझावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्राप्त आपत्तियां/सुझावों की सुनवाई 12.03.2025 को शाम 04.30 से 05.00 बजे कार्यालय उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी में की जाएंगी।जो कोई भी इस सुनवाई में उपस्थित रहना चाहता है, अपनी आपत्तियां/सुझावों की निर्धारित प्रारूप में प्रतिलिपी के साथ उपस्थित रह सकते है।

**उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी,**
**कार्यालय उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी, 2 रा तल,**
**हंबोल्ट पेंगुइन बिल्डींग, वी.जे.बी. उद्यान एवं प्राणी संग्रहालय, संत सावता माळी मार्ग,**
**भायखळा (पूर्व), मुंबई 400027**
**फोन नं. 022-23742162,**
**ई-मेल:** dysg.ta@mcgm.gov.in

हस्ता./-
**उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी**

**PRO/2673/ADV/2024-25**

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ स्वच्छ धोएं।

## सुविचार

आप आज जो करते हैं उसपर भविष्य निर्भर करता है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## महिलाओं को मिले सुरक्षित माहौल

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नित नई योजनाएं एवं कानून बनाए गए हैं। लेकिन एक ऐसा खतरा महिलाओं पर भी बना हुआ है जिससे बचने के लिए फिलहाल कोई कानून या योजना मददगार नहीं हो पा रही, और वह है डिजिटल अपराध। ये बात सच है कि डिजिटल अपराध महज महिलाओं के साथ ही नहीं होते, ये पुरुषों के साथ भी बड़ी संख्या में देखे जा रहे हैं। लेकिन हम यहां बात कर रहे हैं महिलाओं के लिए सुरक्षित डिजिटल माहौल की। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को महिलाओं के लिए एक ऐसा सुरक्षित डिजिटल माहौल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे उनकी गरिमा और देश निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित हो सके। मेघवाल राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की ओर से आयोजित 'महिलाओं से जुड़े साइबर कानून और साइबर जागरुकता' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों, खासतौर पर महिलाओं से आग्रह किया कि वे मजबूत पासवर्ड रखें और ऑनलाइन निजी जानकारी साझा करने से बचें। मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और अपनी निजी जानकारी को ऑनलाइन कम से कम साझा करें। साइबर अपराध ऐसे होते हैं कि हम अक्सर अनजाने में फंसर जाते हैं। अजनबियों से लंबी बातचीत से बचें और ऑनलाइन अज्ञात लोगों के साथ बातचीत करते समय सतर्क रहें। अगर कोई साइबर अपराध होता है, तो तुरंत पुलिस को रिपोर्ट करें। मेघवाल ने डिजिटल क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से गलत प्रचार अभियानों, साइबर हमलों, फर्जी प्रोफाइल बनाने और वीडियो से छेड़छाड़ जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमने जो नए कानून बनाए हैं, वे इन मुद्दों को व्यापक रूप से संबोधित करते हैं। हम एआई आधारित गलत सूचना, डिजिटल अरेस्ट और अन्य साइबर अपराधों से निपटने के लिए प्रावधान शामिल किए हैं। कानून मंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए एक सुरक्षित डिजिटल माहौल बनाने की जरूरत है, जिससे उनकी गरिमा और देश के निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित हो सके। साइबर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और महिलाओं के साथ इसके संबंध को समझना जरूरी है। महिलाओं को बिना किसी डर के देश की प्रगति में योगदान देना जारी रखना चाहिए। साइबर अपराध उन्हें आगे बढ़ने से नहीं रोक सकते। मेघवाल ने 'साइबर सहेली' नाम की एक पुस्तक का भी अनावरण किया, जिसका मकसद परिवारों को साइबर सुरक्षा बारे में जागरूक करना है। 'साइबर सहेली' सभी के लिए एक मार्गदर्शक और समर्थन प्रणाली के रूप में काम करेगी। आईटी क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को लेकर मेघवाल ने कहा कि महिलाएं प्रौद्योगिकी में अग्रणी हैं।

## माधबी पुरी बुच पर गंभीर आरोप

# निवेशकों में भरोसा बनाने निष्पक्ष जांच जरूरी



डा.अनिता राठौर

मुंबई की विशेष भ्रष्टाचार-रोधी ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने 1 मार्च 2025 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की पूर्व प्रमुख माधबी पुरी बुच, सेबी के तीन अन्य अधिकारियों (अश्वनी भाटिया, अनंथ नारायण जी व कमलेशचंद्र वार्ष्णेय), बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के के पूर्व प्रमुख प्रमोद अग्रवाल और बीएसई के वर्तमान एमडी व सीईओ सुंदरामण राममूर्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने व जांच के आदेश दिए हैं। आरोप यह है कि नियामक प्राधिकरणों, विशेषकर सेबी ने सेबी कानून 1992 और उसके तहत नियम व विनियम का अनुपालन किए बिना और धोखे व सांठगांठ से एक कंपनी को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट किया। विशेष न्यायाधीश एसई बांगर के आदेश में कहा गया है, "नियामक खामियों और सांठगांठ के प्रथम दृष्टया साक्ष्य मौजूद हैं, जिनकी उचित व निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।" आदेश में महाराष्ट्र सरकार व भारत सरकार भी आरोपी हैं। ये आरोप एक निजी शिकायत में लगाए गये हैं, जिसे एक मुंबई निवासी सपन श्रीवास्तव ने दर्ज कराए हैं और अपनी याचिका में उन्होंने खुद को 'मीडिया रिपोर्टर' बताया है। उन्होंने बाजार नियामक और उसके प्रमुख व अन्य अधिकारियों के विरुद्ध जांच कराने की मांग की है कि नियमों का उल्लंघन व सांठगांठ करके काल्स रिफायनरीज नामक एक कंपनी को लिस्ट किया गया था, जबकि वह निर्धारित मानदंड को पूरा नहीं करती थी। एसीबी अदालत के आदेश में इस कंपनी का नाम नहीं लिया गया है। दूसरी ओर 2 मार्च 2025 को सेबी द्वारा जारी किए गए वक्तव्य में कहा गया है कि इस आदेश को चुनौती देने के लिए वह उचित कानूनी कदम उठाएगी और सभी मामलों में नियामक अनुपालन करने के लिए समर्पित है। सेबी के अनुसार, हालांकि यह अधिकारी प्रासंगिक समय (1994) पर संबंधित पदों पर नहीं थे, लेकिन 'अदालत ने बिना नोटिस जारी किए या सेबी को रिकॉर्ड पर तथ्य प्रस्तुत करने का अवसर दिए बिना ही' याचिका को स्वीकार कर लिया। बीएसई ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि अदालती कागजों में जिस काल्स रिफायनरीज नामक कंपनी का नाम लिया गया है, उसे बीएसई में 1994 में लिस्ट किया गया था। सेबी की पहली महिला प्रमुख माधबी पुरी बुच का तीन वर्ष का कार्यकाल 28 फरवरी 2025 को समाप्त हो गया, लेकिन अभी तक भी वह सेबी से अपने हाथ पूरी तरह से नहीं धो पाई हैं। हालांकि पद पर रहते हुए वह हितों के टकराव आरोपों और संसद की लोकलेखा समिति (पीएसी) के समक्ष पेश होने से तो बच गई थीं, लेकिन अब एसीबी अदालत ने उनके व अन्य अधिकारियों के खिलाफ एक कंपनी की लिस्टिंग के संदर्भ में एफआईआर दर्ज करने व जांच करने के आदेश दिए हैं। इस कंपनी को नियामक शर्तों का पालन



किए बिना ही लिस्ट करने का आरोप है, जिससे निवेशकों को नुकसान हुआ। अदालत ने कहा है कि पहली दृष्टि में यह मामला नियामक खामियों और सांठगांठ का प्रतीत होता है। नियामक संस्थाओं के प्रमुखों के विरुद्ध सांठगांठ व भ्रष्टाचार के आरोपों को साबित करना बहुत कठिन होता है। सेबी के एक अन्य प्रमुख सीबी भावे पर आरोप था कि उन्होंने एमसीएक्स-एसएक्स को पूर्णकालिक स्टॉक एक्सचेंज के रूप में कार्य करने दिया था, लेकिन कुछ वर्षों बाद इस केस को बंद कर दिया गया। पिछले साल साक्ष्यों के अभाव का सहारा लेते हुए सेबी ने एनएसई को-लोकेशन केस में आरोपों को वापस ले लिया था, जिसका अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि किसी ने भी इस मामले को गंभीरता व गहराई से नहीं देखा था। प्रमुख आरोप यह था कि कुछ व्यापारियों को अपने सर्वर एनएसई के सर्वर के पास लगाने दिया गया था ताकि उन्हें स्पीड का लाभ मिल सके- वह अपने प्रतिद्वंदियों की तुलना में तेज़ व्यापार कर पा रहे थे। एक पूर्व एनएसई प्रमुख, जिसे हिमालय से तथाकथित तौरपर एक धर्मगुरु से आदेश मिल रहे थे, को बरी कर दिया गया था। सेबी का गठन 1988 में हुआ था और तब से वह अनेक हाई-प्रोफाइल स्कैंडलों को झेल चुकी है। हालांकि कुछ स्कैंडल जैसे सत्यम केस में ऑडिटर्स की सांठगांठ थी, लेकिन तथ्य यह है कि निवेशकों को सेबी सुरक्षित रखने में नाकाम भी रही है। 1992 के हर्षद मेहता घोटाले ने, जब सेंसेक्स एक वर्ष में चार गुना उछल गया था, निवेशकों के विश्वास को लम्बे समय तक हिलाये रखा था। फिर केतन पारिख घोटाला था और आईएल एंड एफएस का ध्वस्त होना भी। सहारा केस में सेबी ने 25,000 करोड़ निवेशकों को वापस करने का आदेश दिया था, लेकिन 13 साल बीत जाने के बावजूद 10 प्रतिशत पैसा भी वापस नहीं किया गया है। भारत का स्टॉक बाजार नया नहीं है, लेकिन मध्यवर्ग का इसमें मजबूती के साथ हिस्सा लेना मात्र एक दशक पुराना है। हर महीने के बाद दूसरे महीने में, जब पोर्टफोलियो निवेशकों ने फंड्स निकाले भी हैं, मध्यवर्ग ने एसआईपी में अपना विश्वास बरकरार रखा है। पिछले अक्टूबर से अब तक सेंसेक्स में 10,000 पॉइंट्स से अधिक की गिरावट आयी है, जिससे मालूम होता है कि अब भी यह बाजार कितना कमजोर है। निवेशकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि इस समय जो आरोप लगे हैं, उनकी जल्द व निष्पक्ष जांच की जाए, दूध और पानी को अलग अलग किया जाए। पूर्व बैंकर व सिक्योरिटीज मार्किट एग्जीक्यूटिव माधबी पुरी बुच को 2 मार्च 2022 को केंद्रीय काबीना की नियुक्ति समिति ने सेबी का प्रमुख ऐसे समय में बनाया था, जब देश का सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), अपनी प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर विवादों के घेरे में था। आईआईएम-अहमदाबाद की छात्रा रहीं बुच सेबी के लिए पूर्णतः बाहरी व्यक्ति नहीं थीं, वह अप्रैल 2017 और अक्टूबर 2021 के बीच चार वर्ष से अधिक तक इसकी पूर्णकालिक सदस्य रहीं थीं। उस अवधि के दौरान उन्होंने विभिन्न पोर्टफोलियो की निगरानी की, जिनमें बाज़ारों के विनियमन व सर्विलांस से लेकर बाजार बिचौलियों, आर्थिक व नीति समीक्षा शामिल रहे। इस गहरी जानकारी व व्यक्तिगत अनुभव के मिश्रण के कारण बुच ने निजी वित्तीय क्षेत्र व सिक्योरिटीज उद्योग में तीन दशक से अधिक विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए, गुजारा था और उन्हें जो रेगुलेटर के समकालीन नज़रिये का ज्ञान था उसकी बदौलत उनसे उम्मीद की गई थी कि वह सेबी में अच्छा काम कर सकेंगी और नए-युग की नियामक चुनौतियों का सामना कर सकेंगी। लेकिन बतौर सेबी प्रमुख उनका कार्यकाल विवादों से भरा रहा। अब रिटायरमेंट के बाद वह फिर विवादों के घेरे में हैं।

इमेज

## पंचांग

मंगलवार, 4 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - फाल्गुन
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - पंचमी 15.18 तक
- वार - मंगलवार
- नक्षत्र - भरणी 26.38 तक
- योग - ऐंद्र 26.07 तक
- करण - कौलव 26.02 तक
- सूर्योदय - 06.57 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.43 (मुंबई)
- सूर्योदय - 07.01 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.44 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मेष
- अभिजित मुहूर्त - 12.26 से 13.14
- राहु काल - 15.47 से 17.16
- व्रत, त्यौहार - ज्वालामुखीयोग 15.18 तक, सूर्य पूमायां 18.41, रवियोग 18.41 तक एवं 26.38 प्रारंभ, याज्ञवल्क्य जयंती
- दिशा शूल - उत्तर

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## यहां हर बीमारी का इलाज! नमक-गुड़ का लगाएं भोग

वैथीश्वरन कोइल शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है, जो भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित है। इस मंदिर के देवता को लोकप्रिय रूप से उपचार या स्वास्थ्य के देवता के रूप में जाना जाता है। शिव को वैद्यनाथर या वैथीश्वरन के रूप में पूजा जाता है जिसका अर्थ है "चिकित्सा के देवता" और ऐसा माना जाता है कि वैथीश्वरन की प्रार्थना से बीमारियां ठीक हो जाती हैं। वैथीश्वरन शब्द 'वैद्य' यानी डाक्टर और 'ईश्वर' यानी भगवान से लिया गया है। यह नवग्रहों से जुड़े नौ मंदिरों में से एक है और मंगल ग्रह से जुड़ा माना जाता है। **मंदिर जहां ठीक होती हर बीमारी-** मंदिर का गोपुरम (मुख्य द्वार) पांच मंजिला है जिस पर सुंदर नक्काशियां बनी हुई हैं। यहां चोल राजवंश के समय की शिलालेख भी मौजूद है। चिदंबरम से लगभग 30 किमी की दूरी पर स्थित मंदिर और आसपास का गांव ताड़ के पत्ते के ज्योतिष या 'नाड़ी शास्त्र' के प्रसिद्ध शिल्प के लिए भी प्रसिद्ध है। मान्यता है कि यहां भगवान को नमक और गुड़ चढ़ाने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। मंदिर के प्रवेश द्वार के पास एक छोटा बाजार है जहां पूजा सामग्री, फूल और अन्य चीजें मिलती हैं। यहां घूमकर इस गांव की संस्कृति और परंपरा को करीब से देखा जा सकता है। **मंदिर की विशेषता-** वैथीश्वरन कोइल एक बड़ा और प्राचीन मंदिर है जो 10.7 एकड़ में फैला हुआ है। कहा जाता है कि यह मंदिर बीमारियों को दूर करने और अच्छी सेहत पाने के लिए खास माना जाता है। मंदिर में एक पांच मंजिला गोपुरम (मुख्य द्वार) है और इसके अंदर कई प्रांगण (खुले स्थान) हैं। गर्भगृह में भगवान शिव शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं। पहले प्रांगण में भगवान मुरुगन (सुब्रमण्य) की मूर्ति है, साथ ही नटराज, सोमस्कंद, दुर्गा, सूर्यदेव, और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां भी हैं। दूसरे प्रांगण में देवी थायालनायकी का मंदिर है जो औषधीय तेल लिए खड़ी हैं और भक्तों के रोगों को दूर करने का आशीर्वाद देती हैं। **पवित्र जल कुंड औषधीय गुणों से भरपूर-** मंदिर के पास एक पवित्र जल कुंड है जिसे औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। लोग इसका पानी दवा के रूप में उपयोग करने के लिए घर ले जाते हैं। मंदिर रोजाना सुबह 6:00 बजे से रात 8:30 बजे तक खुला रहता है। यहां स्वास्थ्य और कल्याण के वरदान के लिए हजारों भक्त आते हैं।

## तारीख विशेष

### दीना पाठक

दीना पाठक हिंदी फ़िल्मों की अभिनेत्री थीं। उनकी प्रसिद्ध फिल्मों में 'मौसम', 'किनारा', 'किताब', 'चितचोर', 'घरौंदा', 'गोलमाल', 'खूबसूरत' आदि शामिल हैं। दीना पाठक ने अपने करियर की अधिकतर फिल्में आर्ट निर्देशकों के साथ कीं। ऐसा इसलिए क्यूंकि वह थियेटर जगत से जुड़ी थीं और कमर्शियल फिल्मों की चमक-दमक उन्हें पसंद नहीं थी। भारतीय सिनेमा जगत में दीना पाठक ने ना सिर्फ अभिनय के क्षेत्र में अपना डंका बजाया बल्कि उन्होंने थियेटर जगत को सिनेमा के साथ जोड़ने में बेहद अहम भूमिका निभाई। आजादी से पहले महिलाओं का रंगमंच से जुड़ाव बेहद कम होता था। ऐसे समय में भी दीना पाठक ने रंगमंच को अपनी कर्मभूमि बनाया और उसमें सफलता हासिल करने की कोशिश की। अंग्रेजों से लड़ाई की जंग में दीना पाठक ने भी अपना योगदान दिया। उन्होंने नुक्कड़ नाटकों द्वारा जनता को अंग्रेजों के ख़िलाफ़ एकजुट होने की अपील की। गुजराती थियेटर को अपनी पहचान दिलाने में दीना पाठक का बेहद अहम योगदान रहा है। 1940 से ही दीना पाठक गुजराती थियेटरों में काम करने लगीं थीं। दीना पाठक की बेटियां रत्ना पाठक और सुप्रिया पाठक भी हिंदी कला जगत् की चर्चित अभिनेत्री हैं। दोनों ने ही अधिकतर हास्य प्रधान टीवी कार्यक्रमों में अपनी छाप छोड़ी है। 80 के दशक के सबसे चर्चित टीवी शो 'मालगुड़ी डेज' में भी दीना पाठक नज़र आईं। दीना पाठक की आख़िरी फिल्म साल 2003 की 'पिंजर' थी। दीना पाठक का जन्म गुजरात के अमरेली में 4 मार्च, 1922 को हुआ था और उनके पिताजी सिविल इंजीनियर थे। उनकी परवरिश पूना और बंबई में भी हुई थी। इसलिए, वे मराठी भी अच्छी बोल लेतीं थीं। उनकी पढ़ाई के दिनों में आजादी का आंदोलन अपने जोरों पर था। इस लिए उन दिनों शेरी नाटक का भी खूब चलन था। दीना जी, यानी उस समय की दीना गांधी, भी उनमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती थीं। वे खासकर महिला जागृति के लिए कार्यशील थीं। विविध आंदोलनों का हिस्सा होने की वजह से उन्होंने कारावास भी सहा था। उनकी बड़ी बहन शांता गांधी तथा छोटी बहन तरला भी थियेटर से जुड़ी थीं।

## डा. पूर्णिमा देवी बर्मन

# असाधारण वन्यजीव संरक्षक

वीना गौतम

**भारतीय जीव विज्ञानी और वन्यजीव संरक्षणवादी डा. पूर्णिमा देवी बर्मन को टाइम पत्रिका की 'वुमन ऑफ द ईयर-2025' सूची में शामिल किया गया है। असम की निवासी डा. बर्मन इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल होने वाली अब तक की एकमात्र भारतीय महिला हैं, जिन्हें असाधारण वन्यजीव संरक्षण कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। डा.बर्मन ने ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क के संरक्षण के लिए 'हर्गिला आर्मी' नामक एक महिला केंद्रित आंदोलन की शुरुआत की जिसने स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाते हुए इस दुर्लभ पक्षी की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। उनके प्रयासों से असम में सारस पक्षी की इस विशेष जाति की संख्या पिछले कुछ सालों में 450 से बढ़कर अब 1800 से ज्यादा हो गई है। उनके नेतृत्व में हर्गिला आर्मी ने न केवल पक्षी संरक्षण में योगदान दिया है बल्कि महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। क्योंकि उनकी इस पहल के कारण महिलाएं हर्गिला के चित्रों वाले वस्त्र बनाकर बड़ी आसानी से अपनी अजीविका कमा रही हैं।**

इमेज

गौरतलब है कि डा.बर्मन को साल 2022 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनपीई) द्वारा 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था, जो पर्यावरण के क्षेत्र का सर्वोच्च पुरस्कार समझा जाता है। बहरहाल डा.पूर्णिमा देवी बर्मन के टाइम वुमन ऑफ द ईयर-2025 की सूची में शामिल होने पर असम के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी उन्हें बधाई दी गई है और उन्हें एक प्रेरणा स्रोत के रूप में सराहा गया है। डा.पूर्णिमा देवी बर्मन का समर्पण और प्रयास न केवल वन्यजीव संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है बल्कि सामाजिक परिवर्तन और महिला सशक्तिकरण के मामले में भी वह एक मिसाल कायम कर रहा है। मालूम हो कि साल 2020 में टाइम मैगजीन द्वारा 'वुमन ऑफ द ईयर' सूची की शुरुआत की गई, जिसमें हर साल दुनियाभर की 12 विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही सर्वोच्च महिलाएं चुनी जाती हैं। असम के कामरूप क्षेत्र में जन्मीं पूर्णिमा देवी बर्मन ने गुवाहाटी विश्वविद्यालय से पर्यावरण विज्ञान और वन्यजीव विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ जियोलोजी में मास्टर डिग्री की है, साल 2007 में अपने पीएचडी शोध के दौरान उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति ने एक पेड़ से ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क (हर्गिला) का घोंसला काटकर गिरा दिया, तब उन्होंने पाया कि यह पक्षी अपनी बनावट और मांसाहारी प्रकृति के कारण बुरा लगता है। यह देखकर पूर्णिमा देवी ने अपनी पीएचडी छोड़कर स्थानीय लोगों को इस पक्षी के पर्यावरणीय महत्व के बारे में समझाना शुरु किया और लगातार कई सालों तक किए गए अपने विनम्र प्रयास के कारण आज यहां के लोगों का इस विशेष सारस प्रजाति के प्रति बेहद खास लगाव पैदा हो गया है, जिस कारण अब ये यहां बेफिक्र होकर उड़ते हैं। अब इनकी संख्या में भी लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पूर्णिमा देवी ने पहले कुछ लोगों को इस पक्षी के पर्यावरणीय महत्व को समझाया और फिर उन लोगों को भी इसके बचाव अभियान में शामिल कर लिया। इस तरह वह लगातार लोगों को इस अभियान के साथ जोड़ती रहीं, जिन्हें हर्गिला आर्मी के नाम से जाना जाता है,इसमें अधिकतर महिलाएं हैं जो सारस हर्गिला के बचाव का काम करती हैं। डा.पूर्णिमा देवी बर्मन ने हर्गिला को बचाने के लिए अरण्यक संगठन बनाया और उसमें उन्होंने वरिष्ठ वन्यजीव विज्ञानी के रूप में काम किया। डा.पूर्णिमा देवी वुमन इन नेचर नेटवर्क इंडिया की निदेशक भी हैं और आईयूसीएन स्टॉर्क, आईबीआईएस और स्पून बिल स्पेशलिस्ट ग्रुप की सदस्य भी हैं। इस दुर्लभ पक्षी हर्गिला को बचाने के लिए सबसे पहले उन्होंने इसे लेकर लोगों की धारणा बदली। 16 साल तक किए गये अपने अथक प्रयासों के बाद उन्होंने कामरूप कामाख्या क्षेत्र में 10 हजार महिलाओं की हर्गिला आर्मी टीम तैयार की है, जो इस पक्षी के घोंसलों की सुरक्षा करती है। घायल सारसों की देखभाल करती हैं और नवजात सारसों के जन्म पर बेबी शावर जैसी परंपराओं को अपनाकर संरक्षण को समाज से जोड़ने का काम कर रही हैं। उनके अथक प्रयासों के चलते आज ग्रेटर एडजुटेंट सारस को आईयूसीएन (अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ) द्वारा 'संकटग्रस्त' से 'निकट संकटग्रस्त' श्रेणी में लाया जा चुका है। उनकी पहल केवल सारस संरक्षण तक ही सीमित नहीं रही, उन्होंने स्थानीय महिलाओं को बुनाई करियर की ओर भी प्रेरित किया है और उनके लिए करघे तथा धागे उपलब्ध कराकर हर्गिला आकृति वाले कपड़े बनाकर बेचने का एक मजबूत बिजनेस तैयार किया है। पूर्णिमा देवी बर्मन को साल 2017 में भारत के सर्वोच्च महिला सम्मान 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है, जो उन्हें भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा प्रदान किया गया था। उसी वर्ष उन्हें ब्रिटेन की राजकुमारी एनी द्वारा प्रस्तुत व्हिटली अवॉर्ड (ग्रीन ऑस्कर) से भी सम्मानित किया गया। दुनिया की मशहूर टाइम पत्रिका की वुमन ऑफ द ईयर सूची का उद्देश्य उन महिलाओं को सम्मानित करना होता है, जिन्होंने अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया होता है और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाला होता है। वास्तव में यह पहल महिलाओं की उपलब्धियों पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए बनाई गई है। इस सूची की शुरुआत 2020 से हुई थी और अब तक के इतिहास में टाइम ने पहली बार वुमन ऑफ द ईयर परियोजनाओं के तहत 100 महिलाओं को सम्मानित किया। टाइम की इस सूची में दुनिया के एक से बढ़कर एक महत्वपूर्ण शख्सियतें शामिल की जा चुकी हैं। लेकिन डा.पूर्णिमा देवी बर्मन भारत की तरफ से इस सूची का हिस्सा बनने वाली अकेली महिला हैं किसी और भारतीय को यह सम्मान नहीं मिला है। डा. बर्मन को आज भी याद है कि किस तरह उन्होंने 2007 के उस दिन जब एक पेड़ को कटते देखा, जिसमें ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क यानी बृहद सारस के परिवार का घर था और वह कुछ महिलाओं के साथ जब पेड़ काटने वालों से पूछ कि वह ऐसा क्यों कर रहे हैं, तो सभी ने उन्हें घेर लिया और उन पर सीटी बजाना शुरु कर दिया।

## गीता सार



यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव।
येन भूतान्यशेषेण द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि॥

-: हिंदी भावार्थ :-

हे अर्जुन! जिसको जानकर फिर तुम इस प्रकार मोह को नहीं प्राप्त होगे। जिस ज्ञान द्वारा तुम सम्पूर्ण भूतों को पहले अपने में और फिर मुझ (परमात्मा) में देखोगे॥

## पाठक पाती

### दिल्ली में यमुना सफाई जटिल और महत्वपूर्ण मुद्दा

यमुना नदी की सफाई एक जटिल और महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिस पर केंद्रीय जल मंत्रालय कार्य योजना तैयार करने जा रहा है। यह योजना यमुना नदी की सफाई के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करेगी, जिसमें उद्गम स्थल से लेकर दिल्ली और उसके आगे तक की सफाई शामिल होगी। एक समय 58 सदस्यों के साथ शुरू हुआ अपर यमुना रिवर बोर्ड अब केवल दो सदस्यों तक सिमट चुका है। समय के साथ नए पदों पर नियुक्तियां नहीं हुईं, जिससे धीरे-धीरे कई पद समाप्त हो गए। अब संसदीय समिति ने इस पर गंभीर चिंता जताते हुए इन पदों को फिर से भरने की सिफारिश की है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय ने भी भरोसा दिलाया है कि जल्द ही कैडर पुनरीक्षण कर इन रिक्त पदों को भरा जाएगा। इस योजना के लिए जन सहयोग लेना बहुत ही महत्वपूर्ण होगा। यदि हमारे धर्मगुरु और यमुना किनारे बसे गांव के लोग इस शुभ कार्य में श्रमदान करने के लिए आगे आएं, तो यह एक सोने पर सुहागा की स्थिति होगी। इसका फायदा क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा। इसके अलावा, यमुना में गंदा जल मिलने वाली इकाइयों पर सख्त कार्यवाही की जाना चाहिए। यदि गंदा जल मिलता रहा, तो यह अभियान विफल हो जाएगा। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम यमुना नदी की सफाई के लिए एक व्यापक और प्रभावी योजना बनाएं।

- सुभाष बुडावन वाला, रतलाम, मप्र

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और अपनी निजी जानकारी को ऑनलाइन कम से कम साझा करें। साइबर अपराध ऐसे होते हैं कि हम अक्सर अनजाने में फंस जाते हैं। अजनबियों से लंबी बातचीत से बचें और ऑनलाइन अज्ञात लोगों के साथ बातचीत करते समय सतर्क रहें।

-अर्जुनराम मेघवाल



कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा जी रोहित शर्मा की बॉडी शेमिंग करना सरासर दुस्साहस है। ये वही कांग्रेस है जिसने दशकों तक खिलाड़ियों का अपमानित किया, उन्हें मान्यता नहीं दी। जो पार्टी भाई-भतीजावाद पर पनपती है वह स्व-निर्मित चैंपियन का व्याख्यान कर रही है।"

-राधिका खेड़ा



हमें पुतिन के बारे में चिंता करने में समय नहीं बिताना चाहिए। हमें हमारे देश में घुस रहे प्रवासी रेप गैंग्स, ड्रग माफियाओं, हत्यारों और मानसिक संस्थानों के लोगों के बारे में चिंता करने में ज्यादा समय बिताना चाहिए, ताकि हम यूरोप की तरह न हो जाएं।

-डोनाल्ड ट्रंप

## कुछ अलग | अजब गजब

# दिल जीत लेगा भारतीय फौजियों का ये वीडियो, मुश्किल हालात में भी करते मौज-मस्ती

हमारे देश की सीमा पर दुश्मनों की नजर हमेशा रहती है। सीमाई इलाकों में पड़ोसी मुल्क अक्सर आतंकी वारदातों को अंजाम देने की कोशिश में लगे रहते हैं। लेकिन उनके मंसूबों को भारतीय फौज हर बार नाकाम कर देती है। सीमा पर हमारे फौजी मुस्तैदी से विपरित परिस्थितियों में भी भारत मां की रक्षा में लगे रहते हैं। लेकिन उनका मनोबल टूटता नहीं है। वे विषम स्थिति में भी मस्ती का मौका तलाश ही लेते हैं। सोशल मीडिया पर भारतीय फौजियों का एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है, जो दिल जीत लेगा। इस वीडियो में हमारे फौजी भाई मुश्किल हालात में भी मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। कोरोना के समय पर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदा में अवसर तलाशने की बात कही थी। इस वीडियो में वैसा ही कुछ देखने को मिलेगा। दरअसल, बर्फ से घिरे सीमाई इलाकों में भीषण ठंड के बीच रहना मुश्किल होता है। लेकिन आपदा में अवसर तलाशने की तरह हमारे भारतीय सैनिक बर्फ में मस्ती करते नजर आए। वो अपनी कर्मभूमि को पिकनिक की तरह एन्जॉय करते दिखे। देश की रक्षा का इससे बेहतर उदाहरण कुछ हो ही नहीं सकता। वायरल हो रहे वीडियो में आप देख सकते हैं कि चारों तरफ बर्फ की चादर बिछी हुई है। दूसरी ओर कंटीली तारों से घिरे बॉर्डर को देखा जा सकता है।



दूसरे तरफ कोई भी फौजी नहीं है, जिससे पता चलता है कि हमारे फौजी अपनी सीमा की रक्षा में 365 दिन जुटे रहते हैं, जबकि पड़ोसी मुल्क के लोग बॉर्डर एरिया छोड़कर चले जाते हैं। इस वीडियो में भारतीय फौजी उलटी तरफ से गुलाटी मारने की कोशिश करता है। इंस्टाग्राम पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक इस फौजी का नाम चिंतन चौधरी है। इसके बाद चिंतन लगातार बर्फ में मस्ती कर रहा है। बीच में एक अन्य फौजी भी चिंतन के साथ मस्ती करता है। चिंतन हंसते हुए, दूसरी ओर जाते हैं। लेकिन उनकी मस्ती नहीं रुकती। इंस्टाग्राम पर चिंतन का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। अब तक इस वीडियो को 1 करोड़ 81 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। वहीं, लाखों लोगों ने इसे लाइक और शेयर किया है। वीडियो पर हजारों की संख्या में कमेंट्स भी आए हैं। लोगों ने जमकर भारतीय फौजी की तारीफ की है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# महाप्रबंधक अमिताभ ने दुर्घटना राहत गाड़ी एवं अनुरक्षण शेड का उद्घाटन किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने सोमवार को फुलेरा रेलवे स्टेशन पर दुर्घटना राहत गाड़ी एवं अनुरक्षण शेड फुलेरा का प्रवीण कुमार प्रबंध निदेशक-डीएफसीसी आईएल एवं विकास पुरवार मंडल रेल प्रबंधक जयपुर, शिवेंद्र मोहन, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर की गरिमामयी उपस्थिति में उद्घाटन किया। कृष्ण कुमार मीना वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीना ने बताया कि जयपुर मंडल के फुलेरा रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक अमिताभ नें दुर्घटना राहत गाड़ी एवं अनुरक्षण शेड फुलेरा का उद्घाटन एवं वृक्षारोपण किया। साथ ही लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, ट्रैकमैन व अन्य विभाग सहित ट्रेन संचालन से जुड़े कर्मचारियों से संरक्षा संवाद कर उनकी समस्याएं को धैर्यपूर्वक सुनकर समस्याओं का शीघ्र ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान वैगन कैयर कॉम्पलेक्स, पारिस्थितिक पार्क में नई स्काउट और गाइड सुविधाओं का निरीक्षण, सामुदायिक भवन, रेलवे हॉस्पिटल, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कंट्रोल टॉवर साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक अमिताभ के साथ प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक मदन राम देवड़ा, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर पीयूष माथुर,अपर मंडल रेल प्रबंधक संजीव दीक्षित, सीटीई उत्तर पश्चिम रेलवे जितेंद्र पाट्वा,सीई/एलई राजेश कुल्हारी,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर प्रमोद रावत, मंडल वाणिज्य प्रबंधक जगदीश कुमार साथ ही मुख्यालय व मंडल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। इस मौके पर नागरिकों द्वारा महाप्रबंधक का स्वागत किया गया व अपनी रेल से संबंधित समस्याओं का ज्ञापन दिया।

## जिले के किसानों का दल पशुपालन व डेयरी तकनीक के प्रशिक्षण के लिए मथुरा रवाना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** किसानों को नई तकनीक सिखाने के उद्देश्य से आज जिले के 40 प्रगतिशील किसानों का दल पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान मथुरा (उत्तर प्रदेश) में सात दिवसीय अंतर राज्यीय कृषक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रवाना हुआ। प्रशिक्षण दल को कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीना एवं उप निदेशक आत्मा डॉ. संदीप कुमार शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीना ने किसानों से कहा कि संस्थान के विषय विशेषज्ञों से अच्छी तरह संवाद कर कृषि में नवाचार करें तथा प्रशिक्षण में सीखी गई पशुपालन व डेयरी तकनीकी का स्वयं प्रयोग करने के साथ ही अपने गांवों में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कर अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें। उप निदेशक आत्मा डॉ. संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्राी बजट घोषणा 2024-25 में राजस्थान कौशल एवं क्षमता संवर्धन घोषणा के तहत आत्मा योजनान्तर्गत जिले की अलग-अलग पंचायत समितियों से चयनित 40 प्रगतिशील किसानों के दल को 9 मार्च तक पशुपालन व डेयरी तकनीकी विषय के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु मथुरा भेजा गया है। दल के प्रभारी सहायक कृषि अधिकारी श्री राकेश कुमार बैरवा हैं।

# जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में किसी प्रकार के रुकावट के निस्तारण हेतु उच्च स्तर पर स्मरण पत्र अथवा अर्द्धशासकीय पत्र लिखे जाएं। इस दौरान बैठक में जिला कलक्टर ने खाद्य सुरक्षा आवेदनों की स्थिति पर जानकारी ली। उन्होंने जिला रसद अधिकारी को खाद्य सुरक्षा के ई-मित्र स्तर पर लंबित आवेदनों की सूची भिजवाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बदलते मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियें के संबंध में पूर्ण तैयारियां रखने हेतु चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने नगर परिषद को जलभराव के संबंध में समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने एग्रीस्टैक फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए कहा कि आने वाले शिविरों में अधिक से अधिक पंजीकरण के प्रयास किये जायें। इस दौरान उन्होंने एसडीआरएफ के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिये। उन्होंने लंबित परिवादों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को तीव्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। बैठक में उपखण्ड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मासूम को इंसाफ दिलाने के लिए छेड़ेंगे आंदोलन : जूली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष (विधानसभा) टीकाराम जूली ने कहा कि जिले सहित पूरे प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगड़ी पड़ी है। नौगांवा के रघुनाथगढ़ में एक माह की बच्ची की मौत पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने अपने बयान में लिखा है कि केवल 5 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने से काम नहीं चलेगा। पूरे थाने पर कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस अब पूरे मामले पर पर्दा डालने में लगी है। मासूम की हत्या के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की लड़ाई लड़ेंगे। इसके लिए प्रदेशभर में आंदोलन छेड़ेंगे।

# 'भागवत में सतयुग के राजा पृथु जन कल्याण के कामों की मिसाल हैं'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ग्राम जोड़ी में ठाकुर आनंद सिंह, नीरू सिंह व यजमान ज्योतिका सिंह, मधुसूदन सिंह के द्वारा आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास पं. रामपाल शर्मा शास्त्री जैसलान ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जन कल्याण व लोकोपयोगी कामों को सर्वाधिक महत्व देना सनातन धर्म के शासकों की परम्परा रही है। लाखों वर्ष पूर्व सतयुग में हुए राजा पृथु जिनके नाम से धरती का नाम पृथ्वी है उनके द्वारा सबसे पहले कृषि विस्तार, भूमि समतलीकरण, वर्षा जल संग्रहण आदि के विभिन्न जनकल्याणकारी काम प्राथमिकता से कराये। यहां तक कि उनके द्वारा कराये जाने वाले कामों में ग्रामीण व नगरीय विकास नियोजन, कृषि संस्कृति का बढ़ावा, प्रजा के रोजगार की व्यवस्था व जनोपयोगी समुचित कर संग्हण का उल्लेख भी भागवत में मिलता है। इसी क्रम में ईश्वरीय अवतार परमहंस ऋषभेव व उनके पुत्र भरत के चरित में जनता जनार्दन तथा ईश्वर के प्रति समर्पण व भक्ति भाव का संदेश दिया गया है। माया में फंसा जीव ही अजामिल है यह सही है कि अंत समय में अजामिल द्वारा अपने पुत्र नारायण का नाम लेने मात्र से उसकी मुक्ति का रास्ता खुल गया था। मगर इसके पीछे उसके द्वारा पूर्व जन्म में संचित तपस्या का फल भी था। भगवान को अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवतरित होना पड़ता है। भक्त प्रह्लाद को बचाने तथा लोभी व भोगी आदि दैत्य हिरण्यकशिपु के उद्धार के लिए भगवान् नृसिंह रूप में आये। कथा के दौरान वर्णन किया कि नारी शक्ति के सम्मान के लिए शिवजी अर्द्ध नारीश्वर बने। तथा त्रिपुर नामक आसुरी वृत्ति के उद्धार से उनका नाम त्रिपुरारि पड़ा। गजेन्द्र मोक्ष हमें यह शिक्षा देता है कि विषय भोगों में प्यासा जीव संसार सागर में कैसे फंसता है। समुद्र मंथन की सीख यह है कि संसार समुद्र के मंथन में सबसे पहले जगत के विषय ही विष रूप में सामने आएंगे।

# महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** श्री एस जे डी अग्रवाल तोला स्मृति महिला पी जी महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मान प्रताप जी कस्वां सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी कि अध्यक्षता में आयोजित समारोह का सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ किया गया। संस्थाध्यक्ष रामावतार बैरासरिया ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में महाविद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। रेणु पुत्री सुभाष चंद्र को एम. ए. संस्कृत में विश्वविद्यालय टॉप करने पर नगद राशि एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सुनीता पुत्री राजकुमार व निशा पुत्री विनोदकुमार के खेलो इंडिया मे बॉक्सिंग प्रतियोगिता मे चयन होने पर मेडल एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इसी क्रम मे महाविद्यालय में सत्र पर्यन्त आयोजित सह शैक्षणिक गतिविधियों मे प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर विजेता रही छात्राओं को भी प्रतीक चिन्ह व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष मान प्रताप जी कस्वां ने तोला महिला महाविद्यालय की महिला शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए छात्राओं को कठोर मेहनत करने और भारतीय संस्कृति के अनुरूप जीवन शैली अपनाने की सलाह दी।

# भाजपा नेता ओमप्रकाश खीचड़ सम्मानित



**सादुलपुर।** राजगढ़ के गांव घणाऊ में श्री गोरक्षनाथ गौशाला में पूज्य महाराज कथावाचक जितेन्द्र द्वारा सात दिवसीय भागवत कथा वाचन कार्यक्रम में भाजपा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड़ एवं भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर ने पहुंचकर पूज्य महाराज जितेंद्र का भागवत कथा प्रवचन का श्रवण किया। इस मौके पर गौशाला पदाधिकारियों द्वारा भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खिचड़ व भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर, महंत जगदीश पुरी महाराज का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओं को किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड़ ने अपने विचार को प्रकट कर बताया कि भागवत में सृष्टि की रचना का तात्पर्य है कि परब्रह्म परमात्मा ही अपने ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीन रूप से संसार की संरचना, पालन और प्रलय करता है।

# नागरिक विकास परिषद भवन में पांच बड़े ऑक्सीजन सिलेंडर व पांच एयरबैड की सेवा का लोकार्पण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सेवा का अर्थ है दूसरों को ईश्वर का अंश मानते हुए उनकी भलाई के लिए कार्य करना। हादसों में पीड़ित मानवता को बिना किसी जाति, धर्म, वर्ग, भाषा भेद के सेवा करना आत्मसंतोष देता है। ये प्रेरणा श्रीडूंगरगढ़ न्यायालय के न्यायाधीश हर्ष कुमार ने क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं को दी। वे नागरिक विकास परिषद भवन में पांच बड़े ऑक्सीजन सिलेंडर व पांच एयरबैड की सेवा के लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहें थे। हर्ष कुमार ने कहा कि सेवा कार्य करने वाले सामाजिक दायित्वों के प्रति भी जागरूक होकर समाज की कुरीतियों को खिलाफ चेतना प्रसार पर भी ध्यान दें। यहां कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थाध्यक्ष जगदीश स्वामी ने बताया कि संस्था के वरिष्ठ कार्यकर्ता तुलसीराम चौरड़िया की प्रेरणा से दानदाता राजेश कुमार पुत्र नोरतमल चोरड़िया द्वारा पांच बड़े ऑक्सिजन सिलेंडर और सोहनलाल सेठिया द्वारा पांच एयरबैड नागरिकों की सेवा के लिए समर्पित किए गए है। स्वामी ने बताया कि परिषद द्वारा ऑक्सीजन मशीनें, ऑक्सीजन सिलेंडर, एंबुलेंस, शव वाहन, शव फ्रीजर, सर्जीकल बैड, व्हील चौयर सहित विभिन्न चिकित्सा उपयोगी मशीनें क्षेत्रवासियों की सेवार्थ संचालित की जानकारी दी।

# राजस्थानी फिल्म 'बेटी है वरदान' का गोविंद देवजी के मंदिर में मुहूर्त

## बेटा-बेटी एक समान के संदेश को जनमानस तक पहुंचाएगी, यह फिल्म



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** साहू फिल्म प्रोडक्शन रतननगर के बैनर तले बनने जा रही राजस्थानी फिल्म बेटी है वरदान का शुभ मुहूर्त गुलाबी नगर जयपुर के आराध्य देव गोविंद देवजी के मंदिर में वैदिक मंत्रोंचार के साथ पूर्ण विधि विधान से संपन्न हुआ। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी ने फिल्म का पूजन कर शुभारंभ किया। फिल्म की टीम को मंदिर प्रशासन द्वारा दुपट्टा पहनाकर और प्रसाद भेंटकर स्वागत सम्मान किया। फिल्म के निर्माता, निर्देशक, वरिष्ठ कलाकार उग्रसेन तंवर ने बताया कि यह एक पारिवारिक राजस्थानी फिल्म है जिसे संपूर्ण परिवार के साथ बैठकर देखा जा सकता है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे आज के इस आधुनिक जमाने में भी बेटी के प्रति लोगों की सोच अभी बदली नहीं है लोग अभी भी बेटे और बेटी में फर्क करते हैं। बेटा-बेटी एक समान के संदेश को यह फिल्म जनमानस तक पहुंचाएगी। मुहूर्त के बाद मंदिर में कलाकारों पर विभिन्न दृश्य फिल्माए गए। फिल्म में वरिष्ठ कलाकार उग्रसेन तंवर, रेखा परिहार व यूट्यूबर मनीष साहू फिल्म की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। व सहायक कलाकार शंकरलाल सैनी रतननगर चूरू भी अभिनय करेंगे। फिल्म के मधुर गीतों को सिंगर रेखा परिहार व दिलबर हुसैन ने अपनी मधुर आवाज से सजाया है। मुहूर्त पर फिल्म के निर्माता व लेखक गणेश साहू , बनवारीलाल साहू, मुकेश तंवर, फिल्म से जुड़े पंडित विजयशंकर पांडे, राजेंद्र राव, चंद्रशेखर, पुष्पेंद्र सैनी और फिल्म के निर्माता, निर्देशक व वरिष्ठ कलाकार उग्रसेन तंवर, राज जांगिड़, हितेश सोलंकी, अभिनव शर्मा, सुभाष सेठ, रामगोपाल सैनी, कलाकार शंकरलाल सैनी, ओपी शर्मा, बलजीत गोस्वामी, अनिल सैनी, उषा जैन, अंजलि पारेख, मीनाक्षी, सनाया सैनी, जया पांडे आदि मौजूद थे।

# अखिल भारतीय माली सैनी समाज की चुनाव को लेकर बैठक सम्पन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** पुराने रोडवेज बस स्टैंड स्थित शीतला माता के मंदिर में सोमवार को एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें में आगामी 23 मार्च 2025 को होने जा रहे अखिल भारतीय माली सैनी समाज संस्थान पुष्कर, अध्यक्ष पद हेतु चुनाव के बारे में चर्चा की गई। इसके संबंध में अध्यक्ष पद प्रत्याशी श्याम माली भकरी, अपने टीम के साथ कुचामन में आगमन हुआ। समाज के समक्ष अपना विजन प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष रखा। श्याम माली ने अपने पक्ष में वोट की अपील की इसी के साथ कुचामन सैनी समाज की ओर से अध्यक्ष पद प्रत्याशी श्याम जी माली का स्वागत किया गया। इस मौके पर समाज के गणमाण्य व्यक्ति उपस्थित रहे। नगर अध्यक्ष जगदीश माली, खेताराम सिंगोदिया, मिट्ठूलाल माली तहसील अध्यक्ष सैनी विकास संस्था, एवं समाज के अनेक गणमाण्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## सातड़ा गांव में 132 केवी जीएसएस बजट में घोषणा के बाद भी शुरू नहीं बिजली : न्यौल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता आदूराम न्यौल ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि 1 वर्ष पूर्व विधानसभा में प्रथम बजट सत्र में सातड़ा गांव में 132 केवी जीएसएस स्वीकृत किया गया था परंतु आज तक उसका काम भी शुरू नहीं हुआ किसान नेता न्यौल ने बताया कि 132 के.वी. जी. एस. एस. शुरू नहीं किए जाने से चूरू, रतनगढ़, सरदारशहर के बीच के लगभग 100 गांव तथा 350 ढाणियों में बिजली संकट गहराया हुआ है। बिजली की आंख मिचौली ट्रिपिंग से किसानों के ट्यूबवेलों की मोटर जल जाती है। किसानों को भारी नुकसान भुगतना पड़ रहा है। किसान नेता न्यौल ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नगर तथा डिस्कॉम अध्यक्ष आरती डोगरा को अलग-अलग ज्ञापन भेजकर कठोर चेतावनी दी है कि वह बजट घोषणा के अनुसार 132 केवी जीएसएस अभिलंब शुरू करें जनता से वादा खिलाफी नहीं करें। बिजली की समस्याओं से कृषक बहुत दुखी है उन्होंने कहा कि आंचल के हजारों किसान विलंब होने से जयपुर विधानसभा पर धरना प्रदर्शन करने पर विवश होंगे , किसानों से टकरार मोल न ले। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में खेमचंद माली हरिराम न्यौल, दुलाराम मेघवाल, श्यामलाल नागवान, मुकनाराम जाट, कबीर दास स्वामी, ओम प्रकाश जांगिड़ सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता एडवोकेट सद्दाम हुसैन को कोलायत विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) की ओर से चूरू के एडवोकेट सद्दाम हुसैन को कोलायत (बीकानेर) विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाये जाने पर चूरू के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की तथा कांग्रेस के शीर्ष प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## न्यांगली ने सादुलपुर में भारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान को विधानसभा में उठाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सादुलपुर।** विधायक मनोज न्यांगली ने सादुलपुर राजगढ़ मे भारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान की मांग को लेकर विधानसभा मे मुद्दा उठाकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया न्यांगली ने बताया की ओलावृष्टि ने हमारे किसानों की मेहनत पर कहर बरपाया है। फसलें बर्बाद हो गईं, लेकिन सरकार की नीतियां किसानों के दर्द को आंकड़ों में तौलने में लगी हैं और मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से विशेष राहत पैकेज की मांग की और बीमा कंपनियों को सामूहिक आंकलन की जगह खेत-खेत जाकर नुकसान का आकलन करने का निर्देश देने की अपील की। हर किसान को न्याय मिले, हर खेत का सही मुआवजा मिले ताकी किसानो के साथ कीसी तरह का कोई भेदभाव नही हो और प्रकृति की इस घटनाक्रम से मुआवजे के तौर पर किसान राहत की सांस ले सके।

## तारानगर न्यायाधीश ने ब्याज सहित कुल 13.57 लाख रूपए का अवार्ड पारित किए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर के न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना मामले में ब्याज सहित कुल 13.57 लाख रूपये का आवार्ड पारित किया। पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि दिनांक 24 मार्च 16 को कोहिणा गांव के बजरंगलाल पुत्र शिशपाल जाट व बजरंगलाल पुत्र सुगनाराम मेघवाल तथा धर्मपाल पुत्र शिशपाल जाट तीनों पिकअप में सवार होकर भालेरी से कोहिणा जा रहे थे, धर्मपाल गाड़ी चला रहा था ज़ब भालेरी से दो किलीमीटर गलगटी की तरफ पहुंचे तो धर्मपाल ने पिकअप गाड़ी को तेज गति व लापरवाही व गफलत से चलाकर पलटा दिया, जिससे बजरंगलाल जाट पिकअप के नीचे दब गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। बजरंगलाल मेघवाल ने घटना का मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने अनुसंधान कर पिकअप चालक के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। मृतक बजरंगलाल की ओर से उसकी माता विमला, भाई, दादा दादी ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की। पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने पत्रावली का अवलोकन कर पत्रावली पर आई साक्ष्यों के आधार पर प्रार्थीगण विमला आदि के पक्ष में मय ब्याज कुल 13.57 लाख रूपये का अवार्ड पारित कर अप्रार्थी बीमा कम्पनी को अदा करने का आदेश प्रदान किया।

## राजगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में बुधवार से शुरू होगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में बुधवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होगा, जिसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं संपादित की जा रही है। अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा ने इस बारे में जानकारी देते हुए मीडिया को बताया की बस स्टैंड क्षेत्र, रेलवे स्टेशन के आसपास तथा मुख्य बाजारों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। ऐसे ऐसे अतिक्रमण हैं जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। उन्होंने बताया कि राजगढ़ पुलिस थानाधिकारी सीआई राजेश सिहाग और पुलिस बल के साथ वह खुद मय स्टाफ के एकाधिक बार शहर में पैदल मार्च कर चुके हैं। व्यापारियों तथा अतिक्रमियों को समझाइश का प्रयास किया। हालांकि कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाए भी हैं मगर अधिकांश स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। इसके लिए नगर पालिका प्रशासक एवं एसडीएम मीनू वर्मा के आदेश और चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना की स्वीकृति के बाद 5 मार्च को प्रातः 8:00 बजे से अतिक्रमण हटाए जाने के कार्रवाई शुरू होगी। इस दौरान नगर पालिका टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहेगा।

## जिला मुख्यालय पर कामकाजी महिला निवास योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला मुख्यालय पर कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित आवास उपलब्ध करवाया जायेगा जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन सके। महिलाओं को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए स्वयंसेवी संस्था, संगठन, ट्रस्ट, नगरनिकाय व सेवा प्रदाताओं इत्यादि के माध्यम से कामकाजी महिला निवास राजकीय भवन निर्मित होने तक अस्थाई रूप से जिला स्तर पर संचालित किया जायेगा। कामकाजी महिला निवास योजना के दिषा-निर्देषों के अनुसार अनुदान व अन्य शर्तें लागू होंगी। योजना हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्था, संगठन, ट्रस्ट, नगरनिकाय, सेवा प्रदाता 10 मार्च तक कार्यालय जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर दस्तावेज सलंग्न कर आवेदन कर सकता है।

# पीएम कुसुम योजना में लक्ष्य किया असीमित

## कोई भी पात्र किसान कर सकेगा आवेदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** प्रदेश में किसानों के लिए उद्यानिकी विभाग की ओर से चल रही पीएम कुसुम योजना में बड़ा बदलाव किया है। किसानों बड़ी समस्या का समाधान करते हुए इस योजना में पहले तय लक्ष्य को अब खत्म कर दिया गया है। अब कोई भी पात्र किसान बिना सीमा के आवेदन कर सकता है। अर्थात पहले योजना में लाभ के लिए लक्ष्य निर्धारित था, लेकिन अब उसे असीमित कर दिया है। संशोधित गाइडलाइन के अनुसार पीएम कुसुम योजना के तहत अब कोई भी पात्र किसान आवेदन कर सकता है। इस योजना में किसानों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर सौर ऊर्जा पंप संयंत्रों पर अनुदान मिलेगा।



### » किसान को मिलेगा 60 फीसदी अनुदान

पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों के लिए उपयोग में आने वाले तीन, पांच, साढ़े सात और दस एचपी पंपों पर 60 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। इसके अलावा एससी-एसटी वर्ग के किसानों को प्रति पंप अतिरिक्त अनुदान मिलेगा।

### » स्वयं के नाम 0.4 हेक्टेयर भूमि अनिवार्य

पीएम कुसुम योजना में लाभ लेने के लिए आवेदनकर्ता किसान के स्वयं के नाम 0.4 हेक्टेयर भूमि होनी चाहिए। योजना के तहत आवेदन किसान साथी या किसान सुविधा ऐप पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन करते समय किसान को जनाधार कार्ड, छह माह की अवधि में बनी भूमि की जमाबंदी, सिंचाई जल स्त्रोत तथा कृषि विद्युत नहीं होने का शपथपत्र होना चाहिए।

### » योजना का प्राथमिकता से दे रहे लाभ

योजना के लक्ष्य असिमित कर दिया है। सिरोही जिले में 1400 सौर पंपों का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें 1145 के लगभग स्वीकृतियां भी जारी कर दी गई हैं। किसानों की ओर से आवेदन आते ही उसको जल्द से जल्द लाभ देने के प्रयास किए जा रहे है।

*डॉ हेमराज मीणा, उपनिदेशक, उद्यान विभाग सिरोही।*

# अज्ञात चोरों ने तीन मंदिरों को बनाया निशाना, पीछे की दीवार से प्रवेश कर दिया वारदात को अंजाम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दांतराई।** रिढुआ पुरोहित समाज चामुंडा माता मंदिर व पास में स्थित घांची समाज खीमज माता मंदिर में डेढ़ महीने में चोरों ने दूसरी बार चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पूर्व में भी 20 जनवरी मध्य रात्रि को इन्हीं दो मंदिरों में चोरी की वारदात हुई थी। जिसको लेकर थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई। लेकिन उसका भी कोई सुराग नही लगा। जिसके बाद चामुण्डा माताजी मंदिर में जब सोमवार सुबह पुजारी पूजा करने के लिए पहुंचा तो बाहर से ताला लगा हुआ था। लेकिन, अंदर से कुंडी बंद थी। इसके बाद देखा तो अंदर भी ताले टूटे हुए नजर आए और चामुंडा माता मंदिर में पूरा सामान बिखरा हुआ पड़ा था ओर कुछ सामान भी चोरी हुआ। खीमज माता मंदिर के बाहर के ताले तोड़े लेकिन, वहां पर चोरी का प्रयास विफल रहा। बताया जा रहा है कि मंदिर के पीछे से अज्ञात चोर मंदिर में प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सूचना के बाद रेवदर एएसआई भरत कुमार, दांतराई कांस्टेबल हरीसिंह, हुकमाराम भी मौके पर पहुंचे ओर चोरी वारदात का मौका मुआयना किया।



### लोग जागे तो भागे चोर

हरणी अमरापुरा स्थित हरिया माता मंदिर में भी रविवार मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात का प्रयास किया। लेकिन, आसपास में निवास करने वाले लोगों द्वारा जागने पर वहां से फरार हो गए। हालांकि चोरी की वारदात के बाद वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरा में वारदात कैद हुई। जिसमें चार चोर मंदिर में प्रवेश करते हुए नजर आए। चोरों द्वारा मंदिर में रखा भंडारे के तालों को तोड़कर चोरी का प्रयास किया। लेकिन, चोरी की वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो पाए। सीसीटीवी में केद चारों चोर मुंह पर पर कपड़ा बांधे दिखे ओर कुछ संदिग वस्तुएं भी पुलिस को मिली है। जिसको लेकर भी पुलिस जांच में जुटी हुई है।



### दर्जनों चोरी की वारदात, नहीं हुआ खुलासा

दांतराई कस्बे में पिछले कुछ सालों के आंकड़े देखे जाए तो दर्जनों चोरी की वारदातों को अज्ञात चोर अंजाम दे चुके हैं। जिसको लेकर मामला दर्ज करवाने के बाद भी चोरी की वारदातों का खुलासा आज दिन तक नहीं हो पाया है। जिसके चलते अब ग्रामीणों में खासा रोष नजर आ रहा हैं। वहीं लोगों में भी वह का माहौल व्याप्त होता दिख रहा है। गांव में चोरी की वारदातों के बाद अब माहौल इस तरह का बन चुका है कि सामान चोरी होने के बाद वापस मिलने की उम्मीद भी ग्रामीण खो देते हैं।

# आलू के दाम जमीन पर, मुश्किल में किसान, आमजन को राहत,

**कोल्ड स्टोरेज निर्माण की मांग कर रहे किसान, ताकि फसल बेचने नहीं जाना पड़े गुजरात**

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मंडार।** क्षेत्र में हर साल की तरह इस साल भी आलू की बंपर बुवाई हुई थी। पिछले साल की तुलना इस साल किसानों ने एक हजार हैक्टेयर से भी ज्यादा बुवाई की थी। ज्यादा बुवाई होने तथा बीच में मावठ के कारण फसल तैयार होते ही भाव अभी से गिरने शुरू हो गए है। मंडियों में 9 से 10 रुपए किलो से बेचा जा रहा है। जिसकी किसानों को अभी से चिंता सवार जा रही है। किसानों ने महंगे दामों बीज खरीद बंपर बुवाई कर दांव आजमाया था। गुजरात जाकर बेचने पर परिवहन खर्च भी नहीं निकल पाता। ऐसे में किसानों की मांग है कि मंडार में कृषि मंडी के साथ ही कोल्ड स्टोरेज भी खोला जाए। ताकि किसानों को राहत मिले। मंडार क्षेत्र में सबसे ज्यादा मूंगफली, टमाटर, अरंडी, सौंफ के साथ आलू की बम्पर पैदावार होती है। जिससे क्षेत्र में बंपर उत्पादन की संभावना जताई जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारी पूराराम चौहान ने बताया कि क्षेत्र में करीब पांच हजार हैक्टेयर से भी अधिक आलू की बुवाई की गई थी। जो पिछले साल की तुलना में 1000 हैक्टेयर ज्यादा है। किसान नेता सुजानसिंह देवड़ा वडवज ने बताया कि पहले बीज 9 से से 8 रुपए किलो में बिक रहे। इस बार 25 से 30 रुपए किलो भाव से खरीदा। भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष मावाराम चौधरी ने बताया कि आलू की फसलें तैयार होने के बाद अब बाजार में आलू आना शुरू हो चुके हैं। मंडियों में वर्तमान में 9 से 10 रुपए प्रति किलो भाव मिल रहा है। मंडी संचालक शांतिलाल चौधरी ने बताया कि अधिकतर किसान मंडियों में आलू बेचने के बजाय कॉल्ड स्टोरेज में जमा करने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं, क्योंकि कम भाव होने से पूरा दाम नहीं मिल रहा है। किसान कानाराम घांची, कालूराम घांची, हिरसिंह बीका,भलाराम चौधरी, उत्तम चौधरी, कैलाश कुमार चौधरी, मुकेश माली, बलवंत माली,दिनेश मोदी,रावताराम व मंडी संचालक शांतिलाल चौधरी ने बताया महंगे दाम पर बीज खरीद कर बुवाई करते हैं। उपज होने पर कीमत घट जाती है।

# मनाया मंगलकामना दिवस



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**करोटी।** राज चिल्ड्रन एकेडमी सेकंडरी स्कूल असाव में सोमवार को कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने को लेकर मंगलकामना दिवस का आयोजन किया गया । प्रधानाचार्य अभिषेक बटेसर और शिक्षक कैलाश दान चारण ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने विद्यार्थियों का सम्मान किया। । प्रधानाचार्य बटेसर ने बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि परीक्षा में कड़ी मेहनत और लगन से अच्छे अंक हासिल कर अपने स्कूल, गांव, माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन करें । एक अच्छा विद्यार्थी ही अच्छे समाज का निर्माण करता है। इसलिए जीवन में ऐसे काम करें जिससे परिवार और स्कूल को आप पर गर्व महसूस हो। शिक्षक कैलाशदान, लक्ष्मणलाल, सत्येन्द्र योगी, श्रीचंद बाटड, महेन्द्रसिंह देवड़ा, मानाराम, जेताराम चौधरी, जयंतीलाल, डिम्पल सेन, ललिता परिहार, खेताराम वाघेला ने सम्बोधित किया। संचालन कैलाश कंवर ने किया। जितेन्द्र संत, माही सोनी, ट्विंकल कंवर, सारिका कंवर सहित विद्यार्थी मौजूद रहे ।



**मंडार।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक में कक्षा दशमी के विद्यार्थियों का मंगल कामना दिवस का आयोजन किया गया। शुभारंभ डॉ.रविराज प्रजापति, संस्था प्रधान गमनाराम कुम्हार, प्रबंध समिति व्यवस्थापक रणजीतसिंह परिहार ने किया। सभी ने बच्चों का सम्मान कर मंगलकामना का आशीर्वाद दिया। संस्था प्रधान कुम्हार ने सभी भैया बहनों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी प्राथमिक प्रभारी रमेश कुमार चौधरी, प्रबंध समिति सदस्य बलवंत माली, हमीराराम, कुलदीप रामपुरा, विद्या मंदिर के आचार्य कांतिलाल, सुरेश कोली,योगेश रावल, जितेंद्र कोली, आचार्या पुष्पा कंवर आदि मौजूद थे।

# जीएसएस के लिए आवंटित भूमि को निरस्त करने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** कैलाशनगर के ग्रामीणों ने सोमवार को जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित एवं जिला कलक्टर अल्पा चौधरी को ज्ञापन देकर राजस्व ग्राम भागलीखेडा के खसरा संख्या 555 व 522 में पंचायत की बिना अनुमति के सोलार जीएसएस के लिए आवंटन भूमि को निरस्त करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि कैलाशनगर चक प्रथम में खसरा संख्या 522 व पास ही राजस्व ग्राम भागलीखेडा के खसरा संख्या 555 में करीब 900 बीघा बंजर भूमि आई हुई है। जहा पर पूर्व में सोलार जीएसएस को बनवाने के लिए भूमि को छोड़कर पंचायत की बिना अनुमति के स्थानांतरित किया गया है। जिसका ग्राम पंचायत कैलाशनगर एवं ग्रामीण विरोध कर रहे है। भागलीखेडा एवं उसके पास वाली भूमि पूरे गांव के गायों और पशुओं के लिए विचरण एवं चारागाह के उपयोग में आती है। ऐसे में यहां सोलार जीएसएस बनता है तो गांव के मवेशियों के लिए चरने के लिए परेशानी होगी। ऐसे में खसरा संख्या 522 की भूमि को पंचायत की बिना अनुमति के आवंटन को सात दिन में निरस्त नहीं किया जाता है तो ग्राम पंचायत कैलाशनगर एवं ग्रामीण आठ्वे दिन भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी। इस दौरान सरपंच तेजाराम मीणा, पूर्व सरपंच विशनसिंह देवड़ा, पूर्व उपसरपंच गंगासिंह, श्रवणसिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल पुरोहित, गणपतसिंह देवड़ा, पूर्व सरपंच प्रभाराम मेघवाल, दिलीपसिंह देवड़ा, राजाराम मेघवाल, अमराराम देवासी, घोपाराम चौधरी, करमीराम देवाली, कपूराराम पुरोहित, मोहनसिंह, लसाराम देवासी, हमीर देवासी, भरतसिंह, खेताराम चौधरी, पकाराम मेघवाल, वार्ड पंच रमेश मेघवाल, ईश्वरसिंह, आसाराम, उकाराम सुआरा, अगाराम लुहार, कानाराम देवासी आदि मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के चढ़ावों का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** डोडूआ के पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा चढ़ावा का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष जगदीशसिंह देवड़ा ने बताया कि हड़मतसिंह देवड़ा, प्रतापसिंह देवड़ा की देखरेख में ग्रामीणों ने एक जाजम पर बैठकर चढ़ावों में भाग लिया। मीडिया प्रभारी लक्ष्मणसिंह देवड़ा ने बताया कि पंचमुखी हनुमान संचालन कमेटी द्वारा चढ़ावा बोलने वाले भामाशाहों का स्वागत किया। तीन दिन तक कार्यक्रम में भजन कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। महेन्द्रसिंह देवड़ा, रणजीतसिंह देवड़ा, केपीसिंह देवड़ा, वागसिंह, मोतीसिंह, सवाराम, गमनाराम माली, जेठमल, देवाराम, वीसाराम, दरगाराम, छगनलाल, वागाराम देवासी, नारायण त्रिवेदी, अचलाराम, मेहुल रावल, ललित, सोनी कुइयाराम, जगदीश कुमार एवं रमेश भाई हरिजन आदि उपस्थित थे।

### भाकिस पदाधिकारियों ने संभाग स्तरीय बैठक में लिया भाग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**करोटी।** भारतीय किसान संघ संभाग पाली का स्नेह मिलन कार्यक्रम एक निजी होटल में आयोजित किया गया। संभाग मंत्री सुजानसिंह वडवज ने बताया कि बैठक में भाकिसं प्रांत संगठन मंत्री हेमराज को जोधपुर प्रांत के अलावा दो और राज्यम बिहार एवं झारखंड की जिम्मेदारी देने पर उनका सम्मान किया गया। उन्होंने सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि जोधपुर प्रांत भारत में अलग पहचान बनाई है। प्रदेश महामंत्री तुलसाराम सिवर, प्रांत मंत्री नरेन्द्रसिंह धुरासनी, संभाग अध्यक्ष मोडाराम पटेल, संभाग अध्यक्ष सुजानसिंह वडवज, सिरोही जिलाध्यक्ष मावाराम चोधरी, जालोर जिलाध्यक्ष रतनसिंह, खिमसिंह, पाली जिलाध्यक्ष जोधाराम पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष सोमाराम चौधरी ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान जिले के सिरोही जिलाध्यक्ष मावाराम चोधरी, जिला मंत्री उत्तमसिह राठोड़,जिला उपाध्यक्ष जब्बरसिंह, गणपतसिंह, रामसिंह, बाबूलाल कोली, मंडार तहसील अध्यक्ष भंवरलाल माली, मोहनसिंह राजपुरोहित, पिंडवाड़ा तहसील अध्यक्ष जयन्तिलाल पटेल रेवदर तहसील मंत्री मोहन पुरोहित, शिवगंज तहसील अध्यक्ष जगाराम, उपाध्यक्ष मालाराम आदि ने भाग लिया।

### बैठक में विकासोन्मुखी बजट के लिए जताई खुशी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** कैलाशनगर में मंडल भाजपा की बैठक मंडल अध्यक्ष मोहनलाल पुरोहित की अध्यक्षता एवं समाजसेवी विशनसिंह देवड़ा की उपस्थिति में आयोजित की गई। पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेशराम पुरोहित, वरिष्ठ कार्यकर्ता नाथूराम, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गणेशराम फोदर आदि वरिष्ठगण उपस्थित थे। सभी ने राजस्थान के सपनों को साकार करने वाले बजट के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी का आभार जताया और मिठाइयां बांटी और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। सभी ने सांसद लुंबाराम चौधरी, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी एवं जिलाध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी का आभार जताया। मंडल अध्यक्ष मोहनलाल पुरोहित, नाथूराम पुरोहित, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गणेशराम फोदर, श्री देशाराम, मंडल उपाध्यक्ष भंवरलाल राजगुरु, अशोकराम, कालुसिंह देवड़ा, भंवरसिंह भोपाजी, कपूराराम पुरोहित, जीतू भाई पुरोहित, प्रवीणभाई लोहार, अजयराज पुरोहित, भवरसिंह देवड़ा, मिश्रीमल रावल, मदनसिंह दहिया आदि मौजूद थे।

# नशा मुक्ति के लिए एंटी ड्रग नॉप टू डॉप थीम पर हुई मैराथन दौड़

## 158 बालक-बालिकाओं ने लिया भाग, मोहन प्रथम और अमित रहा द्वितीय



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** युवाओं में बढ़ती नशे की लत की रोकथाम को लेकर विप्र फाउंडेशन, ब्राह्मण समाज, झुंझुनूं नागरिक मंच एवं राजस्थान एथेलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान व झुंझुनूं निवासी दोहा कतर प्रवासी ब्राह्मण समाज के भामाशाह विक्रम मिश्रा के सौजन्य से एंटी ड्रग नॉप टू डॉप थीम पर मैराथन दौड़ का संपन्न हुई। जिसमें 158 धावक बालक बालिकाओं ने भाग लिया। मैराथन दौड़ के माध्यम से सर्व समाज में समानता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि समाज में बढ़ते नशे को रोकने और इसके दुष्प्रभावों से युवाओं को जागरूक करने के लिए एंटी ड्रग नोप टू डोप थीम थीम पर मैराथन का आयोजन किया गया। जिसको चूणा चौक से खेल अधिकारी राजेश ओला, डॉ. संजय कटेवा, भाजपा नेता मुरारी सैनी, राजकुमार मोरवाल, विनोद सिंघानिया, भाजपा नेता महेश बसावतिया, रामगोपाल महमिया, सुभाष योगी, पवन पुजारी, ललित जोशी, देवेंद्र खत्री, सुरेंद्र शर्मा, एडवोकेट नीरज शर्मा, रमाकांत पारीक ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। दौड़ में प्रथम विजेता रहे मोहन भिवानी, द्वितीय अमित झुंझुनूं, तृतीय वासुदेव झुंझुनूं एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर मंजू एवं द्वितीय स्थान पर शुचिता रही। अन्य छह धावकों को सांत्वना पुरस्कार जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, एएसपी देवेंद्र सिंह, यातायात प्रभारी हरफूल मीणा द्वारा दिया गया। जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन रमाकांत पारीक ने किया। कोच सोनू, संगीता योगी, संदीप योगी सहित झुंझुनूं नागरिक मंच एव ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। महामिया ने बताया कि सुबह आठ बजे चूणा चौक स्थित रामलीला पार्क से शहीद स्मारक तक पहुंचे मैराथन में प्रथम विजेता को नगद पुरस्कार 3100 रुपए, द्वितीय विजेता को 2100 रूपए, तृतीय को 1100 रुपए नगद, बालिका वर्ग में प्रथम द्वितीय सहित आठ प्रोत्साहन पुरस्कार में धावकों को 500-500 रुपए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी धावकों को नशा मुक्ति के संदेश का स्लोगन लिखी टी-शर्ट एवं कैप दी गई।

## 54 ई-मित्रों का निरीक्षण में छह पर मिली अनियमितता

**उदयपुरवाटी।** उपखंड क्षेत्र में संचालित 54 ई-मित्रों का फरवरी महीने में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में छह ई-मित्रों पर अनियमितता पाई गई। ब्लॉक प्रोग्रामर पुष्पा सैनी ने बताया कि निरीक्षण में छह ई-मित्रों पर अनियमितता पाई गई। जिनमें एक कियोस्क स्वीकृत स्थान पर संचालित नहीं मिला तथा आईडी कार्ड पहने हुए भी नहीं मिला। पांच कियोस्कों पर कोब्राण्डेड बैनर व रेट लिस्ट, कियोस्क सर्टिफिकेट चस्पा नहीं होने की अनियमितता पाई गई। ई मित्र संचालकों को नोटिस जारी करके पाबंद किया गया। इस दौरान सहायक प्रोग्रामर नदीम अली, सूचना सहायक निर्मला सैनी, सुभाषचंद्र सैनी, शंकरलाल कुमावत आदि मौजूद रहे।

# एनएसईजेएस-2024 में मानव सिंह ने पाया राज्य स्तर पर प्रथम स्थान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**डूंडलोद।** डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर चार विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एनएसईजेएस-2024 परीक्षा में विद्यालय के छात्र मानव सिंह ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस परीक्षा को 1477 केंद्रों पर आयोजित किया गया था। जिसमें लगभग 45 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इसी क्रम में वरिष्ठ अध्यापक दर्शनसिंह कटारिया, कमल शर्मा, पवन सैनी तथा रोमिक के निर्देशन में चार होनहार विद्यार्थियों पीयूष, हर्षित मलिक, आदिल तथा पराक्रम ने मानवीय रोबोट का निर्माण किया। विद्यालय सचिव बीएल रणवां ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र मानव सिंह का राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना छात्र व एसआईपी फैकेल्टी का अथक परिश्रम, विद्यालय का कुशल प्रबंधन तथा आधुनिक मूलभूत शिक्षण सुविधाओं का ही परिणाम है। छात्र मानव सिंह इसी प्रकार उपलब्धियां प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय व देश का नाम रोशन करेगा। इस अवसर पर प्राचार्य जी. प्रकाश ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इन प्रतिभावान बाल वैज्ञानिकों द्वारा दिन-रात अथक परिश्रम कर मानवीय रोबोट का निर्माण करना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मानव के समान कार्य करने वाला यह रोबोट विज्ञान प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रहा। ये होनहार विद्यार्थी निकट भविष्य में विज्ञान व कंप्यूटर के क्षेत्र में इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश के विकास में सहयोग करेंगे।

# ग्राम स्वराज अभियान के तहत दिया गया एएनएम को प्रशिक्षण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर के पंचायत समिति सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पर तैनात एएनएम को पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाड़ी पंचायत समिति की 35 ग्राम पंचायतों की एएनएम के साथ बसेड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर,निधारा और धीमरी की एएनएम भी मौजूद रही। बाड़ी पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत यह प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनए सोमनाथ के निर्देश पर प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम पांच दिन चलेगा। जिसमें अलग-2 प्रतिभागी भाग लेंगे। आज सोमवार को आयोजित प्रशिक्षण शिविर में पंचायत समिति की 35 ग्राम पंचायतों की एएनएम और बसेड़ी की तीन ग्राम पंचायत की एएनएम मौजूद रही। प्रशिक्षण का उद्देश्य बाल हितेषी और महिला हितेषी ग्राम पंचायत बनाने के लिए सभी एएनएम को ट्रेंड किया गया है। और उन्हें निर्देश दिए हैं,कि वह स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी ऐसी क्या योजनाएं हैं या काम हो सकते है,जिनको ग्राम पंचायत पर लागू करने से ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के जीवन में विकास हो सके, इसको लेकर उन्हें जानकारी दी है। जिसे वह आने वाले दिनों में ग्राम पंचायत पर आयोजित होने वाली ग्राम सभा में रख सकेगी। जिसे ग्राम विकास योजना में लिया जा सकेगा। इसी प्रकार मंगलवार को यानि सभी ग्राम पंचायतों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को, बुधवार को ग्राम विकास अधिकारी और कनिष्क सहायकों को,गुरुवार को आशा सहयोगिनियों और शुक्रवार को कनिष्क तकनीकी सहायकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# अलवर के थानागाजी में 6 महीने से पानी नहीं

## सभी से शिकायत की, कोई समाधान नहीं निकला, ग्रामीणों की प्रदर्शन की चेतावनी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** थानागाजी के भांगडोली गांव में 6 माह से पानी की सप्लाई नहीं होने से ग्रामीणों ने परेशान होकर सोमवार सुबह रोड जाम कर प्रदर्शन किया। नरेगा के काम भी बंद होने से नाराजगी है। ग्रामीणों ने कहा कि 6 महीने से पानी को लेकर परेशान हैं। पंचायत में खूब शिकायत कर ली। एमएलए को भी अवगत करा दिया।

गांव में पानी के कारण महिलाओं को बड़ी परेशानी है। सरपंच कोई समाधान नहीं कर पा रहे। अब पीएचईडी के कार्यालय में आए। तब वहां से भी जवाब मिला कि ग्राम पंचायत के स्तर पर समाधान होगा। लेकिन पानी की परेशानी है। दूसरा गांव में नरेगा के काम नहीं हो रहे। ग्रामीणों ने कहा कि इसके चलते महिलाओं को रोजगार नहीं मिलने से रोजी-रोटी की परेशानी भी है। इन दोनों मामलों को लेकर महिलाओं ने विरोध जताया। कुछ देर तक रोड जाम रखा। इसके बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने महिलाओं से समझाशइ की। पुलिस उपाधीक्षक महावीर सिंह और थाना अधिकारी उमाशंकर ने विरोध प्रदर्शन करने वालों से समझाइश कर रोड को खुलवाया। उधर ग्रामीणों ने चेताया की पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आगे पूरा गांव रोड पर आने को मजबूर होगा।

# पदयात्रियों की सेवार्थ शिविर लगाया



**खेतड़ी।** श्री राधे राधे सेवा समिति के सौजन्य से सोमवार को खाटू श्याम धाम पर जाने वाले पदयात्रियों के लिए सेवा शिविर लगाया गया। समाजसेवी रघुनंदन शाह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम भक्तों की सेवार्थ शिविर शुरू किया गया है। यह शिविर तीन से सात मार्च तक लगाया जाएगा। शिविर में श्याम भक्तों के लिए मेडिकल एवं ठहरने व खाने की व्यवस्था रहेगी। श्याम भक्तों की सेवार्थ शिविर के शुभारंभ के अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बिजेश शाह, गोकुलचंद सैनी, गजेंद्र जलंद्रा, डॉ. सोमदत्त भगत, गोपालकृष्ण शर्मा, नरोत्तम मोदी, बुधराम गुप्ता, सांवरमल शाह, मनोज गुप्ता, कैलाश स्वामी, सुधीर गुप्ता, सुरेंद्र चौधरी, नंदकिशोर, संजय सुरोलिया, ज्योति भारद्वाज, रानी सरकार, महेंद्र छाबड़ी, बबलू अवाना, सुमित गुप्ता, दिनेश शाह, प्रेम शाह, प्रवीण गुप्ता, मुकेश मारवाल, सुरेंद्र जांगिड़ आदि श्याम भक्तों ने बाबा श्याम की आरती में भाग लिया।

# नागौर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष चेतन डूडी, उपाध्यक्ष शबिक उस्मानी निर्वाचित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** एक वक्त था जब डीडवाना के फुटबॉल के खिलाड़ियों की मशहूरी प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर तक थी, हमारा प्रयास रहेगा कि डीडवाना फुटबॉल के क्षेत्र में एक बार फिर वही मुकाम हासिल करें जो उस दौर में था। यह कहना था जिला फुटबाल संघ नागौर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चेतन सिंह डूडी का जो की डीडवाना में आयोजित हुए जिला फुटबाल संघ की निर्वाचन प्रक्रिया के बाद मीडिया से रूबरू हुए । इससे पहले डीडवाना के नागौर रोड पर स्थित होटल मेट्रो में जिला फुटबाल संघ की बैठक आयोजित हुई जिसमें सचिव फरहत अली ने प्रतिवेदन का वाचन किया। इसके साथ ही पिछले कार्यकाल में जिला फुटबाल संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। उपाध्यक्ष



शबीक अहमद उस्मानी ने बताया की आयोजन के दौरान राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर जिले और प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले जिले के फुटबॉल खिलाड़ियों का जिला फुटबाल संघ की और से सम्मान किया गया। क्षेत्र के बुजुर्ग खिलाड़ियों को भीं सम्मानित किया गया। इसके बाद चुनाव अधिकारी सैयद उमर अली ने जिला फुटबाल संघ की चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। नव निर्वाचित जिला सचिव फरहत अली ने बताया की चुनाव अधिकारी सय्यद मो उमर, राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के पर्यवेक्षक आसिफ खान ,ओलपिक संघ के सचिव भंवरू खा एव जिला खेल परिषद बास्केट बॉल के कोच मुकेश राठोड की देख रेख में चुनाव प्रकिया संपन्न हुईं। जिसमे जिला अध्यक्ष के पद पर चेतन सिंह डूडी, सचिव फरहत अली, कोषाध्यक्ष पन्नाराम सांखला, उपाध्यक्ष, शबीक अहमद उस्मानी ,सूर्यप्रकाश, दुलाराम जी, सयुक्त सचिव मोहम्मद हनीफ मकराना , सीताराम, अरफत अली निर्विरोध निर्वाचित हुए एव कार्यकारणी सदस्य मो आरिफ एवं सय्यद सादिक अली चुने गए। अंत में चुनाव अधिकारी सैयद उमर अली ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

# डीएलसी दर को लेकर बाड़ी के किसानों का धौलपुर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

## बड़ी रेल लाइन को लेकर रेलवे विभाग दे रहा पुरानी दर से किसानों को मुआवजा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों काश्तकारों ने सोमवार को धौलपुर पहुंच किसान यूनियन के बैनर तले एक ज्ञापन धौलपुर कलेक्टर श्रीनिधि बीटी को सौंपा है। जिसमें धौलपुर से गंगापुर तक बनने वाली बड़ी रेल लाइन परियोजना में किसानों की भूमि अर्जन के बाद डीएलसी की पुरानी रेट से मुआवजा दिए जाने का आरोप लगाते हुए नई डीएलसी रेट से मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। काश्तकार और मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सैफ सईद खां ने बताया कि कलेक्टर को ज्ञापन देने से पहले सभी किसानों ने भू-अर्जन अधिकारी उप जिला कलेक्टर धौलपुर साधना शर्मा के कार्यालय पहुंच उनको मामले से अवगत कराया, इसके बाद धौलपुर तहसीलदार राकेश गिरी को रेलवे विभाग द्वारा किसानों की भूमि को अर्जन किए जाने के मामले में अपनी व्यक्तिगत आपत्तियां दी। किसान यूनियन के माध्यम से जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में किसानों की मांग है कि बाड़ी में डेढ़ साल पहले बाईपास रिंग रोड़ निकलने के बाद उनकी जमीन मौजूदा डीएलसी रेट से 10 गुना महंगी हो गई है,ऐसे में सभी किसानों को डीएलसी का 10 गुना मुआवजा दिया जाए व कुछ ग्रामीण इलाके किसानों के नगर पालिका क्षेत्र में आ गए हैं। मगर वह अभी भी रिकॉर्ड में ग्रामीण क्षेत्रों में दर्ज हैं। जिनकी डीएलसी बहुत कम है। उनको नगर पालिका क्षेत्र में दर्ज करके डीएलसी का 10 गुना मुआवजा किसानों को रेलवे विभाग द्वारा मुहैया कराया जाए। ज्ञापन के दौरान सीताराम कुशवाह उपाध्यक्ष किसान यूनियन धौलपुर,शकील कुरैशी अध्यक्ष वक्फ बोर्ड कमेटी बाड़ी, सैफ सईद खान अध्यक्ष मुस्लिम समाज बाड़ी, सलमान सईद खान, रामनिवास भगत, लल्लूरामभगत, रामेश्वर कुशवाह, ईश्वरीप्रसाद, मांगीलालकु शवाह, नेनुआ कुशवाह, रामजीलाल कुशवाह, जनडेल कुशवाह, राकेश कुशवाह, खुशीलाल, नंदन, सुखवीर, ताराचंद, रामावतार, चंदन, मनीषा, विमलेश, ओमवती, अनारदेई, रामस्वरूप के साथ दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**झुंझुनूं।** विभिन्न मांगों को लेकर डीवाईएफआई ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। तहसील महासचिव कृष्ण सैनी ने बताया कि पटवारी भर्ती के पदों का वर्गीकरण एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण के नियमानुसार करने, सभी युवाओं को तुरंत प्रभाव से पीछे के बकाया सहित नियमित रूप से बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की गई। जिसका लिखित में ज्ञापन भी दिया गया। ज्ञापन में बताया गया है कि अगर इन मांगों के ऊपर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं होती है तो भारत की जनवादी नौजवान सभा छह मार्च को आमजन को साथ में लेकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वाले में डीवाईएफआई जिला महासचिव योगेश कटारिया, डीवाईएफआई महासचिव कृष्ण सैनी, डीवाईएफआई अध्यक्ष अजरूद्दीन गहलोत, नगर अध्यक्ष शोयल, उस्मान, फरमान, आशिफ, सिकंदर कायमखानी, सिद्धांत सैनी, विकास, मुकेश इत्यादि शामिल थे।

# न्यूज़ ब्रीफ

## टैगोर पब्लिक स्कूल में रक्त समूह जांच शिविर सफल, बच्चों ने जाना अपना ब्लड ग्रुप



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिलानी।** टैगोर पब्लिक स्कूल पिलानी में हलवान अस्पताल के सहयोग से रक्त समूह परीक्षण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अस्पताल के चेयरमैन डॉ. योगेंद्र हलवान और उनकी मेडिकल टीम ने छात्रों के ब्लड ग्रुप की जांच की और उन्हें इसके महत्व की जानकारी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके रक्त समूह की जानकारी देना और इस विषय में जागरूक करना था। जिससे भविष्य में किसी भी आपातकालीन स्थिति में वे अपने स्वास्थ्य संबंधी निर्णयों को बेहतर तरीके से ले सकें। विद्यालय के शिक्षक मुकेश शेखावत ने बच्चों को रक्तदान और ब्लड ग्रुप की जानकारी के फायदे समझाए जबकि निदेशक सत्यवीर जांगिड़ ने इसे स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ा एक जरूरी कदम बताया। प्रधानाचार्या निशा रोजितया ने इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अभियान का नेतृत्व बिट्स पिलानी के स्नातक शिवम सोनी कर रहे हैं जो पिलानी और आसपास के गांवों में भी यह जागरूकता फैला रहे हैं। बच्चों ने इस कार्यक्रम से बहुत कुछ सीखा और कई छात्रों ने भविष्य में रक्तदान करने की इच्छा जताई। गांव के सभी माता-पिता से अपील है कि वे अपने बच्चों को इस तरह के शिविरों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें और उनके ब्लड ग्रुप की जांच जरूर करवाएं। यह जानकारी कभी भी काम आ सकती है।

## जेबी शाह कॉलेज सिलाई प्रशिक्षण कौशल केंद्र का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** सोमवार को जेबी शाह गर्ल्स पीजी कॉलेज में महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिसका शुभारंभ सिंगर कम्पनी की एचआर अल्पना तथा कॉलेज सचिव राजकुमार मोरवाल ने किया। इस अवसर पर रोजगार जिला अधिकारी दयानंद, कॉलेज प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा, जीडीएसडीसी प्रभारी अविनाश राठी सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## शाकंभरी माता दरबार में फागोत्सव छह मार्च को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुरवाटी।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ सकराय में स्थित माता शाकंभरी के दरबार में दो दिवसीय फागोत्सव छह व सात मार्च को होगा। मां शाकंभरी सेवा समिति सकरायधाम (रजि.) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले पांचवें फागोत्सव कार्यक्रम में छह मार्च को मंगल पाठ, भजन उत्सव, चुनरी उत्सव, मेहंदी उत्सव, मैया का खजाना, फूलों की होली, महाप्रसादी आदि के कार्यक्रम होंगे। समिति के कोषाध्यक्ष संदीप रामूका ने बताया कि सात मार्च को सुबह माता के सिरापूरी का भोग लगाकर कन्या पूजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे उदयपुरवाटी से सकराय धाम तक गाजे-बाजे के साथ रथ पर सवार होकर माता शाकंभरी की निशान पदयात्रा निकाली जाएगी। शाम को सामूहिक भंडारे का आयोजन होगा। समिति के अध्यक्ष राजेश धानुका ने बताया कि पांचवें फागोत्सव में देश-विदेश से सैंकड़ों की संख्या में भक्तजन आएंगे। फागोत्सव की तैयारियों में समिति के बालकिशन धानुका, अरुण ढंढारिया, सुभाष अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, संदीप रामूका, संजय शाह आदि ऑनलाइन मिटिंग लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है।

## रात को दुकान का ताला तोड़कर 45 हजार रुपए पार किए

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** बीती रात को शहर के मंड्रेला रोड स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी से हाथ साफ कर दिया। जानकारी के मुताबिक मंड्रेला रोड बाईपास निवासी अरविंद पुत्र दयाराम ने बताया कि घर के पास उनका धर्मकांटा और हार्डवेयर की दुकान हैं। शाम को दुकान के ताला लगाकर घर चले गए। रात को चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे 45 हजार रुपए नगदी चुरा लिए। उन्होंने बताया कि जिस गेट का ताला तोड़ा वो घर के अंदर की तरफ था। सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो ताला टूटा हुआ मिला और उसके पास लोहे का सरिया भी मिला। अंदर जाकर देखा तो दंग रह गए। गल्ले में रखे 45 हजार रुपए गायब मिले। अरविंद ने बताया कि इस संबंध में कोतवाली थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया हैं। इधर, कोतवाली पुलिस ने चोरों को ढूंढने के लिए छानबीन शुरू कर दी है।

## बीडीओ गढ़वाल ने ली समीक्षा बैठक, पेंडिंग कार्य निपटाने के दिए निर्देश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के पंचायत समिति सभागार में सोमवार को विकास अधिकारी दयानंद गढ़वाल ने समीक्षा बैठक ली। मिटिंग में सहायक लेखाधिकारी नागरमल सैनी, विश्वनाथ खटीक, विक्रम सिंह, सहायक अभियंता राजेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुभाषचंद्र, शंकरलाल सोनी, प्रगति प्रसार अधिकारी कमलेश, ब्लॉक कोर्डिनेटर एसबीएम ओमप्रकाश सैनी, कनिष्ठ अभियंता विनोद कुमार, कनिष्ठ तकनीकी सहायक अनिल कड़वासरा, मनोज कुमार, लेखा सहायक राजेश सोनी, कनिष्ठ लिपिक पुरुषोत्तम स्वामी, वीडीओ सुमन चौधरी, मैना जैफ, मधु मीणा, निशा सैनी, सुरेंद्रसिंह, रामावतार खैरवा, सांवरमल कुड़ी, विक्रम सिंह, प्रकाशचंद, जगदीश समेत समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायकों को पंचायत समिति के विकास अधिकारी दयानंद गढ़वाल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रोग्रेस रिपोर्ट जानते हुए मनरेगा योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## आज भजन संध्या, कल रवाना होगी पदयात्रा

**नवलगढ़।** श्री श्याम मित्र मंडल नवलगढ़ के तत्वावधान में 63वीं विशाल निशान व कलश यात्रा का आयोजन घेर का मंदिर नया बाजार से किया जाएगा। सीताराम बिरोलिया, अनिल मुरारका व देवीदत्त मुरारका ने बताया कि 4 मार्च मंगलवार को रात्रि 08:30 बजे भव्य झांकी दर्शन निशान पूजन व कलश पूजन का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात विशाल जागरण का आयोजन किया गया है। जिसमें देश के नामी भजन कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी क्रम में पांच मार्च बुधवार को सुबह 8:30 बजे अखंड ज्योत के साथ श्यामस्थ व 521 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा व श्याम भक्तों द्वारा 100 निशानों के साथ यात्रा प्रारम्भ होगी। जो पोद्दार गेट, गणेश मंदिर, नानसा गेट, नगरपालिका होते हुए मुरारका कोठी पहुंचेगी। सीताराम बिरोलिया, अनिल मुरारका व देवीदत्त मुरारका ने सभी श्याम भक्तों, माताओं व बहनों को कार्यक्रम में उपस्थित होकर दर्शन लाभ लेकर पुण्य के भागी बनने का अनुरोध किया है।

# पाली : एनएसयूआई की रैली में पायलट ने चलाई साइकिल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**पाली।** एनएसयूआई की ओर से जैसलमेर से जयपुर तक निकाली जा रही 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' रैली मंगलवार को पाली पहुंची। शहर के गांधी मूर्ति के निकट आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसियों और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का स्वागत किया। इसके बाद गांधी मूर्ति से साइकिल रैली रवाना हुई। जिसमें सचिन पायलट सहित कई कांग्रेस नेताओं ने साइकिल चलाई। रैली गांधी मूर्ति से होकर रैली सूरजपोल, लोढ़ा स्कूल रोड, नहर पुलिया होते हुए आगे सोजत की तरफ तक गई।



### एनएसयूआई की रैली में नजर आए स्टूडेंट

एनएसयूआई की रैली में कई स्टूडेंट और बच्चे भी शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुट के कई नेता नदारद रहे। रैली और कार्यक्रम में विधायक भीमराज भाटी, कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल, एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुन्नीलाल चाड़वास, पूर्व विधायक मारवाड़ जंक्शन खुशवीरसिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कोठारी, नीलम बिड़ला, मेहबूब टी, यशपालसिंह कुंपावत, दिलीप ओड, धर्मेंद्र काला, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गणपत पटेल, आमीन अली रंगरेज, भेराराम गुर्जर सहित कई कांग्रेसजन और एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे। रैली को लेकर शहर में लगे पोस्टर में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का फोटो नहीं होने से कांग्रेसजनों ने नाराजगी जताई। सोशल मीडिया पर बने ग्रुप में सचिन पायलट की कार्यशैली को लेकर भी कार्यकर्ताओं ने कमेंट किया।

# राजकीय पशु चिकित्सालय कार्मिकों ने पक्षियों के लिए लगाए गए परिंडे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत कोलीवाडा के राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर में सोमवार को पक्षियों के दाना पानी के लिए आयुष नर्सेज महासंघ के सहयोग से 21 परिंडे लगाए गए। स्थानीय पशु चिकित्सा प्रभारी व अधिकारी डा. ललित कुमार ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा समस्त चिकित्सालय में विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जा रहा है। स्थानीय पशु चिकित्सालय में भी विश्व वन्य जीव दिवस मनाया गया जिसमें योग शिक्षक व आयुष नर्सेज संघ के ललित मेघवाल के सहयोग से परिसर में 11 परिंडे लगाए एवं गांव में अन्य जगह 10 परिंडे, मंदिर व ग्राम पंचायत परिसर में परिंडे लगाए। चिकित्सालय के राजस्थान पशु चि.कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष व पशुधन निरीक्षक प्रकाश मेघवाल ने बताया कि विश्व वन्यजीव दिवस पर मानव और प्रकृति के कल्याण के लिए हम सब मिलकर वन्य जीवों के संरक्षण का संकल्प ले। मूक बधिर पशु पक्षियों की सेवा करें। पशु पक्षियों के इन परिंडों में दाना-पानी डालने का संकल्प स्थानीय चिकित्सालय चिकित्सा प्रभारी डा ललित कुमार व पशुधन निरीक्षक प्रकाश कुमार ने लिया। इस कार्य में ग्राम पंचायत कोलीवाडा के कनिष्ठ सहायक नरेंद्र कुमार, हर्ष वर्धन सिंह राठौड़, मोडाराम, शिवराज सिंह, गणपतसिंह, रामलाल मेघवाल, लीला देवी का सहयोग रहा।

# बीजापुर में तालाब के पास मोड़ पर पलटी जीप

▶▶ पिपला के 5 युवक घायल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाली।** बीजापुर के बाली थाना क्षेत्र में एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई है। पिपला से सेवाड़ी की ओर जा रही एक जीप बीजापुर तालाब के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में जीप में सवार पांच युवक घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में घायल सभी युवक पिपला के रहने वाले हैं। घायलों में मांगीलाल (13 वर्ष) पुत्र कानाराम गरासिया, देवाराम (13 वर्ष) पुत्र वकाराम गरासिया, छोटाराम (20 वर्ष) पुत्र कालुराम गरासिया, विशाल (18 वर्ष) पुत्र नारायणलाल गरासिया और मुनाराम (20 वर्ष) पुत्र मनसाराम गरासिया शामिल हैं।

# यूनिक चिल्ड्रन स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सुमेरपुर।** यूनिक चिल्ड्रन एकेडमी सुमेरपुर में शनिवार रात वार्षिकोत्सव समारोह डा. अनीता राजपुरोहित व डा. राकेश राजपुरोहित, डा. अनुपमलता, डा. महिपालसिंह एवं अनूप सिंह राठौड़ के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सभी नन्हे मुन्ने बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मन मोह लिया। सभी बच्चों ने उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में रविंद्र त्रिवेदी, पूनम सिंह परमार, रविकांत रावल, मुकेश सोनकारिया, डा. मनोहर सिंह, भंवरसिंह परमार, दलबीरसिंह चौहान, महेंद्र माली, कैलाश, जगदीश सुथार, गजेंद्र सिंह राठौड़, बस्तीमल लोहार आदि ने समारोह में शिरकत की एवं समारोह की शोभा बढ़ाई।

# गृहकर एक मुश्त जमा करवाने पर 50 प्रतिशत छूट

जमा नहीं करवाने पर पालिका सीज नोटिस देगी

**सुमेरपुर।** स्वायत्त शासन विभाग के निर्देश पर गृहकर में संपूर्ण बकाया गृहकर आवासीय, व्यवसायिक भूखंड व भवनों का एक मुश्त जमा कराने पर मूल गृहकर की राशि पर 50 प्रतिशत की छूट एवं शास्ति पर शत्-प्रतिशत छूट एवं नगरीय विकास कर वर्ष 2023-24 तक का एक मुश्त नगरीय विकास कर की राशि जमा कराने पर ब्याज एवं शास्ति पर शत्-प्रतिशत छूट होगी। ईओ नरपतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि जिन प्रकरणों में वर्ष 2011-12 से पूर्व का नगरीय विकास कर बकाया है, उन प्रकरणो में एक मुश्त जमा कराने पर उस अवधि के नगरीय विकास कर में शास्ति की छूट के साथ मूल बकाया में 50 प्रतिशत की छूट दिनांक 31.03.2025 तक प्रभावी रहेगी। आवासीय/व्यवसायिक भूखंड/भवनों का लाखों रुपयों का गृह एवं नगरीय विकास कर बकाया है उक्त भूखंड/भवन मालिकों को बार-बार राशि जमा करवाने का नोटिस देने के उपरांत भी बकाया कर जमा नही करवाया जा रहा है। जिससे पालिका प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि आवासीय/व्यवसायिक भूखंड/भवन मालिकों को 3 दिवस में राशि जमा करवाने के लिए सीज नोटिस जारी किया जाएगा। जिनके द्वारा बकाया गृह व नगरीय विकास कर की राशि जमा नहीं करवाने पर नोटिस प्राप्ति के 3 दिवस पश्चात् सीज की कार्यवाही की जाएगी।

# राजगुरु सर्कल से नटराज गार्डन तक सीसी सड़क बनेगी



**सुमेरपुर।** पालिका क्षेत्र के राजगुरु सर्कल से नटराज गार्डन तक सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य आगामी 2 माह में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जाना प्रस्तावित है। इसके तहत सड़क सीसी पेवमेंट बनाई जानी प्रस्तावित है। इसकी दोषपूर्ण दायित्व अवधि 5 वर्ष रहेगी। नगर पालिका ईओ नरपतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि डीएलपी के दौरान पानी, सीवर, गैस कनेक्शन या अन्य कनेक्शन जिसमें सड़क तोडी जानी आवश्यक होने पर किसी प्रकार की एनओसी जारी नहीं की जाएगी। पानी, सीवर, गैस कनेक्शन या अन्य कनेक्शन के लिए एनओसी की आवश्यकता हो तो 2 माह के भीतर पालिका से प्राप्त कर कार्य पूर्ण करवा सकते हैं।

# सात साल बाद फिर चालू कंक्रीट क्यूब टेस्टिंग मशीन

▶▶ ठेकेदारों के कार्यों की गुणवत्ता की होगी जांच



**देसूरी।** पंचायत समिति कार्यालय में पिछले सात वर्षों से निष्क्रिय पड़ी कंक्रीट क्यूब टेस्टिंग मशीनों को अब पुनः कार्य में लिया जाएगा। पंचायत समिति के सहायक अभियंता कुंभसिंह भाटी के निर्देशानुसार, जोधपुर के टेक्नीशियन पीयूष शर्मा द्वारा टेस्टिंग लेब की स्थापना कर मशीनों को सक्रिय किया गया। इन मशीनों की मदद से अब पंचायत समिति के ठेकेदारों द्वारा कराए जा रहे सीसी सड़क, सीसी ब्लॉक सहित अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्माण कार्य में ठेकेदारों द्वारा निर्धारित मानकों का पालन किया जा रहा है या नहीं। गौरतलब है कि ये मशीनें पिछले सात वर्षों से धूल फांक रही थीं, लेकिन अब इनके उपयोग से ठेकेदारों के कार्यों की सटीकता और गुणवत्ता को परखा जा सकेगा। इससे पंचायत समिति के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों की पारदर्शिता भी बढ़ेगी। पंचायत समिति में टेक्नीशियन द्वारा मशीनों के रखरखाव व उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी कालूराम मेघवाल जेटीए जयपालसिंह दादलिया, अशोक कुमावत, लेखा सहायक राजेंद्रसिंह राजपुरोहित, कमलेश भाना, प्रकाश राठौड़ आदि मौजूद रहे।

# शैतानसिंह का विहिप पाली विभाग मंत्री बनने पर स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सुमेरपुर।** विश्व हिंदू परिषद जोधपुर प्रांत की दो दिवसीय बैठक नागौर जिले में खींवसर के पांचला सिद्धा में आयोजित हुई। जिसमें संगठन के संयुक्त केंद्रीय महामंत्री सुरेंद्र जैन, क्षेत्र संगठन मंत्री राजाराम, क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक विजयानंद, प्रांत मंत्री परमेश्वर जोशी व प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल का मार्गदर्शन मिला। वहीं प्रयाग राज में आयोजित केंद्रीय बैठक में लिए गए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। संगठन विस्तार को लेकर दायित्वों कि घोषणा की गई जिसमें पाली विभाग के विभाग मंत्री का दायित्व शैतानसिंह बिरोलिया को दिया गया। वहीं बाली जिला मंत्री रतन पूरी गोस्वामी श्रीसेला की घोषणा की गई।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1156003-1 |
| संस्था का नाम | बृहन्मुंबई महानगर पालिका |
| विषय | जीटीबी हॉस्पिटल शिवडी में मेन बिल्डींग में बैकअप सिस्टम केबल का प्रतिस्थापन एवं बायोमेथानेशन प्लांट हेतु विद्युतिकरण, प्लंबिंग का प्रावधान एवं सहायक कार्य। |
| निविदा का मूल्य | रु. 1320/- + (18% जीएसटी) |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | मद दर निविदा |
| बोली प्रतिभूति राशि/ईएमडी | रु. 10,000/- |
| निविदा जारी एवं विक्रय की दिनांक व समय | 03.03.2025 को 10.00 बजे से |
| निविदा विक्रय एवं बोली प्रतिभूति प्राप्ति की अंतिम दिनांक व समय | 10.03.2025 को 11.00 बजे तक |
| प्री-बिड मीटींग, समय एवं स्थान | लागू नहीं |
| लिफाफा ए एवं लिफाफा बी खुलना | 11.03.2025 को 11.00 बजे पश्चात |
| संपर्क हेतु पता | कार्यालय चिकित्सा अधिक्षक, जीटीबी हॉस्पिटल, जरबाई वाडिया रोड, शिवडी, मुंबई 400015 |
| बोली खुलने का स्थान | चिकित्सा अधिक्षक कार्यालय में ऑनलाइन |

हस्ता./-
चिकित्सा अधिक्षक, जीटीबीएच

PRO/2674/ADV/2024-25

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।


# 11वें बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नाडोल।** भगवान महावीर गौशाला बिजोवा व फेसेफिक हास्पिटल व रिचर्स सेंटर बेदला उदयपुर के तत्वावधान में बिजोवा गौशाला में 11वां बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें 390 रोगियों की जांच कर तीस नेत्र सहित बयालिस रोगियों का आपरेशन के लिए चयन किया गया। भगवान महावीर गौ शाला में आयोजित चिकित्सा शिविर भामाशाह कमला युग राज जैन व सुशीला किशोर जैन के सौजन्य से आयोजित किया गया। जैन ने कहा कि पीड़ित वर्ग की सेवा करना ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। वे गांव के विकास व पीड़ित वर्ग के सहयोग के लिए सदैव अग्रणी रहेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता व पर्यावरण प्रेमी भरत शर्मा ने बताया कि पेसेफिक हास्पिटल की टीम द्वारा390 रोगियों की जांच कर तीस नेत्र आपरेशन व बारह अन्य रोगियों का चयन आपरेशन के लिए किया गया। कार्यक्रम समन्वयक महेंद्र सिंह राजावत ने बताया रोगियों का गहन जांच कर आपरेशन पेसिफिक हास्पिटल में किया जाएगा। कार्यक्रम में कमलेश कुमार, चंदा राम, हरीश गर्ग महेंद्र सिंह राजपुरोहित सहित कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

# ग्रामीण प्रीमियर लीग खिलाड़ियों का ऑक्शन

■ 12 स्पॉन्सर और 168 खिलाड़ी ने भाग लिया

**सुमेरपुर।** ग्रामीण क्रिकेट एसोसिएशन पाली के तत्वावधान में एक बार फिर ग्रामीण प्रीमियर लीग का आयोजन होने वाला हैं। टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का ऑक्शन 26 फरवरी को एचआर होटल केनपुरा पर हुआ। 12 स्पॉन्सर और 168 खिलाड़ी ने भाग लिया। जिसमें सबसे महंगे खिलाड़ी अर्जुन बंजारा एंदला बिके। मुख्य अतिथि विधायक प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा एवं मुकेश बारोलिया मौजूद रहें। यह जानकारी प्रमोद बरोलिया व पार्षद शैतान कुमार ने दी। रमेश बंजारा, प्रहलाद सिंह, प्रमोद बारोलिया, बाजी चौधरी, शैतान सिंह, दिनेश जांगिड़, प्रमोद दिनकर एवं सभी टीम के खिलाड़ी कोच मौजूद रहे।

# दादाई सरपंच पूर्णिमा राजपुरोहित जयपुर में होंगी सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**देसूरी।** पंचायत समिति देसूरी कि ग्राम पंचायत दादाई सरपंच श्रीमती पूर्णिमा पृथ्वीराजसिंह राजपुरोहित को महिला शक्ति शिरोमणि अवॉर्ड 7 मार्च जयपुर में पूर्व उप प्रधानमंत्री नेपाल द्वारा प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दुनिया में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या 7 मार्च को जयपुर में वृश्चिक नारी शक्ति सम्मेलन में कर्म स्थली से विकास तक सेवा कार्यों का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर प्रतिभा चयन समिति संयोजक जम्बूद्वीप पदम श्री अवार्ड से सम्मानित बौद्ध धर्म के धर्मगुरु लामा घयाछो रिंपोछे की अनुशंसा पर श्रीमती पूर्णिमा राजपुरोहित प्रशासक ग्राम पंचायत दादाई को नेपाल की पूर्व उप प्रधानमंत्री उपेंद्र यादव द्वारा पहली बार महिला शक्ति शिरोमणि अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में 22 देश की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य सलाहकार कुलदीप शर्मा ने बताया कि वैश्विक नारी शक्ति सम्मेलन में करीब192 राष्ट्रों का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। वहीं इस सम्मेलन में 22 राष्ट्रों की प्रतिभाओं के सम्मान में दादाई सरपंच पूर्णिमा राजपुरोहित को सम्मानित कर अभिनंदन किया जाएगा। सम्मेलन को राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि संबोधित करेंगे। सम्मेलन में मुख्य आकर्षण अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा 45 करोड़ देवदूतों का प्रयागराज महाकुंभ 2025 में चरण वंदन, चरण प्रक्षालन संयुक्त राष्ट्र संघ को विश्व में शांति पंचशील सिद्धांत रहेगा।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

हायड्रोलिक इंजीनियर्स विभाग

ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | 2025-एमसीजीएम-1156173-1 |
| विषय | एईओसी (टीएम) डिविजन अंतर्गत विभिन्न सेक्शन्स हेतु संधारण एवं रखरखाव कार्यों हेतु ऑन साइट पर आवश्यक विविध सुरक्षा उपकरणों की आपूर्ति। |
| निविदा शुल्क एवं प्रक्रिया शुल्क | रु. 3894/- (रु. 3300/- + 18% जीएसटी) एवं रु. 500/- |
| बोली प्रतिभूति/ईएमडी | रु. 39,000/- (ऑनलाइन भुगतान किया जाए) |
| निविदा विक्रय एवं जारी करने की दिनांक | 04.03.2025 को 11.00 बजे से |
| निविदा विक्रय एवं बोली प्रतिभूति जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | 10.03.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी एवं सी जमा करना (ऑनलाइन) | 10.03.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए एवं बी खुलना | 11.03.2025 को 16.05 बजे पश्चात |
| विभाग | उप प्रमुख जल अभियंता (मेंटेनेंस) |
| वेबसाइट | mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | श्री ए.डी. हतवार, सहायक अभियंता (बाह्य शहर) ट्रंक मेन |
| संपर्क नं. | 7977608419 |
| ई-मेल आईडी | ae01dyhemaint.he@mcgm.gov.in |

**यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।**
बीएमसी के पास किसी भी आवेदन को स्वीकार करने का या उक्त विषय में प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों बिना कारण बताएं किसी भी स्तर पर निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
(हेड वर्क्स) वॉटर वर्क्स

PRO/2667/ADV/2024-25

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।


# अनोपदास जयंती कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार

**पाली।** रावणा राजपूत समाज के आराध्य देव अनोपदास महाराज के जन्मोत्सव को लेकर सर्वोदय नगर स्थित समाज भवन में समिति से जुड़े पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने अलग-अलग टोलियां बनाकर उन्हें दायित्व सौंपे गए। जिला मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर मुख्य संरक्षक मूलसिंह भाटी तथा मेला सहसंयोजक जिलाध्यक्ष प्रमेंद्र सिंह परिहार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 10 अप्रेल को राजेंद्र नगर स्थित अनोपदास झूपड़ी में भव्य जागरण एवं 11 अप्रेल को इंद्रा कालोनी से भव्य जुलुस निकालने पर विचार विमर्श किया। जुलुस इंद्रा कालोनी से शुरू होकर शिवाजी सर्कल, सूरजपोल चौराहा समेत विभिन्न मार्गों से होते हुई सूर्या कालोनी स्थित समाज के छात्रावास भवन मे जाकर विसर्जित होगा।

# देसूरी में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का शुभारंभ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**देसूरी।** ग्राम पंचायत दुदापुरा में 3 मार्च से 5 मार्च तक तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर शिविर प्रभारी मगनसिंह राजपुरोहित सहायक कृषि अधिकारी, सरपंच दोस्त देवासी, ग्राम विकास अधिकारी जगदीशकुमार, कनिष्ठ सहायक मानवेंद्रसिंह, आर आई पटवारी ई-मित्र संचालक कि मौजूदगी तीन दिवसीय शिविर में पहले दिन कर्मचारीयो ने सराहनीय कार्य करते हुए सैकड़ों किसानों के फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन कार्य किया गया ।

तीन दिवसीय शिविर नारलाई में सरपंच शेखर मीणा ग्राम विकास अधिकारी अचलसिंह सोलंकी, पटवारी ई-मित्र संचालक, डायलाना कंला में सरपंच राजाराम चौधरी ग्राम विकास अधिकारी कालुराम मेघवाल पटवारी महेंद्र मीणा, मगरतलाब में सरपंच श्रीमती रेखा देवासी, ग्राम विकास अधिकारी अशोक कुमार पटवारी के सानिध्य में किसानों के फार्मर रजिस्ट्री का पंजीयन कार्य दिन भर सराहनीय तरीके से चला रहा पंचायत प्रशासक एवं ग्राम विकास अधिकारी द्वारा हर संभव सहयोग करते हुए शिविर को भव्य एवं सफल बनाने की कोशिश की जा रही है शिविर में प्रशासक द्वारा शानदार व्यवस्थाएं की जा रही है।

इस अवसर पर शिविर में सरकारी योजना वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन गिरदावरी ऐप डाउनलोड सहीत अनेक कार्य संपन्न किए गए। इस अवसर पर नियाज मोहम्मद समाजसेवी वक्ताराम देवासी भंवरलाल मेघवाल ईमित्र संचालक पटवारी आर आई सहित गणमान्य व्यक्ति जनप्रतिनिधि एवं किसान मौजूद रहे। वहीं शिविरों का समय-समय पर तहसीलदार हरेंद्रसिंह चौहान नायब तहसीलदार गिरिराजसिंह राणावत द्वारा निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं जिससे आम किसानों को कार्य सरलता पूर्वक पूर्ण होते जा रहे हैं।

# एनीमिया मुक्त अभियान की तैयारी

**बाली।** बाली ब्लॉक में एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान को लेकर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ब्लॉक मुख्य चिकित्सा कार्यालय में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर हितेंद्र वागोरिया की अध्यक्षता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के 48 प्रधानाचार्य व शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर अजहरुद्दीन ने कार्यक्रम में ब्लू पिंक टेबलेट सहित एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान की विस्तृत जानकारी दी। आगामी दिनों में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी रहेंगे। 4 मार्च को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में और 5 मार्च को राजकीय प्राथमिक विद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एनीमिया के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। यह अभियान स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के साथ स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी : भारत-ऑस्ट्रेलिया का सेमीफाइनल आज

# 14 बरस का हिसाब चुकता करने उतरेगी टीम इंडिया



दुबई। अतीत में ऐसा करने में भले ही वे नाकाम रहे हों लेकिन इस बार स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन और हालात से वाकफियत के दम पर भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मंगलवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी। टीम इंडिया का आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिले हर जख्म पर मरहम लगाने का इरादा रहेगा। इसके साथ ही 2023 में अपनी धरती पर विश्व कप फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने का भी यह सुनहरा मौका है। जब भारत के 10 मैचों के अश्वमेध अभियान पर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने नकेल कसी थी।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम काफी मजबूत

यह उतना आसान भी नहीं होगा क्योंकि पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क के बगैर भी ऑस्ट्रेलियाई टीम काफी मजबूत है। कुछ दिन पहले लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ 352 रन के लक्ष्य को हासिल करके उसने एक बार फिर यह साबित कर दिया है। भारत को आखिरी बार आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में ऑस्ट्रेलिया पर जीत 2011 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मिली थी। भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल और 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में हराया। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में भी भारत को हराकर खिताब जीता। इस बार भारतीय टीम 14 बरस की नाकामियों का हिसाब चुकता करने उतरेगी और उसके आतमविश्वास का कारण टीम में आला दर्जे के स्पिनरों की मौजूदगी है।

### भारत को सारे मैच दुबई में खेलने का फायदा

टूर्नामेंट से पहले टीम में पांच स्पिनरों को शामिल करने के फैसले की काफी आलोचना हुई थी लेकिन दुबई की धीमी पिचों पर अब यह मास्टरस्ट्रोक साबित हो रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि भारत को सारे मैच दुबई में खेलने का फायदा मिल रहा है लेकिन असलियत यह है कि भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार के प्रयास किए हैं। ऐसा नहीं है कि पिच से इतनी टर्न मिल रही है कि भारतीय गेंदबाजों कामयाब रहे हैं बल्कि इन पिचों पर उनका संयम कारगर साबित हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 5 विकेट लेने वाले स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने कहा, 'यहां पिच रैंक टर्नर नहीं है जैसा कि लोग बोल रहे हैं। इससे थोड़ी मदद जरूर मिली है लेकिन आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तो करना ही है।' भारतीय स्पिन चौकड़ी चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 9 विकेट लिए।

### ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी टूर्नामेंटों में खेलने का अच्छा इतिहास

केन विलियमसन जैसा धैर्यवान बल्लेबाज भी अक्षर पटेल के सामने संयम खो बैठा और केएल राहुल की स्टंपिंग का शिकार हो गया। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के पास एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जंपा है। उसे अनियमित स्पिनरों ग्लेन मैक्सवेल और ट्रेविस हेड से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मैथ्यू शॉर्ट पिंडली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं जिससे ऑस्ट्रेलिया के पास से एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प चला गया। इंग्लैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने क्रमश: 352 और 273 रन दिए और अब तो बल्लेबाजी के लिए अनुकूल हालात हैं। विराट कोहली, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की चुनौती काफी कठिन होगी। कप्तान रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के बाद कहा था, 'यह अच्छा मैच होगा। ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा खेलने का इतिहास रहा है और अब हमें सब कुछ सही करना है। उम्मीद है कि हम ऐसा करने में कामयाब होंगे। भारत की नजरें ट्रेविस हेड और कप्तान स्टीव स्मिथ को जल्दी पवेलियन भेजने पर लगी होंगी।

### संभावित टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत, रविंद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जंपा।

**समय :** दोपहर 2.30 बजे।

## प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में प्रज्ञानानंद ने अराविंद से ड्रॉ खेला



**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने भारत के अराविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में ड्रॉ खेला और इन दोनों के पास अब पूरे एक अंक की बढ़त हो गई है। अराविंद और प्रज्ञानानंदा के 3.5 अंक हैं जबकि चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि, नीदरलैंड के अनीश गिरि, वियतनाम के कुआंग लीम ली और जर्मनी के विंसेंट केमेर इनके एक अंक पीछे हैं। बाकी चार प्रतियोगी छठे स्थान पर हैं जिनमें चेक गणराज्य के डेविड नवारा और एंगुयेन थाइ डेइ वान, अमेरिका के सैम शैंकलैंड और तुर्किए के गुरेल एडिज शामिल हैं। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। इस दिन सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा निकल सका जब वेइ यि ने शैंकलैंड को हराया। अनीश ने डेइ वान से ड्रॉ खेला, जबकि डेविड नवारा ने केमेर को ड्रॉ पर रोका। ली ने एडिज के साथ ड्रॉ खेला।

### भारत के इनियान ने कान ओपन शतरंज जीता

भारतीय ग्रैंडमास्टर पा इनियान ने हमवतन वी प्रनेश को नौवें और आखिरी दौर में हराकर फ्रांस में चल रहा कान इंटरनेशनल ओपन जीत लिया। इनियान ने 7-5 अंक हासिल किए जबकि दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आराध्य गर्ग दूसरे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन कजाखस्तान के काजिबेक नोदेरबेक के भी सात अंक थे जिन्हें टाइब्रेक के बाद तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इनियान ने टूर्नामेंट में छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले। इस जीत से उन्हें 12 रेटिंग अंक मिले और अब वह 2600 ईएलओ अंक के करीब पहुंच गए हैं। उनके 2579 ईएलओ अंक हैं। टूर्नामेंट में 25 देशों के 147 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें छह ग्रैंडमास्टर और 21 अंतरराष्ट्रीय मास्टर शामिल थे ।

## कोलकाता नाइट राइडर्स ने किया कप्तान का ऐलान

### अजिंक्य रहाणे को मिली कमान

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करेंगे। फ्रेंचाइजी ने सोमवार 3 मार्च 2025 को घोषणा की। अजिंक्य रहाणे ने श्रेयस अय्यर की जगह ली। लंबे समय से केकेआर के साथ रहे वेंकटेश अय्यर को रहाणे का डिप्टी बनाया गया है। अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स ने मेगा ऑक्शन में 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। रहाणे मेगा ऑक्शन में पहले दिन अनसोल्ड रह गए थे। एक्सलरेटेड ऑक्शन में 1.5 करोड़ में बिके थे। रिंकू को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 13 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। अजिंक्य रहाणे ने बयान में कहा कि केकेआर का नेतृत्व करना सम्मान की बात है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक बेहतरीन और संतुलित टीम है। मैं सभी के साथ काम करने और अपने खिताब का बचाव करने की चुनौती लेने के लिए उत्सुक हूं। गत चैंपियन केकेआर 22 मार्च को ईडन गार्डन में आईपीएल के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स में यह अजिंक्य रहाणे का दूसरा कार्यकाल है। इससे पहले 2022 में उन्होंने केकेआर के लिए खेला था जब उन्होंने 103.90 के स्ट्राइक रेट से सात मैचों में केवल 133 रन बनाए थे।



## पंत 'लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर' पुरस्कार को नामांकित

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना से बचने के बाद खेल में वापसी पर प्रतिष्ठित लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार 2025 के 'कमबैक ऑफ द ईयर (वापसी करने वाले साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी)' श्रेणी में नामांकित किया गया है। पुरस्कार समारोह 21 अप्रेल को मैड्रिड में होगा। पंत को 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय कार दुर्घटना का सामना करना पड़ा था। देहरादून के एक अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद इस 27 साल के खिलाड़ी को मुंबई ले जाया गया, जहां बीसीसीआई के विशेषज्ञ सलाहकार की देखरेख में उनका इलाज हुआ। दाएं घुटने के तीनों लिगामेंट की सर्जरी के बाद पंत ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा किया।



## रणजी चैंपियन विदर्भ के खिलाड़ियों को विदर्भ क्रिकेट एसो. ने खोला खजाना

**नई दिल्ली।** विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) ने रविवार (2 मार्च) को रणजी ट्रॉफी जीतने वाली अपनी टीम के लिए 3 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। साथ ही सहयोगी स्टाफ और अपने कुछ खिलाड़ियों के लिए अलग से नकद राशि की घोषणा की। टीम ने तीसरी बार खिताब जीता। वीसीए ने अक्षय वखारे को उनके रिटायरमेंट पर सम्मानित भी किया। जामथा के वीसीए स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में विदर्भ ने केरल के खिलाफ मैच ड्रॉ कराया और पहली पारी में 37 रन की बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया। विदर्भ ने इससे पहले 2017-18 और 2018-19 सीजन में खिताब जीते थे। वीसीए ने एक प्रेस रिलीज में कहा, "विदर्भ क्रिकेट संघ ने विजयी विदर्भ टीम (केवल खिलाड़ियों) को 3 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा करता है।"

## फैंस के लिए खुशखबरी, विश्व कप क्वालिफायर में अर्जेंटीना की कमान संभालेंगे मेसी

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने उरूग्वे और ब्राजील के खिलाफ दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैचों के लिसे लियोनेल मेसी की अगुआई में 33 खिलाड़ियों की प्रारंभिक टीम चुनी है।

टीम में अंडर 21 स्ट्राइकर क्लाउडियो इचेवेरी को भी शामिल किया गया है जो हाल ही में मैनचेस्टर सिटी से जुड़े हैं। इनके अलवा निकोलस पाज, बेंजामिन डोमिनगेज और सैंटियागो कास्ट्रो भी टीम में हैं जो 21 वर्ष से कम उम्र के हैं।

अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि उरूग्वे के 20 अंक हैं। पहला मैच मोंटेवीडियो में 21 मार्च को खेला जाएगा। इसके चार दिन बाद विश्व कप विजेता अर्जेंटीना टीम ब्यूनस आयर्स में ब्राजील से खेलेगी।



# मनोरंजन

## हुमा फिर रानी भारती बन हिलाएंगी सत्ता



**दमदार टीजर आउट**

हुमा कुरैशी स्टारर वेब सीरीज महारानी के पिछले तीनों सीजन को ऑडियंस से जबरदस्त प्यार मिला है। अब चौथे सीजन का इंतजार भी खत्म है। मेकर्स ने महारानी सीजन 4 का टीजर शेयर करते हुए बता दिया है कि इस बार रानी भारती का किरदार पहले से ज्यादा ताकतवर और सत्ता में अपनी पहचान छोड़ने वाला है। इस टीजर में हुमा कहती हैं, "किसी ने हमको गवारन कहा तो किसी ने हत्यारन तो किसी ने भावी प्रधानमंत्री। लेकिन हमको सत्ता से नहीं, परिवार से मोह है। काहे कि बिहार ही हमरा असली परिवार है। और अगर कोई हमरे परिवार को नुकसान पहुंचाया तो हम उसका सत्ता हिला देंगे।" इस पॉपुलर वेब सीरीज महारानी एक राजनीतिक ड्रामा है की शुरुआत साल 2021 में हुई थी। पहले सीजन को ऑडियंस से जबरदस्त प्यार मिला। सीरीज की कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें हुमा कुरैशी ने रानी भारती का दमदार किरदार निभाया है। उनके साथ सोहम शाह, अमित सियाल, विनीत कुमार और अन्य कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। पहले तीन सीजन ने न केवल ऑडियंस का ध्यान खींचा बल्कि क्रिटिक्स से भी शानदार प्रतिक्रिया पाई। अब महारानी सीजन 4 का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें एक बार फिर राजनीतिक उथल-पुथल देखने को मिलेगी।

## कोई नहीं तोड़ पाया मिथुन का रिकॉर्ड, लिम्का बुक में नाम दर्ज

बॉलीवुड एक्टर मिथुन चक्रवर्ती अपने जमाने के जाने माने अभिनेता रहे हैं। वो न सिर्फ एक्टिंग बल्कि अपने डांस के लिए भी जाने जाते हैं। अपने करियर में मिथुन ने एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। उनके स्टारडम की बात करें तो मिथुन की एक झलक पाने के लिए फैंस कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार रहते थे। लेकिन क्या आप जानते हैं इंडस्ट्री में दादा के नाम से मशहूर मिथुन के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज है, जिसे आज तक कोई बॉलीवुड एक्टर तोड़ नहीं पाया है। उनका नाम 35 साल पहले लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था। दरअसल, साल 1989 में मिथुन चक्रवर्ती का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज किया गया था। ये रिकॉर्ड एक साल यानी साल 1989 में बतौर लीड एक्टर 19 फिल्में करने के लिए दर्ज किया गया था। जी हां, मिथुन की साल 1989 में एक के बाद एक 19 फिल्में रिलीज हुई थीं। ये रिकॉर्ड आज तक ना शाहरुख खान, ना सलमान खान और न ही अमिताभ बच्चन तक कोई भी तोड़ पाया है। आपको बता दें कि मिथुन चक्रवर्ती ने मृगया फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। पहली ही मूवी में उन्हें बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और कई हिट फिल्में दीं। इसके बाद साल 1982 में मिथुन ने 'डिस्को डांसर' मूवी की। इसी फिल्म से उनका डांस पूरी दुनिया में छा गया। ये फिल्म हिट रही थी। उस जमाने में फिल्म ने 100 करोड़ कमाए थे और इतनी कमाई करने वाली ये पहली बॉलीवुड मूवी थी।



## फोन से फिल्में शूट करने वाले डायरेक्टर ने ऑस्कर में बनाया रिकॉर्ड

ऑस्कर्स 2025 इवेंट में एक फिल्ममेकर की जीत ने सिनेमा लवर्स को बहुत खुश कर दिया है। कई सालों से अपने काम से सिनेमा फैन्स को इंप्रेस कर रहे फिल्ममेकर शॉन बेकर ने ऑस्कर्स 2025 में एक ऐसा रिकॉर्ड बना लिया है जो शायद लंबे समय तक ना टूटे। शॉन की फिल्म 'अनोरा' को इस बार ऑस्कर अवॉर्ड्स के लिए 6 कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था। इनमें से 5 कैटेगरी में अवॉर्ड्स जीतकर 'अनोरा' ने ऑस्कर्स 2025 के इवेंट में काफी चर्चा बटोरी। 'अनोरा' की 5 ऑस्कर में से एक, फिल्म की एक्ट्रेस माइकी मैडिसन के नाम रही जिन्हें 'बेस्ट एक्ट्रेस' कैटेगरी में ऑस्कर मिला। लेकिन बाकी 4 ऑस्कर अकेले शॉन बेकर के खाते में गए। 'अनोरा' शॉन की 8वीं फिल्म है। इस फिल्म को प्रोड्यूस और डायरेक्ट करने के साथ-साथ वो इसके राइटर और एडिटर भी हैं। इस फिल्म के लिए शॉन ने ऑस्कर्स 2025 में बेस्ट पिक्चर, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट ऑरिजिनल स्क्रीनप्ले और बेस्ट एडिटिंग कैटेगरी में अवॉर्ड्स जीते हैं। दुनिया में सिनेमा के सबसे बड़े अवॉर्ड्स कहे जाने वाले ऑस्कर्स में इस शानदार जीत के साथ शॉन ने दो बड़े रिकॉर्ड बनाए। शॉन एक ही ऑस्कर इवेंट में सबसे ज्यादा अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर बन गए हैं। साथ ही शॉन ने वाल्ट डिज्नी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।



## फ्लॉप के बाद काम को तरसी थीं श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर अपनी एक्टिंग के साथ-साथ मासूमियत, क्यूटनेस और सिजलिंग अदाओं के लिए भी जानी जाती हैं। उन्हें खूबसूरती का परफेक्ट कॉम्बिनेशन माना जाता है। वो 90 के दशक के पॉपुलर विलेन की बेटी हैं, लेकिन उनकी खूबसूरती पर हर कोई फिदा है। फिल्मों के जरिए वो स्क्रीन पर नजर आएं या फिर ऑफस्क्रीन लाइमलाइट ही चुरा लेती हैं। एक्ट्रेस के बारे में उनके जन्मदिन के मौके पर बात कर रहे हैं। आज वो अपना 38वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया है। उन्हें 'स्त्री 2' और 'आशिकी 2' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। ऐसे में चलिए इस खास मौके पर आपको उनके बारे में बताते हैं। श्रद्धा कपूर, 90 के दशक के स्टार विलेन शक्ति कपूर की बेटी हैं। शक्ति कपूर अपने जमाने के एक बेहतरीन कलाकार और विलेन रहे हैं, जो कई बार तो फिल्मों में हीरो पर भारी पड़ते नजर आए हैं। ऐसे में उनसे कम स्टारडम उनकी बेटी श्रद्धा कपूर का नहीं रहा है। वो भले ही एक स्टारकिड रहीं लेकिन, इंडस्ट्री में धाक अपने काम के दम पर जमाई है। उन्होंने भले ही फ्लॉप फिल्मों से डेब्यू किया था लेकिन, इसके बाद एक्ट्रेस ने स्क्रीन पर खुद को साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने 14 साल में 8 सुपरहिट फिल्में दी हैं। 3 मार्च, 1987 को शक्ति कपूर के घर जन्मीं श्रद्धा कपूर ने अपने करियर की शुरुआत फ्लॉप फिल्म से ही की थी। ठीक उसी तरह से जैसे माधुरी दीक्षित ने करियर की पहली ही फिल्म फ्लॉप दी थी। लेकिन, बाद में उनका सिक्का ऐसा चला कि उनके पास फिल्मेकर्स की लाइन ही लग गई। वैसे ही श्रद्धा कपूर आज इंडस्ट्री की सुपरस्टार एक्ट्रेस हैं। उनका नाम ए-लिस्टर एक्टर्स की लिस्ट में शामिल है। श्रद्धा को पहली फिल्म फेसबुक के चलते मिली थी। फिल्ममेकर अंबिका हिंदुजा ने फेसबुक पर श्रद्धा कपूर की तस्वीरें देखी थी और उनको कॉन्टेक्ट किया था। इस तरह से उन्हें डेब्यू फिल्म 'तीन पत्ती' मिली। इसमें अमिताभ बच्चन लीड रोल में थे लेकिन, बाद में ये फ्लॉप साबित हुई थी। इससे एक्ट्रेस को खास पहचान नहीं मिल पाई थी। श्रद्ध कपूर ने बताया था कि शुरुआत में पहली फिल्म ही फ्लॉप होने की वजह से वो काम को तरस गई थीं। उन्हें इसके लिए काफी कुछ सहना पड़ा था। इस दौरान उनके पिता ने उनसे कहा था कि उन्होंने इंडस्ट्री में धाक अपने दम पर बनाई है और उन्हें भी यही करना होगा। अपनी लड़ाई खुद सामना करना होगा। शक्ति कपूर ने अपनी बेटी को पिता पर भरोसा करने से मना कर दिया और खुद का सहारा खुद बनने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस ने बताया था कि पिता शक्ति कपूर ने कहा था कि उन्हें पर्सनल लेवल पर रिजेक्शन और फेलियर का अनुभव करना होगा।



## बॉबी को 'आश्रम' में 'बाबा निराला' बन मिला प्यार

बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल के सितारे इन दिनों खूब चमक रहे हैं। एक समय था जब उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए फैंस तरस जाते थे। उन्हें काम मिलना बंद हो चुका था। लेकिन बॉबी की मेहनत भला कबतक उनकी सक्सेस का रास्ता रोक सकती थी। उन्होंने फिर दोबारा फिल्मों में काम करना शुरू किया और आते ही छा गए। उन्हें लगातार अपने काम के लिए सराहना मिलती आई है जिससे वो बहुत खुश हैं। उन्होंने फिल्म मेकर प्रकाश झा का भी धन्यवाद किया है जिन्होंने उन्हें 'आश्रम' जैसी वेब सीरीज में बाबा निराला जैसा किरदार प्ले करने का मौका दिया। एक्टर ने कहा, 'आश्रम ने मेरी जिंदगी बदल दी। लोगों ने मुझे एक अलग किरदार में देखा। उन्होंने कहा कि बॉबी देओल विलेन वाले रोल्स भी प्ले कर सकता है या बॉबी देओल ऐसा भी कर सकता है. जिस वक्त मैं अपनी लाइफ में कुछ नहीं था तब कोई भी मुझपर भरोसा नहीं कर रहा था, लेकिन प्रकाश जी ने वो भरोसा दिखाया। अभी दोबारा मेरी इमेज लोगों में विलेन वाले रोल्स करने की बन गई है। मैं कोशिश कर रहा हूं कि इस इमेज को तोड़ सकूं। ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ मेन लीड प्ले करना चाह रहा हूं। जो किरदार मैं प्ले कर रहा हूं वो मेरी काबिलियत के बाहर के हैं। शुरुआत में मैं थोड़ा शरमा रहा था क्योंकि मैं ऐसे रोल्स में अपने आप को ढाल रहा हूं जिसका मतलब यही होगा कि मुझे अपने आप को और पुश करना होगा और बहुत मेहनत करनी होगी।' बॉबी ने आगे फैंस के रिएक्शन पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जब लोग उन्हें 'लॉर्ड बॉबी' बुलाते हैं तब उन्हें एहसास होता है कि उनका काम लोगों को अच्छा लगा है।



12वां क्षेत्रीय थ्री आर और सर्कुलर इकॉनमी फोरम समारोह

# सर्कुलर इकॉनमी इंसेंटिव स्कीम लाएगी राजस्थान सरकार

**एमएसएमई और स्टार्टअप्स को दो करोड़ तक की सहायता**
**भजनलाल शर्मा**

**पर्यावरण संरक्षण में रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल प्रभावी माध्यम**
**मनोहर लाल खट्टर**



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि एवं प्रदूषण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सर्कुलर इकॉनमी अत्यत प्रभावी माध्यम है। इस व्यवस्था में अपशिष्ट को रिसाइकिल और रियूज किया जाता है जिससे ऊर्जा की खपत घटती है और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार भी इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाकर मिशन में अग्रणी भूमिका निभा रही है। शर्मा सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 12वें क्षेत्रीय थ्री आर और सर्कुलर इकॉनमी फोरम समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यावरण प्रबंधन केंद्र की स्थापना की गई है, ताकि कचरा प्रबंधन और रिसाइक्लिंग को ज्यादा प्रभावी तरीके से किया जा सके। साथ ही, ट्रीटेड वॉटर के उपयोग के लिए नई नीति तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्रों के जरिए नागरिकों को अनुपयोगी वस्तुओं के दान और पुनरुपयोग की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राजस्थान में कचरा प्रसंस्करण की क्षमता को 21 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर इसके दोगुने से भी ज्यादा यानी करीब 45 लाख मीट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा है। वेस्ट-टू-एनर्जी योजनाओं के तहत कंपोस्ट, आरडीएफ, और जैविक उर्वरक उत्पादन पर भी जोर दिया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में एमआरएफ प्लांट्स के जरिए प्लास्टिक और रिसाइकल योग्य सामग्री को अलग कर ई-वेस्ट, बैटरी वेस्ट और खतरनाक कचरे का निस्तारण किया जा रहा है। कार्यक्रम में जापान, यूएन, एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भी वीडियो संदेश के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए।

### संसाधनों के दोहन से संकट में धरती

शर्मा ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में प्राकृतिक संसाधनों का दोहन लगभग 400 प्रतिशत बढ़कर 106 बिलियन टन के आंकड़े को भी पार कर चुका है। चिंता की बात यह है कि इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक संसाधन बर्बाद हो जाते हैं।

### केंद्र सरकार ने तैयार किया सर्कुलर इकॉनमी रोडमैप

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इन समस्याओं के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता अभियान चलाया है। इसके साथ ही, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट, इलेक्ट्रॉनिक कचरा, सौर पैनल और कृषि अपशिष्ट जैसे 11 प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित सर्कुलर इकॉनमी रोडमैप तैयार किया गया है।

### भारत निभा रहा अग्रणी भूमिका : खट्टर

कार्यक्रम में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि भारत सर्कुलर इकॉनमी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। थ्री आर (रिड्यूस, रियूज एवं रिसाइकल) आज की अर्थव्यवस्था की जरूरत और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम है। इस फोरम में 'जयपुर घोषणा पत्र' के तहत सी थ्री (सिटीज कोलिशन फॉर सर्कुलरिटीज) के मापदण्डों पर बल दिया जाएगा। मोदी का मानना है कि सर्कुलर इकॉनमी को अपनाते हुए ही कोई भी देश आत्मनिर्भर बन सकता है।

छात्राओं के शोषण का मामला

# वकीलों का फूटा गुस्सा, आरोपी पर बरसाए लात-घूसे



### यह था मामला

15 फरवरी को ब्यावर जिले के विजयनगर थाने में एक नाबालिग ने मामला दर्ज कराया था। उसके बाद एक और नाबालिग ने मामला दर्ज कराया फिर तीन लड़कियों के पिता की ओर से भी रिपोर्ट दी गई। आरोप है कि आरोपी प्राइवेट स्कूल में पढ़ रही नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म कर अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहे थे। जबरन कलमा पढ़ने, रोजा रखने और धर्मांतरण के लिए विवश कर रहे थे। पुलिस ने पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की, जिसके बाद गिरफ्तारियों का दौर शुरू हुआ। इसके बाद पुलिस ने मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है, जिनमें तीन नाबालिग भी शामिल हैं।

**अजमेर।** ब्यावर जिले के बिजयनगर में छात्राओं के साथ ब्लैकमेलिंग और देह शोषण की घटना के विरोध में वकीलों का न्यायालय में फूटा गुस्सा पड़ा। वकीलों ने आरोपी की पेशी के दौरान ही जमकर पिटाई कर दी। रिमांड समाप्ति के बाद मामले में आरोपी हकीम कुरैशी को न्यायालय में पेश किया गया था।

कोर्ट चैंबर से बाहर निकलते हुए वकीलों को आक्रोश भड़क गया। वकीलों ने हकीम कुरैशी की जमकर पिटाई शुरू कर दी। भारी पुलिस बल के होते हुए वकीलों ने आरोपी हकीम पर जमकर लात-घूसे बरसाए। पुलिस बमुश्किल आरोपी को बचाते हुए जीप तक ले गई। जानकारी के अनुसार पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी को रिमांड समाप्ति के बाद सोमवार को अजमेर की पॉक्सो कोर्ट संख्या एक में पेश किया गया।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानमंडल 'अधिवेशन 2025' के प्रारंभ होने के पहले विधान भवन, मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज का अभिवादन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार से साथ ही अन्य सहकर्मी उपस्थित थे।

## अब जमीन भी कब्जाने लगे रोहिंग्या!

- मारपीट के बाद बीजेपी नेत्री ने 50 पर कराया मामला दर्ज

**गोरखपुर।** गोरखपुर में नगर पंचायत पिपराइच के गढ़वा चौक पर शनिवार को जमीन को लेकर हुए विवाद में कथित रोहिंग्या की एंट्री हो गई है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और भाजपा नेत्री अनुपमा आर्या ने पांच नामजद और 50 अज्ञात रोहिंग्या पर भूमि पर कब्जे और मारपीट का आरोप लगाते हुए रविवार को केस दर्ज कराया। एसडीएम और सीओ की टीम सोमवार को मौके पर जाकर जांच करेगी। आगे की कार्रवाई तय होगी। शनिवार को जमीन पर कब्जे को लेकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और भाजपा नेत्री अनुपमा आर्या, उनके पति मुरारी लाल एडवोकेट और पुत्र सूर्यांश गुप्ता के साथ दबंगों ने मारपीट की थी। इसमें अनुपमा, उनके पति और पुत्र घायल हो गए थे। दूसरे पक्ष के शहनवाज को भी चोटें आई थीं। अनुपमा ने रविवार को पांच नामजद और 50 अज्ञात रोहिंग्याओं के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि वहां रोहिंग्या रह रहे हैं और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने मजीद, शहनवाज, रमजान, शोएब, पून्नू आदि के विरुद्ध भी विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने जिन लोगों को रोहिंग्या बताते हुए केस दर्ज कराया है, उनकी जांच शुरू हो गई है।

उत्तराखंड कैबिनेट में नई आबकारी नीति मंजूर

# स्कूलों-मंदिरों के पास नहीं खुलेंगे मदिरालय



- ओवर रेटिंग पर लाइसेंस निरस्त

### 15 वर्षों तक आबकारी शुल्क में छूट

नई आबकारी नीति के तहत स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। थोक मदिरा की दुकान केवल उत्तराखंड निवासियों को जारी की जाएंगी। पर्वतीय क्षेत्रों में वाइनरी को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में उत्पादित फलों से वाइनरी इकाइयों को अगले 15 वर्षों तक आबकारी शुल्क में छूट दी जाएगी। इससे कृषकों और बागवानी क्षेत्र में कार्य करने वालों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

**देहरादून।** उत्तराखंड की नई आबकारी नीति 2025 को आज धामी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। नीति के तहत सरकार ने कई प्रावधान किए हैं। नई आबकारी नीति में किसी दुकान पर एमआरपी से अधिक कीमत ली जाती है, तो लाइसेंस निरस्त करने का प्रावधान किया है। डिपार्टमेंटल स्टोर्स पर भी एमआरपी लागू की गई है। वहीं, धार्मिक क्षेत्रों की महत्ता को ध्यान में रखते हुए उनके निकटवर्ती शराब की दुकानों को बंद किया जाएगा। शराब की उप-दुकानों और मैट्रो मदिरा बिक्री व्यवस्था को समाप्त किया गया है।



**सिरोही-जालोर सांसद लुंबाराम चौधरी के मुंबई आगमन पर सत्कार और बहुमान करते हुए समाजसेवी और उद्योगपति विजयराज प्रेमराज राजपुरोहित, रगाराम भूराराम राज पुरोहित, एवं प्रवीण रामाराम राजपुरोहित पोसींतरा। इस दौरान उन्होंने सांसद चौधरी को राजस्थानी प्रवासियों के मुंबई में प्रवास के समय आने वाली रेलवे की समस्याओं से अवगत कराया और अपनी जन्म भूमि में गांव में नवू बाई प्रेमराजजी पोसींतरा स्कूल को पुनः प्राथमिक विद्यालय पुराने भवन पर सुचारु रूप से संचालित कराने के लिए ज्ञापन सौंपा।**

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एसिड से भरा टैंकर पलटा

**दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के अमराबाद रेस्ट एरिया में रविवार को एक बड़ा हादसा हुआ। यहां एक एसिड से भरा टैंकर अचानक पलट गया और फट गया, जिससे चारों ओर एसिड फैल गया। इस दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण इलाके में हड़कंप मच गया और प्रशासन को पास के स्कूल की छुट्टी करवानी पड़ी। जानकारी के मुताबिक टैंकर कोटा से सिकंदराबाद जा रहा था और उसमें 35 टन हाइड्रोक्लोरिक एसिड भरा था। रास्ते में टैंकर का टायर पंचर हो गया, जिससे ड्राइवर ने उसे रेस्ट एरिया में खड़ा करने की कोशिश की। इसी दौरान टैंकर पलट गया और उसमें रखा एसिड फैल गया। टैंकर के पलटते ही वहां मौजूद ड्राइवर,



- ड्राइवर समेत तीन झुलसे

हैल्पर और एक अन्य शख्स एसिड की चपेट में आ गए। तीनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। एसिड फैलते ही आसपास के लोग डरकर इधर-उधर भागने लगे। हादसे के बाद इलाके में ऐसिड की तीव्र गंध फैल गई।





फाम बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025

# फाम ने किया उत्कृष्टता, नवाचार और सहयोगियों का सम्मान

**रतन टाटा को 'फाम रत्न' सम्मान**

**मुंबई। फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र द्वारा मुंबई में पहला बिजनेस एक्सिलेंस अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया। महाराष्ट्र की 700 से अधिक व्यापार और उद्योग संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले 'फाम' द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह का उद्देश्य राज्य के विभिन्न उद्योगों और व्यापार क्षेत्रों में उत्कृष्टता, नवाचार और असाधारण योगदान को सम्मानित करना था। फेडरेशन अध्यक्ष जितेन्द्र शाह के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में 600 से अधिक व्यापारी संस्थाओं के पदाधिकारी और विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। समारोह के दौरान समाज सेवा, राष्ट्रसेवा एवं भारतीय उद्योग जगत को एक पहचान देने वाले रतन टाटा को 'फाम रत्न' से सम्मानित किया गया। इस दौरान फाम अध्यक्ष श्री शाह ने कहा कि "श्री रतन टाटा को सम्मानित करके फाम स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहा है।"**



पीयूष गोयल, कैबिनेट मंत्री, केंद्र सरकार- 'फाम मित्र' सम्मान



मंगल प्रभात लोढ़ा, कैबिनेट मंत्री, राज्य सरकार- सर्वश्रेष्ठ व्यापारी मित्र सम्मान



आशीष शर्मा, जीएसटी आयुक्त- सर्वश्रेष्ठ व्यापार मित्र सम्मान



राजेश हीरालाल शाह, जयराज ग्रुप-समाज रत्न सम्मान

### सहयोगियों का विशेष सम्मान

- सम्मान समारोह के दौरान व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव मददगार बनने वाले विशिष्टजनों को फाम ने विशेष रूप से सम्मानित किया। फेडरेशन ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को व्यापार और उद्योग क्षेत्र के प्रति उनके अटूट समर्थन के लिए को 'फाम मित्र', महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा को 'फाम व्यापार मित्र (राज्य)' एवं जीएसटी कमिश्नर आशीष शर्मा को 'फाम व्यापार मित्र अवार्ड - बेस्ट ब्यूरोक्रेट' सम्मान से सम्मानित किया। फेडरेशन अध्यक्ष श्री शाह ने कहा कि "व्यापार करना एवं उसमें सफलता प्राप्त करना तलवार की धार पर चलकर मंजिल प्राप्त करने के समान होता है। ऐसे में कुछ मददगार होते हैं, जो हमारी राह को आसान बनाते हैं। ऐसे में फाम का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि उन महानुभावों का सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करे।" वहीं पुणे मर्चेंट एसोसिएशन के राजेश शाह को 'फाम समाजरत्न सम्मान से पुरस्कृत किया गया।

### इनकी रही विशेष उपस्थिति

**सम्मान समारोह के दौरान महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंह, महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री राज के. पुरोहित, भाजपा के वरिष्ठ नेता अतुल शाह, शरद पेटीवाला, यूएई काउंसलेट के वालिद हरेब अलफलाही, भाजपा नेता अतुल शाह की विशेष उपस्थिति रही।**




उमेश के. जैन, कलापूर्णा स्टील एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड- मेटल नान फेरस




कैरवी मेहता, वी.के. इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड- युवा व्यवसायी




श्रीमती किरा एस. वखारिया, केएसवी कंसल्टिंग आशुमी केमिकल्स- महिला उद्यमी

#### फाम को करता रहूंगा हरसंभव मदद : गोयल

'फाम मित्र' सम्मान से सम्मानित केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने वर्चुअल भाषण में फाम की सक्रिय भूमिका की सराहना की और महाराष्ट्र के व्यापारिक विकास के लिए मजबूत सहयोग की वकालत की। उन्होंने कहा कि भविष्य में उनकी तरफ से फाम को हरसंभव सहयोग मिलता रहेगा।

#### व्यापारियों के साथ हर माह मंत्रालय में होगी बैठक : लोढ़ा

'फाम व्यापार मित्र (राज्य)' से सम्मानित महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि व्यापारी बंधुओं ने मुझे जब भी याद किया मैं उपस्थित रहा हूं और आगे भी उपस्थित रहूंगा। व्यापारी बंधु अपनी सोच बदले और यह विश्वास करें कि सरकार उनके साथ है। व्यापारियों के मुद्दों पर चर्चा के लिए मंत्रालय में हर महीने बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसकी शुरुआत 2025 से होगी।

#### व्यापारियों के साथ मोदी सरकार : सुनील सिंह

नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंह ने कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह से व्यापारियों के साथ है। सरकार की इसी भावना का प्रतीक है नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड गठन। इसके चेयरमैन के रूप में आपकी मदद करने मैं हर समय उपलब्ध हूं।

#### नवीन अवसर सृजित करेगा फाम : शाह

फाम के अध्यक्ष श्री जितेंद्र शाह ने फाम के नए विजन को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि फाम पिछले पाँच दशकों से व्यापारिक समस्याओं को हल करने में सहायक रहा है, लेकिन अब समय आ गया है कि हम केवल समस्याओं को हल करने तक सीमित न रहें, बल्कि महाराष्ट्र के व्यापार और उद्योग के लिए नए व्यावसायिक अवसर भी सृजित करें।

### इनका भी हुआ सम्मान

इस अवसर पर मेटल एंड स्टेनलेस स्टील मर्चेंट एसोसिएशन को सर्वश्रेष्ठ सहायक एसोसिएशन - मुंबई, ग्रेन, राईस एंड ऑयल सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन - वाशी को सर्वोत्तम सहायक संस्था - मोफुसिल, द एसोसिएटेड ऑटो पार्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को ऑटोमोबाइल, बी. एफ. वाडिया एंड संस को भवन एवं निर्माण सामग्री, दोशी ब्रदर्स - दोशी मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड की इकाई को ड्रग्स और फार्मा, आर आर इनोवेटिव प्राइवेट लिमिटेड को डाई एंड केमिकल, वाशी इंटीग्रेटेड सॉल्यूशंस लिमिटेड को विद्युत एवं विद्युत उपकरण, एमजीजी फूड्स को खाद्य एवं कृषि उत्पाद मुंबई, शिव शैलैक एंड केमिकल को खाद्य और कृषि उत्पाद मोफुसिल, लक्ष्मी डायमंड प्राइवेट लिमिटेड को रत्न और आभूषण, विनोद कुकवेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रसोई के बर्तन/घर के बर्तन, इनलैंड वर्ल्ड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड को रसद और परिवहन, एसकेएम स्टील्स लिमिटेड को मेटल फेस, कलापूर्णा स्टील एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को मेटल नान फेरस, लखमीचंद कूवरजी एंड कंपनी को अन्य, एसवीजी मेटल प्राइवेट लिमिटेड (नाकोडा ग्रुप) को एमएसएमई से सम्मानित किया गया।




जयकृष्ण डी. पाठक, निशित टेक्सस्पन- कपड़ा